e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 142

# प्रभात मंत्र

शुक्रवार
26.05.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**

मनुष्य को हमेशा यह नही सोचना चाहिए की वो अपने जीवन में कितना खुश है,बल्कि यह सोचना चाहिये की उस मनुष्य की वजह से दूसरे कितने खुश हैं।

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 40⁰ |
| न्यूनतम | 24⁰ |

## खूंटी में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित समानों का किया अवलोकन

# देश के विकास में महिलाओं का अमूल्य योगदान : राष्ट्रपति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि झारखंड की परिश्रमी महिलाएं देश के विकास में योगदान देने में सक्षम हैं। उन्होंने झारखंड दौरे के दूसरे दिन गुरुवार को खूंटी के बिरसा मुंडा कॉलेज में महिला स्वयं सहायता समूह सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि उन्हें आदिवासी महिला होने पर गर्व है। देश में अपने क्षेत्रों में बेटियों और महिलाओं ने अमूल्य योगदान दिया है। महिलाएं नेतृत्व कर रही हैं। लोकतंत्र की शक्ति के कारण आज वे राष्ट्रपति के रूप में लोगों के बीच मौजूद हैं।राष्ट्रपति ने कहा कि मैं ओडिशा की हूं लेकिन मेरे शरीर में झारखंड का खून बह रहा है। उन्होंने देश की आजादी में बड़ा योगदान देने वाले भगवान बिरसा मुंडा और फूलो-झानो को याद किया। राष्ट्रपति ने स्वयं सहायता समूहों को मिलने वाली सुविधाओं की बात की। साथ ही कहा कि महिला समूह के उत्पादों को मैंने देखा। उनके चेहरे की मुस्कान देखी। उन्होंने कहा कि झारखंड से मेरा बहुत लगाव है। मेरा सौभाग्य है कि मैं झारखंड की राज्यपाल रही और आज मैं यहां मेहमान बनकर आयी हूं। राष्ट्पति ने आदिवासी संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि झारखंड का जितना विकास होना चाहिए उतना नहीं हुआ है। यह देखकर दुख होता है। 22 वर्ष हो गए राज्य अलग बने हुए,अधिकांश आदिवासी ही मुख्यमंत्री रहे। इसके बावजूद यह स्थिति है। राष्ट्पति ने कहा कि यह सम्मेलन जनजातीय महिलाओं के लिए मील का पत्थर साबित होगा। यह कार्यक्रम राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में जनजातीय समुदाय की महिलाओं के योगदान आनेवाले पीढ़ी को प्रेरित करेगा। आनेवाले दिनों में महिला समूहों के उत्पाद को बाजार मिलेगा। उन्होंने संबोधन के दौरान निक्की प्रधान, सलीमा टेटे, दीपिका कुमारी के नाम का भी उल्लेख किया। इससे पूर्व उन्होंने महिलाओं द्वारा तैयार सामग्रियों का अवलोकन किया और एक-एक स्टॉल पर जाकर हर उत्पाद की जानकारी ली। महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि राष्टपति द्रौपदी मुर्मू ने महिलाओं से संवाद स्थापित करने का काम किया है। वे लोगों के लिए प्रेरणास्रोत रही हैं। महिलाओं के लिए बेहतर काम किया है। कहा कि झारखंड में जनजाति बहनें भी महिला स्वयं सहायता समूह में सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं और स्वावलंबी बनने की दिशा में प्रयास कर रही हैं।

इस समूह से जुड़ने के उपरांत उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति में परिवर्तन देखा जा रहा है। मुझे यह कहते हुए बहुत ही हर्ष व गर्व हो रहा है कि महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित उत्पाद गुणवत्तापूर्ण होते हैं।इधर भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान ट्रिपल आईटी रांची के द्वितीय दीक्षांत समारोह में राष्टपति द्रौपदी मुर्मू बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुई। उन्होंने यहां आयोजित समारोह में छात्र-छात्राओं के बीच मेडल एवं उपाधि प्रमाण पत्र का वितरण किया। उक्त दोनों अवसरों पर कई गणयमान्य लोग उपस्थित रहे।

### ट्रिपल आईटी रांची के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति ने छात्र-छात्राओं के बीच किया मेडल का वितरण



### आदिवासी समाज कैसे समृद्ध हो, इस पर मंथन करने की जरूरत हेमंत

मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासियों के लिए केंद्र और राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है, लेकिन उसका जो प्रभाव परिलक्षित होना चाहिए, वह नहीं दिख रहा है। आज भी वे अपने पैरों पर खड़ा होने और आय स्रोत बढ़ाने के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। ऐसे में आदिवासी समाज आर्थिक रूप से कैसे समृद्ध हो, इस पर हम सभी को गंभीरता के साथ मंथन करने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड अलग राज्य गठन के 22 वर्ष हो चुके हैं। लेकिन आदिवासियों के हित में विकास के जो कार्य होने चाहिए,वे नहीं हुए हैं। वे आज भी कई चुनौतियों से संघर्ष कर रहे हैं । विस्थापन का दंश झेलने के साथ पलायन करने को मजबूर हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल जंगल जमीन झारखंड की पहचान है। हमारे यहां तमाम खनिज संसाधन प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। इन्हीं खनिज संसाधनों की बदौलत आज पूरा देश रोशन हो रहा है ।लेकिन, झारखंड की गिनती पिछड़े राज्यों में होती है।।आखिर ऐसा क्यों ? यह हम सभी को सोचने -समझने की जरूरत है।

### गांव को रोजगार का केंद्र बनाएं महिलाएं : अर्जुन मुंडा

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की धरती पर राष्ट्रपति को पाकर हम सभी अत्यंत आह्लादित हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं सशक्त हों, यह मोदी सरकार की मंशा है। बेटी पढ़ाओ-बेटी बढ़ाओ के मूल मंत्र के साथ काम हो रहा है। मुंडा ने अपील किया कि महिलाएं गांवों को रोजगार का केंद्र बनायें। उन्होंने कहा कि सुदूर गांवों में रहने वाली महिलाओं को रोजगारोन्मुखी कार्यक्रमों से जोड़ने का काम चल रहा है। स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और जीवनयापन में कैसे वृद्धि हो यह मंत्रालय कर रहा है। हम इस अभियान को आंदोलन का रूप देंगे। भगवान बिरसा मुंडा आंदोलन के समय अंग्रेजों ने यहां के लोगों के हिसाब से कानून बनाने के लिए बाध्य किया, उन्हीं के आंदोलन के फलस्वरूप सीएनटी एक्ट बना। अर्जुन मुंडा ने कहा कि खूंटी के 254 गांव को आदर्श ग्राम बनाने का निर्णय लिया गया है। केंद्र सरकार ने समस्त गांवों को वन क्षेत्र के प्रबंधन और संरक्षण की जिम्मेवारी दी है। इसी में फॉरेस्ट राइट एक्ट भी है और इसे पुनः संरक्षित करने का काम भारत सरकार कर रही है। हाई कोर्ट ने भी कहा था कि जंगल के प्रबंधन का अधिकार वहां रहने वाले लोगों का है और भारत सरकार इसपर काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि रोजगार के साथ सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने की जरूरत है। राष्ट्रपति को महिलाओं ने वनोपज दिया। यह इसलिए भी है कि इन आदिवासी महिलाओं के बच्चे को भी न्याय मिले। ट्रिपल आईटी में उनके भी बच्चे पढ़ें। नई शिक्षा नीति में क्षेत्रीय भाषाओं को प्राथमिकता दी गयी है। 71 एकलव्य मॉडल स्कूल दिया गया। यह जल्द से जल्द शुरू हो, यह राज्य सरकार तय करे। हमारी पहचान जल, जंगल और जमीन है। बिरसा मुंडा का बलिदान भी जल, जंगल, जमीन के लिए हुआ।

## क्विक न्यूज

### दिनेश गोप द्वारा छिपा कर रखे गए गोली और हथियार बरामद

**रांची :** पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप द्वारा छिपा कर रखे गए भारी मात्रा में गोली और हथियार बरामद हुआ है. एसपी अमन कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए तोरपा थाना क्षेत्र के कोटेगार और गोहारोम में छिपा कर रखे गए 4720 राउंड जिंदा गोली, 35 पीस डेटोनेटर, छह पिस्टल का मैगजीन समेत कई अन्य सामान बरामद किया है. इस दौरान पुलिस टीम ने दो सक्रिय पीएलएफआई उग्रवादी को भी गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार उग्रवादियों में ललित शर्मा और शिवनारायण सिंह शामिल है. खूंटी एसपी अमन कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि दो सक्रिय उग्रवादी सुप्रीमो दिनेश गोप द्वारा छिपाये कारतूस, विस्फोटक समेत अन्य सामानों को दूसरे जगह पर छिपाने जा रहा है. जिसके बाद टीम ने कार्रवाई करते हुए उस जगह पर छापेमारी कर दोनों को रंगेहाथ पकड़ा और उनकी निशानदेही पर गोली और विस्फोटक को बरामद किया है.

### बारूदी सुरंग में विस्फोट, केंदू पत्ता तोड़ने गए व्यक्ति की हुई मौत

**पश्चिमी सिंहभूम :** टोंटो थाना क्षेत्र के लुईया जंगल में केंदू पत्ता तोड़ने गये एक अधेड़ (50) की नक्सलियों के लगाये बारूदी सुरंग की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना बुधवार रात की है। स्थानीय लोगों ने बताया कि लुईया निवासी काण्डे लागुरी पास के जंगल में पत्ता तोड़ने गया था। उस दौरान लागुरी पुलिस को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से नक्सलियों के बिछाए बारूदी सुरंग की चपेट में आ गया। तत्काल जोरदार धमाका हुआ और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी गुरुवार सुबह पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस पूरी तैयारी के साथ लुईया जंगल गयी है और आगे की जांच कर रही है।


### दो ट्रकों के टकराने से चार लोगों की मौत

**मुंबई :** महाराष्ट्र में एक भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की मौत की खबर है। दरअसल भेड़ों को ले जा रहा एक ट्रक, महाराष्ट्र के हिंगोली जिले में दूसरे ट्रक से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों ट्रकों में सवार चार लोग और 150 भेड़ें इस हादसे में मारी गईं। हादसे के चलते नांदेड़-कलामनुरी मार्ग पर कुछ देर तक ट्रैफिक भी बंद रहा। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से रास्ता साफ कराया, जिसके बाद फिर से सड़क यातायात बहाल हो सका। घटना हिंगोली जिले में नांदेड़-कलामनुरी रोड की है। जहां गुरुवार की सुबह भेड़ों को भरकर ले जा रहा ट्रक, सामने से आ रहे टाइल्स से भरे ट्रक से टकरा गया। कलामनुरी पुलिस के इंस्पेक्टर बैजनाथ मुंडे ने यह जानकारी दी। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। जिन चार लोगों की मौत हुई, वह भेड़ों को ले जा रहे ट्रक में सवार थे। वहीं एक व्यक्ति इस हादसे में घायल हुआ है। जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसे के चलते कुछ देर तक सड़क पर वाहनों की आवाजाही रोकनी पड़ी। हालांकि पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से कुछ घंटे की मशक्कत के बाद रास्ता साफ करा दिया और यातायात को सुचारू किया।

### कूनो नेशनल पार्क में दो शावकों की मौत

**भोपाल :** मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में साउथ अफ्रीका से लाई गई मादा चीता ज्वाला के दो शावकों की गुरूवार को मौत हो गई है. ज्वाला के एक शावक की 23 मई को मौत हो गई थी. मादा चीता ने करीब दो महीने पहले चार बच्चों को जन्म दिया था. यानि ज्वाला के चार बच्चों में से अब तक तीन बच्चों की मौत हो चुकी है. इससे पहले भी कूनो नेशनल में साउथ अफ्रीका से लाए गए तीन बड़े चीतों की मौत हो चुकी थी. ऐसे में कुल छह चीतों की अब तक मौत हो चुकी है.शावकों की मौत पर साउथ अफ्रीका वाइल्डलाइफ स्पेशलिस्ट विंसेट वान डेर मर्व ने चिंता वयक्त की और कहा कि भारत को चीतों के दो से तीन निवास स्थलों पर बाड़ लगानी चाहिए।

# प्रवीण सूद ने संभाला सीबीआई निदेशक का पदभार



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** प्रवीण सूद ने संभाला सीबीआई निदेशक का पदभार

नई दिल्ली : 1986 बैच के आईपीएस अधिकारी प्रवीण दूध ने गुरुवार को सीबीआई के निदेशक का पदभार संभाला। सीबीआई से जुड़ने के पूर्व वे कर्नाटक के पुलिस महानिदेशक के तौर पर कार्यरत थे। अपने 37 वर्षों के लंबे कार्यकाल के दौरान श्री सूद विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। इनमें बेल्लारी व रायचूर के पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (यातायात) बेंगलुरु शहर, पुलिस आयुक्त, मैसूर शहर एवं बेंगलुरु शहर, एडीजीपी; प्रधान सचिव (गृह), डीजीपी (आंतरिक सुरक्षा) तथा डीजीपी (सीआईडी) शामिल है। उन्होंने मॉरीशस सरकार के सलाहकार के रूप में काम किया। उन्होंने हाई नेट-वर्थ व्यक्तियों से जुड़े हाई प्रोफाइल मामलों एवं अंतर-राज्यीय व अंतर्राष्ट्रीय प्रभाव वाले मामलों की जांच की और साइबर अपराध, सूचना प्रौद्योगिकी आदि सहित अपराध की जांच और फोज की भी निगरानी की है। विशेष रूप से, उन्होंने सीसीटीएनएस और न्यायपालिका के साथ आईसीजेएस नेटवर्क को कर्नाटक राज्य में मजबूत करने के लिए काम किया। प्रवीण सूद आईआईटी, दिल्ली से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक (बी.टेक); आईआईएम , बेंगलुरु एवं मैक्सवेल स्कूल ऑफ गवर्नेंस, सिरैक्यूज़ यूनिवर्सिटी, न्यूयॉर्क से पब्लिक पॉलिसी एंड मैनेजमेंट में पोस्ट ग्रेजुएट हैं। प्रवीण सूद को वर्ष 2011 में विशिष्ट सेवा के लिए राष्टपति के पुलिस पदक एवं वर्ष 2002 में सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।पदभार ग्रहण करने के पश्चात प्रवीण सूद ने सीबीआई के अधिकारियों से बातचीत की।

# पूर्वोत्तर में भाजपा सरकार की नीतियों के कारण युवा विकास की मुख्यधारा में लौट रहे हैं : प्रधानमंत्री मोदी

**एजेंसी**


**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि पूर्वोत्तर के युवा भारतीय जनता पार्टी सरकार की नीतियों के कारण बड़ी संख्या में विकास की मुख्यधारा में लौट रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार में असम आज शांति और विकास के नए युग का साक्षी बन रहा है। प्रधानमंत्री मोदी वीडियो संदेश के माध्यम से असम रोजगार मेला को संबोधित करते हुए अपनी बात रख रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा, ÷वर्तमान भाजपा सरकार की नीतियों के कारण आज पूर्वोत्तर में बड़ी संख्या में युवा विकास की मुख्यधारा में लौट रहे हैं। भाजपा की सरकार युवाओं के सपनों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर देकर हम नए भारत के निर्माण की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहे हैं।÷ प्रधानमंत्री ने असम सरकार में नौकरियों के लिए भर्ती हुए युवाओं और उनके परिवारों को बधाई दी। उन्होंने पिछले महीने बिहू के अवसर पर राज्य की अपनी यात्रा को याद किया और कहा कि असमिया संस्कृति के महिमामंडन के प्रतीक भव्य आयोजन की स्मृति अभी भी उनके दिमाग में ताजा है। उन्होंने कहा कि आज का रोजगार मेला असम में युवाओं के भविष्य के प्रति गंभीरता को दर्शाता है। इससे पहले भी असम में रोजगार मेले के जरिए 40 हजार से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरी दी जा चुकी है। आज लगभग 45 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे गये हैं और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानमंत्री ने कहा, ÷असम शांति और विकास का एक नया युग देख रहा है और विकास की इस गति ने असम में सकारात्मकता और प्रेरणा का प्रसार किया है।÷ उन्होंने कहा कि असम सरकार ने सरकारी भर्तियों को और ज्यादा पारदर्शी बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं। विभिन्न विभागों में भर्ती प्रक्रिया को पूरा करने के लिए 'असम सीधी भर्ती आयोग' (असम डायरेक्ट रिक्रूटमेंट कमीशन) बनाया गया है। आगे उन्होंने कहा कि पहले की प्रक्रिया के कारण कई भर्तियां समय पर पूरी नहीं हो पाती थीं, जहां हर विभाग के अलग-अलग नियम होते थे और उम्मीदवारों को अलग-अलग विभागों के लिए अलग-अलग परीक्षाओं में शामिल होना पड़ता था। इन सभी प्रक्रियाओं को अब बहुत आसान बना दिया गया है। आजादी के अमृत काल की चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हम सभी ने अपने देश को एक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। अमृतकाल के ये अगले 25 वर्ष आपके सेवा काल के भी उतने ही अहम हैं। हर सामान्य नागरिक के लिए अब आप ही असम सरकार का चेहरा होंगे। आज हमारा समाज तेजी से आकांक्षी (एस्पिरेशनल) होता जा रहा है और कोई भी नागरिक मूलभूत सुविधाओं के लिए इंतजार नहीं करना चाहता। मोदी ने कहा कि ट्वेंटी-20 क्रिकेट के युग में देश के लोग त्वरित परिणाम चाहते हैं और इसलिए सरकारी व्यवस्थाओं को भी उसी हिसाब से खुद को बदलना होगा। इस दौरान प्रधानमंत्री ने देश के नागरिकों की आकांक्षाओं को पूरा करने में सरकारी कर्मचारियों की जिम्मेदारियों को रेखांकित किया। साथ ही नियुक्त किए गए लोगों से उसी समर्पण के साथ आगे बढ़ने का आग्रह किया।



# नए संसद भवन के उद्घाटन का मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** नए संसद भवन के उद्घाटन का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है. सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल कर लोकसभा सचिवालय और भारत सरकार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा संसद का उद्घाटन करने के निर्देश देने की मांग की गई है. ये याचिका वकील सीआर जया सुकिन ने दाखिल की है. याचिका में कहा गया है कि उद्घाटन समारोह से राष्ट्रपति को बाहर कर भारत सरकार ने भारतीय संविधान का उल्लंघन किया है. याचिका में कहा गया है कि संविधान का आर्टिकल 79 कहता है कि पार्लियामेंट का मतलब राष्ट्रपति और दो सदनों से होता है। राष्ट्रपति देश के पहले नागरिक होते हैं। उनके ही बुलावे पर संसद के दोनों सदन काम करना शुरू करते हैं। यहां तक कि प्रधानमंत्री और सरकार के तमाम मंत्रियों को नियुक्त करने का भी राष्ट्रपति का ही दायित्व है। सरकार अपना सारा काम राष्ट्रपति के नाम पर ही करती है। कोई भी बिल जो कि संसद से पारित होता है वाह राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बिना कानून की शक्ल नहीं ले सकता है। कुल मिलाकर सरकार राष्ट्रपति के नाम पर ही चलती है। उनका कहना है कि उद्घाटन समारोह में राष्ट्रपति को न बुलाना एक तरह से उनका अपमान है। यह भारत के संविधान की भी सीधे तौर पर अवज्ञा है। याचिका में कहा गया है कि संसद भारत का सर्वोच्च विधायी निकाय है. भारतीय संसद में राष्ट्रपति और दो सदन राज्यसभा और लोक राज्य सभा शामिल हैं. राष्ट्रपति के पास किसी भी सदन को बुलाने और संसद या लोकसभा को भंग करने की शक्ति है. याचिका में आगे कहा गया है कि राष्ट्रपति संसद का एक अभिन्न अंग है. ऐसे में राष्ट्रपति को शिलान्यास समारोह से क्यों दूर रखा गया ? यह फैसला कदाचार है और राष्ट्र के लोगों को वंचित करता है. नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह का बहिष्कार कर रहे विपक्षी दलों का भी कुछ यही कहना है. विपक्षी दलों का तर्क है कि नए संसद भवन के उद्घाटन का सम्मान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को मिलना चाहिए क्योंकि राष्ट्रपति न केवल राष्ट्राध्यक्ष होते हैं, बल्कि वह संसद का अभिन्न अंग भी हैं क्योंकि वही संसद सत्र आहूत करते हैं, उसका अवसान करते हैं और साल के पहले सत्र के दौरान दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित भी करते हैं.



## संसद के नए भवन के उद्घाटन समारोह में राष्ट्रपति को आमंत्रित नहीं करना अपमानजनक : सुप्रियो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि 28 मई को संसद के नए भवन का उद्घाटन होना है। इस देश में राष्ट्रपति हैं लेकिन उद्घाटन में वह आमंत्रित नहीं है। यह अपमानजनक है। क्योंकि, राष्ट्रपति अपने आप में एक संस्थान है। संसद का अंग है लेकिन उनको वहां जाने की अनुमति नहीं है। वहां प्रधानमंत्री जायेंगे, जो एक संसदीय क्षेत्र के प्रतिनिधि और संसदीय दल के नेता हैं। भट्टाचार्य गुरुवार को पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि संविधान में राष्ट्रपति की गरिमा है। भाजपा के हृदय में ना उनके प्रति आदर है ना ही सम्मान। सिर्फ आदिवासी गौरव दिवस से नहीं होता है। जहां गौरव है वहां से वंचित क्यों किया जाता है। यह कौन सी नयी परंपरा शुरू हो रही है। क्या भाजपा बता पायेगी। क्या यह शोभनीय और संवैधानिक है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार अपने झूठ की तारीफ राष्ट्रपति से संसद में कराते हैं और प्रत्यक्ष तौर पर उनको अपमानित करते हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोग हैं, जिनको लोकतंत्र में आस्था है। हमलोगों ने उस कार्यक्रम का बहिष्कार किया है, जिस संसद में राष्ट्रपति का अभिनंदन नहीं होगा उस कार्यक्रम से खुद को दूर रखेंगे। इसे लेकर सर्वोच्च न्यायालय में भी प्रार्थना की गयी है।



# वीरा यादव के घर में लगी आग 19 बकरी जल कर खाक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौडीहा बाजार (पलामू) :** नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के नावाटांड़ पंचायत के मंजुराही गाँव मे वीरा यादव के घर मे अचानक आग गई, जिसमें 19 बकरी आग में खाक हो गए और घर मे खाने पीने के लिए रखे अनाज गेहूं, अरहर ,दाल और चावल, मसूरी सहित अन्य सामग्री जलकर राख हो गया। भुक्तभोगी वीरा यादव ने बताया कि मंजुराही मे भडार था, आस पास मे 200 किमी की दुरी और घर था मुझे दूरभाष के माध्यम से बताया गया कि आपके घर मे आग लग गया है आनन फानन मे मैं वहाँ पहुँचा तो देखा कि घर जल रही है तत्काल डीजल पंप लगाकर आग को बुझाने की काफी प्रयास किया गया तब तक घर मे रखी सारा सामान जल कर खाक हो गया ,और उसी मकान मे दो बैल भी बंधा हुआ था आग लगने के पश्चात् एक बैल ने रस्सी तोड़कर भाग गया और दूसरी बैल बुरी तरह आग मे झुलस गई। मेरे घर शादी विवाह के तैयारी चल रहा थी ,इसलिए वहाँ पर कोई परिवार हमलोग नहीं थे। भुक्तभोगी वीरा यादव ने थाना मे लिखित आवेदन देकर अज्ञात लोगों के खिलाफ संहा दर्ज कराया ।घटना की जानकारी मिलने के बाद नौडीहा बाज़ार थाना के पुलिस अवर निरीक्षक शंकर टोप्पो ने अपने दल बल के साथ पहुँच कर जायजा लिया इसके अलावा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि आलोक यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि ने पीड़ित परिवार को ढांढस देते हुए हर संभव मदद करने कि बात कहा। पीड़ित परिवार मे आज मण्डप का कार्यक्रम था।

# जपला-नबीनगर व रानीदेवा सड़क निर्माण कार्य की निविदा निकली

➲मेरी कथनी और करनी में अंतर नही, जो कहता हूं वह करता हूं : कमलेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद,पलामू :** हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि वह जो कहते हैं उसे करने की भी क्षमता रखते हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने चुनाव में जनता से जो वायदे किए थे, उसे लगभग पूरा कर चुके हैं। जो कार्य बचे हैं,उसे भी जल्द पूरा कराने के लिए प्रयत्नशील हैं। विधायक श्री सिंह ने कहा कि जपला नबीनगर रोड 15 किलो मीटर व कोयल सोन के तटवर्ती क्षेत्र के लोगों को सड़क की समस्या से जल्द निजात मिल जायेगी। उन्होंने बताया कि जपला नबीनगर रोड 15 किलो मीटर व हैदरनगर -मोहम्मदगंज मुख्य पथ के भजनिया से कोल्हुआ बरडीहा पंसा अधौरा रानीदेवा तक 17.4 किलो मीटर सड़क निर्माण कार्य की निविदा प्रकाशित कर दी गई है। श्री सिंह ने कहा कि उन्होंने पिछले कार्यकाल में जिन सड़को का निर्माण कराया था, उसकी मरम्मत तक किसी जनप्रतिनिधि ने कराने की जहमत नहीं उठाई। जबकि सभी ग्रामीण सड़कों का एक एक कर निर्माण कार्य कराने का काम किया है। एक वर्ष के दौरान बचे हुए कार्य भी किए जायेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या को लेकर हुसैनाबाद हरिहरगंज क्षेत्र के कोई नागरिक उनसे सीधा मिल सकते हैं। उनकी समस्या को समाधान करने का हर संभव प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि एनसीपी जात पात नहीं, जमात की राजनीति करने में विश्वाश रखती है। सभी को सम्मान और सभी का काम करने का उन्होंने संकल्प लिया है। उसे अंतिम सांस तक निभाने का काम करेंगे।

# शीघ्र ही बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो होगा जोरदार आंदोलन : राजीव



**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के हरिहरगंज क्षेत्र में बिजली की लचर व्यवस्था में सुधार को लेकर भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने गुरूवार को छतरपुर में विद्युत कार्यपालक अभियंता से मिलकर बिजली व्यवस्था में तत्काल सुधार करते हुए 24 घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। राजीव रंजन ने बताया कि विभागीय कार्यपालक अभियंता रामगोपाल राम से मिलकर उन्होंने क्षेत्र में हो रही बिजली कटौती की समस्या को दूर कर अतिशीघ्र बिजली व्यवस्था सुदृढ़ करने पर जोर दिया। इस बावत कार्यपालक अभियंता के द्वारा शीघ्र ही बिजली की लचर व्यवस्था में सुधार करने तथा निर्बाध तरीके से बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने का भरोसा दिया गया। उन्होंने कहा कि अगर बिजली व्यवस्था में शीघ्र सुधार नहीं हुआ तो उपभोक्ताओं के साथ इसे लेकर जोरदार आंदोलन किया जाएगा। मौके पर टंटू मिश्रा ,शंभू यादव,विनोद पासवान आदि मौजूद थे।

# ओढनार निवासी नारायण तिवारी ने यूपीएससी की परीक्षा में सफल होकर पलामू का नाम किया रोशन





**चैनपुर,पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** देश की सबसे बड़ी परीक्षा यूपीएससी 2023 का परिणाम घोषित हो गया है। जिसमे चैनपुर क्षेत्र के अंतर्गत ओढ़नार निवासी श्री विधा तिवारी जी के पुत्र नारायण तिवारी ने वह कर दिखाया है जो कोई सोच भी नहीं सकता हैं। ओढनार के नारायण तिवारी ने यूपीएससी की परीक्षा पास कर अपने परिवार और शहर का नाम रौशन किया है। उनके परिजनों में इस समय काफी खुश है। नारायण तिवारी को बधाई देने वालो का तांता लगा हुआ है। यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा का परिणाम घोषित होने के बाद कई लोगों के चेहरे खिले हैं तो कई लोगों को मायूसी हाथ लगी है। वही जिन लोगों ने देश की सबसे बड़ी परीक्षा में स्थान प्राप्त किया है उनमें कई ऐसे अभ्यर्थी भी है। जिन्हे देखकर लोग अचानक ही अपने दांतो तले उंगली दबा लेते हैं। यूपीएससी 2023 के परीक्षा परिणाम में ओढनार के रहने वाले नारायण तिवारी को 926 वी रैंक प्राप्त हुई है। भले ही रैंक का दायरा काफी ज्यादा हो लेकिन नारायण तिवारी के बारे में जब लोगों को पता चलता है तो वह लोग नारायण तिवारी कि इस रैंक को टॉप 10 में शामिल होने वाले अभ्यार्थियों से जोड़कर देखते हैं। पलामू जिले के चैनपुर अंतर्गत ओढनार के रहने वाले नारायण तिवारी एक माध्यम परिवार से संबंध रखते हैं। उनके पिता जी शिक्षित व्यक्ति थे और साधारण जीवन जीते है पिता ने काफी मेहनत से नारायण तिवारी को इस परीक्षा के लिए तैयार किया। नारायण तिवारी बहुत मेहनत करते हुए अपनी मंजिल की ओर बढ़ना शुरू कर दिया और आज उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। नारायण तिवारी की सफलता से जहां एक तरफ उनका परिवार और रिश्तेदार काफी खुश है। वही गांव के लोग भी सूरज की सफलता का लोहा मान रहे हैं। नारायण तिवारी के पिता जब लोगों से बात करते हैं तो उनका कहना है कि मुझे तो विश्वास ही नहीं हो रहा है कि मेरे बेटे ने आज हमारे परिवार और जिले और गांव शहर का नाम रोशन कर दिया है।

# 10 वीं बोर्ड की परीक्षा में रमना के छात्र छात्राओं का रहा शानदार प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रमना :** प्रखंड मुख्यालय स्थित जमा दो उच्च विद्यालय एवं बालिका उच्च विद्यालय के छात्र छात्राओं ने झारखंड अधिविद परिषद 10 वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। जमा दो उच्च विद्यालय छात्र रवि किशन 94.40 प्रतिशत लाकर विद्यालय टॉपर बनने के साथ साथ जिला टॉप टेन में भी शामिल है। इसी प्रकार गोविंद विश्वकर्मा 92.40 प्रतिशत लाकर दूसरा, नितेश कुमार 89.60 प्रतिशत लाकर तीसरा, मानस कुमार पांडेय 86.80 प्रतिशत लाकर चौथा , आकाश कुमार यादव 85.80 प्रतिशत लाकर पांचवां, अभिषेक कुमार 85.00 प्रतिशत लाकर छठा, विकास कुमार 81.20 प्रतिशत लाकर सातवां, रणजीत कुमार 80.80 प्रतिशत लाकर आठवां, अनुराग कुशवाहा 79.80 प्रतिशत लाकर नवां जबकि उत्तम कुमार 78.60 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में दसवां स्थान प्राप्त किया है। बालिका उच्च विद्यालय में कशिश कुमारी 89.40 प्रतिशत लाकर विद्यालय टॉपर बनीं हैं। दूसरा निकिता कुमारी 89.20 प्रतिशत, तीसरा काजल गुप्ता 89.00 प्रतिशत, चौथा शानु कुमारी 88.80 प्रतिशत, पांचवां स्वाति कुमारी 88.40 प्रतिशत, छठा अनामिका कुमारी 85.80 प्रतिशत, सातवां रानी कुमारी 84.40 प्रतिशत, आठवां श्रेया शुक्ला 84.00 प्रतिशत, नवां खुशी कुमारी 82.20 प्रतिशत तथा पायल कुमारी 82.20 प्रतिशत लाकर विद्यालय में दसवां स्थान प्राप्त की है।विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों ने सभी छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।

# एनसीपी संगठन की मजबूती के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का लिया संकल्प



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** मेन रोड कुरहत कटैया गांव स्थित मां शांति रेस्टोरेंट में गुरूवार को एनसीपी संगठन की मजबूती को लेकर कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह तथा संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता ने किया। बैठक में प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से शामिल पंचायत अध्यक्ष,सचिव सहित कार्यकर्ताओं से संगठन की मजबूती के लिए विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान सड़क, सिंचाई ,पेयजल सहित क्षेत्र की मुख्य समस्यायों को भी रखा गया। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता, विधायक प्रतिनिधि सरोज प्रसाद कुशवाहा ,जिला सचिव अजय कुमार सिंह तथा प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह ने सभी पंचायत कमेटी के कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक पार्टी की मजबूती के लिए पूर्ण निष्ठा से कार्य करने का संदेश दिया। कहा कि विधायक श्री सिंह क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं । शहर से लेकर सुदूर गांवों तक सभी मुख्य समस्याओं का समाधान होगा। बैठक के बाद संगठन की मजबूती को लेकर कार्यकर्ताओं ने सामूहिक संकल्प लिया। मौके पर पूर्व मुखिया युगेश सिंह , सन्तोष कुमार शर्मा, अभिनंदन पासवान, मनीष कुमार सिंह, रामवृक्ष मस्ताना, अरविंद शर्मा, अनिल सिंह, रंजीत सिंह, गोपाल सिंह, एजाज अंसारी, मिथलेश भुईयां, प्रदुमन भुईयां, रामलखन सिंह, अजय कुमार, अनिल कुमार सिंह , रविन्द्र मेहता, धर्मेंद्र कुमार मेहता, गोलू कुमार सिंह, शिवशंकर रजक, पूजा देवी, अक्षय कुमार सिंह, मनोज भुईयां, भोला सिंह, कलीम शाह,रविन्द्र बैठा, मुरारी यादव, बबलू शर्मा, विकास सिंह आदि मौजूद थे।

# पेयजल संकट की समस्या पर सांसद प्रतिनिधि ने कार्यपालक पदाधिकारी को सौंपा मांग पत्र



**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के सांसद प्रतिनिधि चन्दन जायसवाल ने बुधवार को गढ़वा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को माँग पत्र के माध्यम से गढ़वा शहर के ज्वलंत मुद्दा पीने के पानी समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। गढ़वा नगर परिषद अन्तर्गत भीषण गर्मी एवं पेयजल संकट को ध्यान में रखते हुए अतिशीघ्र उन सभी वार्डों में जहाँ अभी तक शहरी जलापूर्ति योजना का पाइप लाइन का विस्तार नहीं हो पाया है इन सभी वार्डो में पाइप लाइन विस्तार करवाने का आग्रह किया जिससे नगर परिषद गढ़वा के अंतर्गत पेयजल संकट का सामना कर रहा है जनसामान्य हर एक घर को शुद्ध पेयजल प्राप्त हो सके।

# पीएम आवास पूर्ण नही करने वाले लाभुक पर सर्टिफिकेट केस करने का दिया आदेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पंडवा (पलामू) :** बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने पंडवा में पीएम आवास के 71 लाभुको पर सर्टिफिकेट केस दर्ज करने को लेकर पंचायत सेवक को दिया आदेश। पलामू जिले अंतर्गत पंडवा बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने प्रखंड कार्यालय पंडवा में बैठक कर पंडवा में 71 पीएम आवास योजना के लाभुको पर सर्टिफिकेट केस दर्ज करने का आदेश पंचायत सेवक को दिए। पंडवा बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने बताया की प्रखंड पंडवा में 71 ऐसे लाभुको का चयन किया गया है जो पहली किस्त लेकर कार्य नहीं कर रहे है इनमे से कुछ अस्थाई प्रवास को चले गए है कुछ को बाहर रहना और फिर वापस आना हो रहा है कुछ तो सरकार से पहली किस्त लेकर घर में रहकर काम नही कर पा रहे है। ऐसे सभी लोगो को केस दर्ज करने का आदेश पंचायत सेवक को दिया गया साथ ही उनके ऊपर कानूनी कार्रवाई का आदेश दिया गया इस बैठक में पंचायत सेवक के अलावा स्वयं सेवक उपस्थित थे।

# पशुओं के गोबर से किसानों को होगा फायदा : बीटीएम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** आत्मा पलामू की ओर से गुरुवार को मेदिनीनगर के एग्री क्लिनिक सेंटर में गोवर्धन योजना को लेकर कृषक गोष्ठी का आयोजन सह जागरूकता अभियान चलाया गया। एक दिवसीय इस कार्यक्रम में प्रखंड तकनीकी प्रबंधक सुमित वर्मा ने किसानों को गोबर्धन योजना की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसान पशुपालन करें। पशुओं के गोबर से उन्हें फायदा होगा। उन्होंने गोबर से होने वाले विभिन्न प्रकार के फायदे के बारे में बताते हुए कहा कि इस योजना का उद्देश्य स्थानीय स्तर से लेकर देश स्तर पर गोबर के उपयोग को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में गोबर के खाद की उपयोगिता कम हुई है, जबकि गोबर खाद (जैविक खाद) के उपयोग से खेतों में फसल का उत्पादन अत्यधिक होती है। इस योजना के तहत सरकार किसानों से गोबर खरीदने का काम करेगी और उस गोबर से बायोगैस, बायो सीएनजी बनाते हुए इसे किसानों तक पहुंचायेगी। गोबर से किसानों की आय में बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा कि पशुओं गोबर तथा अन्य अपशिष्ट पदार्थों से जैविक खाद बनाए जाएंगे। इस योजना के तहत स्वच्छ भारत की परिकल्पना भी साकार होगी, क्योंकि पशुओं के गोबर एवं अन्य अपशिष्ट पदार्थ से जैविक खाद एवं बायोगैस या बायो सीएनजी बनाया जाएगा।

# आग लगने से किरवाटोली के सुनेशवर चौधरी का घर जलकर राख



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**डंडई (गढ़वा) :** डंडई प्रखंड के करके पंचायत के किरवा टोला निवासी सुनेश्वर चौधरी के घर में आग लग जाने के कारण घर समेत घर में रखे अनाज सहित सारा संपत्ति जलकर राख हो गया। गांव वालों की मदद से आग पर किसी तरह से काबू पाया गया। संपत्ति को जलकर राख होने में सबसे बड़ा कारण पानी की कमी तथा प्रखंड में दमकल की व्यवस्था नहीं होना है। घर में आग कैसे लगी किसी को अभी तक कोई पता नहीं चला, आग जैसे ही लगी लोग उसे बुझाने का पूरा प्रयास कर रहे थे लेकिन दोपहर का समय होने के कारण आग तत्काल आग का गोला में तब्दील हो गया जिसमें एक नया मोटरसाइकिल, लगभग एक लाख रुपये का जेवर, नब्बे हजार रुपये नगद समेत घर में रखे अनाज तथा कपड़ा सहित सारा संपत्ति जलकर राख हो गया, इस घटना में उक्त पीड़ित परिवार के पास तत्काल खाने तक का राशन भी नहीं बच पाया है। इस परिवार पर दोहरी दुःख का पहाड़ टूट पड़ा क्योंकि मात्र दो दिन पहले ही सुनेश्वर चौधरी के पिता की मृत्यु हुई थी अभी उनका श्राद्ध कार्य भी संपन्न नहीं हुआ था कि लगातार दूसरा घटना घट गया। हल्ला सुनकर गांव के मुखिया प्रतिनिधि ललन चौधरी, उप मुखिया प्रतिनिधि चुनमुन चौधरी, पंचायत समिति सदस्य मनीष चौधरी, सहित गांव के सैकड़ों लोगों ने आग बुझाने में मदद किया।


## न्यायालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, लातेहार

राजसात वाद संख्या–50/2023

नोटिस बनाम्

1. अशोक राम, पे0–चरकु राम, सा0–डहु नवादा, थाना–टण्डवा, जिला–चतरा
2. कोमल भोगता, पे0–नन्दु भोगता,सा0–चिनाटांड़, थाना– मैक्लुस्कीगंज, जिला–रांची।
3. रूपन यादव पे0–स्व0 तुलसी यादव,सा0–पिण्डारकोम, थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार।
4. कामेश्वर महतो पे0–पचल महतो, सा0– माहटीकरा थाना–बड़कागांव, जिला–हजारीबाग। :– विपक्षी

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पुलिस अधीक्षक, लातेहार द्वारा उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, लातेहार के न्यायालय में मोटरसाईकल रजि0 नं0–JH01AU-2579, मोटरसाईकल रजि0 नं0–JH01S-4139, मोटरसाईकल रजि0 नं0–JH01AH-0429 एवं मोटरसाईकल चेसीस नं0–DSVBMD27396 को राजसात हेतु वाद दायर किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 23.05.2023 को की गयी। सुनवाई के क्रम में आपलोग न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए।

अतएव आपलोगों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 23.06.2023 को स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, लातेहार के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करेंगे। अन्यथा एक पक्षीय आदेश पारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से नोटिस निर्गत किया गया।

प्रभारी पदाधिकारी,
जिला विधि शाखा, लातेहार

PR 298256 (District)23-24*D


# खरौंधी प्रखंड में मैट्रिक परीक्षा का रिजल्ट रहा शत प्रतिशत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरौंधी :** झारखंड अधिविध परिषद द्वारा 2022-23 के दसवीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम मंगलवार को घोषित कर दिया गया है। रिजल्ट को लेकर छात्र छात्राओं में काफी उत्साहित दिख रहा है । खरौंधी प्रखंड के उच्च विद्यालय खरौंधी और परियोजना उच्च विद्यालय तोरेलावा का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा जिसमें अधिक छात्र छात्राओं फर्स्ट लाकर स्कूल का नाम रौशन किया। जिसमें दसवीं कक्षा के अमन कुमार पाल 93.20 प्रतिशत ( उच्च विद्यालय खरौंधी) प्रखंड टॉपर रहा, वही दूसरे स्थान पर रोशन यादव 92 प्रतिशत, स्वरांजलि कुमारी 91.4 प्रतिशत, सोनाली जयसवाल 91.2 प्रतिशत, बिल्केश राजा 89 प्रतिशत, शशिकांत 88.60 प्रतिशत परियोजना उच्च विद्यालय* रोहित कुमार रवि 87.80 प्रतिशत लाकर स्कूल टॉपर रहा, विकास कुमार 87.60, मुकेश कुमार 85.80 राहुल कुशवाहा 85.40, गुंजा कुमारी 82.40 प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया है।विद्यालय के प्रधानाचार्य नंदकिशोर पाठक ने बताया की विधालय में इस साल छात्र छात्राओं का रिजल्ट बेहतर रहा। उसके इस सफलता से विद्यालय के सभी शिक्षक व कर्मियों व छात्रों में हर्ष है। उन्होंने भैया बहनों के सफलता पर खुशी का इजहार किया। सफल बच्चों को शुभकामना देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।भैया बहनों के शत-प्रतिशत उपलब्धि एवं बेहतर परिणाम से स्कूल परिवार में खुशी का माहौल रहा। कहा कि प्रित्येक भैया बहन बेहतरीन कलाकार विद्यालय का नाम रोशन किए हैं। यह शिक्षक एवं छात्रों के परिश्रम का फल है। उन्होंने इसके लिए स्कूल के शिक्षकों के साथ-साथ छात्रों को बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य दिनेश ठाकुर परियोजना उच्च विद्यालय तोरलावा) विद्यानंद यादव हीरालाल कुमार, सुदाम कुमार, उदय प्रताप, उमेश कुमार ने विद्यार्थियों, आचार्यो एवं इनके अभिभावकों को बधाई दिया।

# गिट्टी लदे टीपर को लेकर पुलिस व ग्रामीणों के बीच हुआ झड़प

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरौंधी :** थाना क्षेत्र के राजी गांव में यूपी बॉर्डर के पास ग्रामीणों एवं पुलिस में एक अवैध रूप से लदा गिट्टी का टीपर को लेकर झड़प हो गई. समाचार के अनुसार थाना क्षेत्र के खोखा गांव में चेक पोस्ट पर बुधवार की सुबह उत्तर प्रदेश से एक अवैध गिट्टी लदा टीपर झारखंड में प्रवेश हो रहा था। इसी बीच चेक पोस्ट पर मौजूद मजिस्ट्रेट वरुण कुमार एवं पुलिसकर्मियों ने एक टीपर को पकड़ कर जांच किया. जांच में पाया कि टीपर का कोई कागजात मौजूद नहीं है. टीपर में अवैध गिट्टी पार किया जा रहा था. मजिस्ट्रेट ने टीपर को जब्त करते हुए थाना भेजा। इस बीच टीपर पर एक पुलिसकर्मी सवार था।


## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक................/दिनांक.............

–: आम सूचना :–

सभी सर्वसाधारण/एजेंसी/विभाग को सूचित किया जाता है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली से प्राप्त Writ Petition (C) No.-36 of 2009 के द्वारा उपलब्ध कराये गए दिशा–निर्देश जो कि छोटे बच्चों के परित्यक्त बोरवेलों और नलकूपों में गिरने से होने वाली घातक दुर्घटनाओं से संबंधित है।

उक्त के आलोक में दिये गए आवश्यक दिशा–निर्देश/न्यायादेश का अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे जो निम्न है :–

1. जमीन धारक/मालिक बोरवेल/ट्यूबवेल आदि के निर्माण करने से कम से कम 15 दिनों पूर्व लिखित में नगर निगम कार्यालय को सूचित करेंगे।
2. बोरवेल करने वाले एजेंसी/कम्पनी/सरकारी/अर्धसरकारी एवं प्राईवेट को रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण) नगर निगम कार्यालय से कराना अनिवार्य है।
3. बोरवेल/ट्यूबवेल निर्माण कार्य स्थल पर निम्न प्रकार के दिशा–निर्देशों के साथ–साथ साईन बोर्ड लगवाना अनिवार्य होगा :–
   (A) बोरवेल/ट्यूबवेल निर्माण कार्य करने वाले एजेंसी का पूर्ण पता।
   (B) बोरवेल/ट्यूबवेल निर्माण कार्य कराने वाले का पूर्ण पता।
4. बोरवेल/ट्यूबवेल हो रहे स्थल की घेराबन्दी करना अनिवार्य है।
5. पम्प रिपेयरिंग के समय बोरवेल/ट्यूबवेल पूर्ण रूप से ढँका हुआ होना अनिवार्य है।
6. प्रयोग में नहीं आने वाले बोरवेल/ट्यूबवेल को पूर्ण रूप से ढँकवाना/भरवाना अनिवार्य है।
7. बोरवेल/ट्यूबवेल निर्माण कार्य के उपरांत उस स्थल का पूर्ण रूप से पहले की स्थिति में लाना अनिवार्य होगा।
8. वैसा बोरवेल/ट्यूबवेल जो परित्यक्त या उपयोग में नहीं हो उसके लिए नगर निगम कार्यालय से पूर्णतः ढँका हुआ/भरा हुआ स्थल का प्रमाण–पत्र लेना अनिवार्य होगा।

ह0/–
नगर आयुक्त मेदिनीनगर नगर निगम।

PR 298276 District(23-24)D



## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

**सैरात बन्दोबस्ती सूचना 2nd Call**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम मेदिनीनगर क्षेत्रान्तर्गत सरकारी बस स्टैण्ड की बन्दोबस्ती की प्रक्रिया डाक बोली के दिनांक 01.06.2023 से 31.03.2024 तक के लिए खुली निलामी बन्दोबस्ती प्रक्रिया के द्वारा दिनांक 29.05.2023 को 12.30 बजे अपराह्न को होगी। सैरातो की डाक मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय सभा कक्ष में की जाएगी।

| क्र0 | सैरातों का नाम | वर्ष 2023–24 की बन्दोबस्ती राशि (अप्रैल 2023 से मार्च 2024 तक) | जमानत की राशि (सरकारी डाक राशि का 25%) |
|---|---|---|---|
| 1 | सरकारी बस स्टैण्ड | 15,00,000/- | 3,75,000/- |

नोट :– डाक की नियम एवं शर्ते कार्यालय सूचना पट्ट एवं विभागीय www.udhd.Jharkhand.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
नगर आयुक्त
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 298254 District (23-24)_D

## संक्षिप्त खबरें

### 28 मई को होगा नि:शुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन

**रांची।** पिठोरिया गांव स्थित नागपुरी संस्थान (शोध एवं प्रशिक्षण केंद्र) में 28 मई 2023 को अमेरिका के डॉक्टरों द्वारा एक नि:शुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया है। इसमें फ्री कंसल्टेशन, फ्री खून जांच, ब्लड प्रेशर,ईसीजी एवं सभी बीमारियों के लिए नि:शुल्क दवा दी जाएगी। इस कैंप में गैर सरकारी संगठन प्राण बजाना के सुप्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अविनाश गुप्ता, मेडिसिन स्पेशलिस्ट डॉ. गीता गुप्ता, डॉ. शाश्वत केशरी एवम डॉ. श्रेया अपना कंसल्टेशन देंगे। बता दें कि डा शाश्वत पिठोरिया गांव के डॉ. बी. पी. केशरी के पोते हैं और उन का चयन उच्च चिकित्सा शिक्षा के लिए अमेरिका के मेडिकल कॉलेज में हो गया है। सभी लोगों से अनुरोध है कि जो भी लोग हार्ट की बीमारी, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर या अन्य बीमारियों से परेशान हैं, वो इस कैंप में आकर अपना इलाज मुफ्त में करवाएं।संयोजक डॉ. संजय कुमार केशरी पिठोरिया इलाज हेतु नाम पंजीयन कराने के लिए संपर्क करें सुजीत केशरी मो.न. 9110914079 है।

### इंडियन कनफेडरेशन ऑफ़ लेबर आईसीएल का बैठक 28 मई को

**रांची:** इंडियन कनफेडरेशन ऑफ़ लेबर आईसीएल के सभी सम्मानित पदाधिकारियों से प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी ने आग्रह करते हुए कहा कि 28 मई 2023 को समय संध्या 3:00 बजे स्थान ड्यूक मेंशन लाइन टैंक रोड कार्यालय में सभी प्रदेश पदाधिकारी एवं जिला पदाधिकारी का बैठक रखा गया है । बैठक का एजेंडा 18 दिसंबर 2022 को आईसीएल का 40 वा स्थापना दिवस मनाया गया था। उसका समीक्षा बैठक एवं आप लोग जो बोले थे । उसको भी इस बैठक में देना है ताकि किसी का बाकी ।है उसको भी हम पूरा भुगतान कर सके( पूरे झारखंड प्रदेश में आईसीएल का सदस्यता अभियान चलाकर प्रदेश में कमेटी विस्तार करना।

# राष्ट्रपति के आगमन को लेकर अतिक्रमण मुक्त हुआ मेन रोड



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू दो दिवसीय दौरे पर झारखंड में थी । इस दौरान देवघर, रांची और खूंटी में उनका कार्यक्रम था । राष्ट्रपति के आने को लेकर रांची जिला प्रशासन, नगर निगम, ट्रैफिक पुलिस के संयुक्त प्रयास से रांची शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया था । शहर को सुंदर और बेहतर बनाने के लिए हर कवायद की गई थी। इसका सकरात्मक रुप भी देखने को मिला, सबसे व्यस्ततम मार्ग कचहरी चौक से लेकर शहीद अल्बर्ट का चौक और इसके चारों तरफ अव्यवस्थित ढंग से लगाए गए फुटपाथ दुकानें,ठेला खोमचा, सड़क किनारे लगे रेलिंग पर बेतरतीब ढंग से कपड़े टांग कर बेचने और इधर उधर ऑटो लगाकर सड़क जाम करना इन सभी को मात्र दो दिनों में सुधार दिया गया। सभी अव्यस्थित फुटपाथ दुकानदार,ठेला खोमचा को हटा दिया गया । तस्वीर में आप देख सकते हैं कि पूरा मेन रोड के चारों तरफ खुला खुला नजारा है। यह सब नगर निगम इंफोर्समेंट टीम और यातायात पुलिस के सहयोग से हुआ है। अब देखना है कि यह सुधार और यह बेहतर मेन रोड कब तक इसी तरह से नजर आएगा । आसपास के दुकानदारों और मॉल संचालकों ने रांची नगर निगम और यातायात पुलिस को बधाई देते हुए कहा कि यदि इंफोर्समेंट टीम और यातायात पुलिस इसी तरह से कड़ाई के साथ काम करेगी तो न रेलिंग पर कपड़े बेचेंगे, न फुटपाथ पर अव्यवस्थित ढंग से दुकान लगाएंगे और न ही ठेला खोमचा नजर आयेगा।

# इप्टा ने वृक्षारोपण करने का लिया संकल्प




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** इप्टा के 80 वीं स्थापना दिवस के अवसर पर झारखंड इप्टा के कार्यकारी अध्यक्ष श्यामल मल्लिक ने अपने आवास पर राँची इप्टा के सभी कलाकारों ने साथियों एवं छात्रों व शुभचिन्तकों के साथ इप्टा का स्थापना दिवस मनाया और बताया कि इप्टा का उदय 25 मई 1943 को हुआ था। अपने नाटक,गीत,संगीत के माध्यम से स्वतंत्रता आंदोलन में अहम भूमिका निभाई है और आज ग्लोबल वार्मिंग की बढ़ती चिंता को देखते हुए इप्टा संकल्प लेती है कि हर एक व्यक्ति,हर एक घर एक पौधा अवश्य लगाएं। श्यामल मल्लिक ने आगे सभी से अपील करते हुए कहा कि वह एक सप्ताह के अंतर्गत (इप्टा के स्थापना दिवस 25 मई से 1 जून तक अपने घर या आस-पड़ोस में कम से कम एक छायादार पौधा अवश्य लगाएं और उसका ध्यान रखे। इस ग्लोबल वार्मिंग की स्थिति को मद्देनजर रखते हुए, यह वक्त की मांग और हमारा कर्तव्य है की हम प्रकृति को उसकी पुरानी धरोहर वापस लौटाए, क्योंकि प्रकृति है तो मनुष्य है, और मानव है, तो संस्कृति। वहीं सचिव सुमेधा मल्लिक ने हम होंगे कामयाब को गया और फिर संबोधित करते हुए कहा कि वृक्षारोपण जरुरी है, सभी संकल्प लें और आज से ही इसकी शुरुआत करें। उपाध्यक्ष परवेज कुरैशी ने कहा वर्तमान समय में अपार्टमेंट कंसेप्ट के कारण सबसे ज्यादा पर्यावरण को नुकसान हो रहा है। इसे ध्यान देने और बचाने की जरूरत है। इस अवसर पर वरिष्ठ रंगकर्मी प्रताप मल्लिक, प्रदीप तरफदारी उर्फ संपा, सुमित्रा तरफदार, रमेश, सृजित मल्लिक सहित कई कलाकार वह छात्र छात्राएं उपस्थित हुए और वृक्षारोपण करने का संकल्प लिया।

## रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन का प्रतिभा सम्मान समारोह 27 मई को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जिला मारवाड़ी सम्मेलन के तत्वाधान में 27 मई शनिवार को अपराह्न 4-30 बजे से महाराजा अग्रसेन भवन रांची में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल, महामंत्री ललित कुमार पोद्दार एवं कार्यक्रम संयोजक विनोद कुमार जैन ने संयुक्त रूप से बताया है कि सम्मान समारोह में रांची जिला के अंतर्गत सीबीएसई एवं आईसीएसई 2023 की 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा मे 90त्न से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 100 से भी अधिक मारवाड़ी समाज के छात्र- छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रोफेशनल डिग्री सीए, सीएफए, इंजीनियरिंग, डॉक्टर एमबीए पाने वाले छात्र-छात्राओं को भी रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन की ओर से पुरस्कृत कर सम्मानित किया जाएगा। तथा समाज सेवा के क्षेत्र में अनुपम उपलब्धि प्राप्त करने वाले 5 मारवाड़ी समाज के रत्नों को भी सम्मानित किया जाएगा। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि रांची के सांसद संजय सेठ, तथा उद्घाटनकर्ता अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया होंगे। उक्त जानकारी देते हुए रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि सम्मान समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गई है।

# चहारदीवारी गिराने और रंगदारी मांगने के पांच आरोपित गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पंडरा ओपी क्षेत्र में गुरुवार को मो. शकील की जमीन पर की गयी चहारदीवारी गिराकर भाग रहे पांच आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में पंकज कुमार, विक्की यादव, नकुल लोहरा, धनेश्वर और राहुल शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से दस मोबाइल फोन सहित कई अन्य सामान बरामद किया है। साथ ही एक मारुति वैन भी जब्त किया है। घटना को लेकर मो. शकील की जमीन के केयरटेकर ने पंडरा ओपी में शिकायत दर्ज करायी है। शिकायत में कहा गया है कि गुरुवार 50 से 60 की संख्या में लोग हथियार से लैस होकर आए और इस जमीन पर बनी चहारदीवारी तोड़ने लगे। विरोध करने पर हत्या का प्रयास किया गया। पॉकेट से 2500 रुपये छीन लिए। साथ ही धमकी दी कि इस जमीन पर काम करना चाहते हो, तो 20 लाख रुपये रंगदारी देनी होगी। थाना प्रभारी ने बताया कि पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## रांची झील को बचाने के लिए जन जागरण अभियान 28 को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झील बचाओ अभियान समिति राँची के संग्रक्षक राजीव रंजन मिश्रा ने बताया कि समिति के द्वारा राँची का ऐतिहासिक बड़ा तालाब जिसे हम झील कहते हैं इस झील को बचाने के लिए राँची झील के मुख्य घाट के समीप मानव श्रृंखला बनाकर कर उच्च न्यायालय से तालाब को बचाने का गुहार लगाई गई । मिश्रा ने कहा कि रांची झील में सेवा सदन के समीप गंदे नाले के पानी का राँची झील में प्रवेश होने के कारण पानी दूषित हो गया है एवं बदबू देने लगा है जिससे मच्छर फैल गए है एवं महामारी का खतरा फैल गया है । मिश्रा ने कहा कि राज्य सरकार एवं नगर निगम प्रशासन अभिलंब राँची झील की साफ सफाई हेतु उचित कार्यवाही करे एवं राँची झील को बचाने के लिए उचित कदम उठाए । मिश्रा ने बताया कि 28मई2023( सुबह 07:00 बजे से 09:00 तक ) को राँची झील को बचाने के लिए जन जागरण अभियान चलाया जाएगा। श्री मिश्रा ने कहा कि राज्य सरकार एवं निगम प्रशासन के द्वारा अभिलंब रांची झील में नाले के गंदे पानी के प्रवेश पे रोक लगाकर साफ सफाई हेतु उचित करवाई कराई जाए। मानव श्रृंखला कार्यक्रम में उपेन्द्र रजक , दीपू गाड़ी , रमेश केडिया , लंकेश सिंह , प्रकाश पाल , रंजीत चौरसिया , इंदर सिंह , राहुल सिन्हा चंकी , अनिल तिवारी सहित सैकड़ों की संख्या में लोगो ने भाग लिया।

# खिदमते खल्क हाजी कमिटी मिला शिबू सोरेन से



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** लोहरदगा खिदमते खल्क हाजी कमेटी किस्को, लोहरदगा के सरपरस्त हाजी समसुद्दीन अंसारी पूर्व केंद्रीय सदस्य झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व में कमिटि का एक शिष्टमंडल शिबू सोरेन से मिला। उन्होंने मांग पत्र के रूप मे अपनी मांग शिबू सोरेन को सौंपी । उन्होंने कहा कि 1932 का खतियान लागू करने और स्थानीय नीति को लागू किए जाने की सराहना करते हुए मुख्य रूप से युवा बेरोजगारों को रोजगार दिलाने खाली हुए पदों को शीघ्र नियुक्ति कर इसे भरने का अनुरोध किया। मांग में साथ ही जनता की मूलभूत समस्याओं पानी, स्वास्थ्य , शिक्षा एवं सड़क से संबंधित समस्याओं का समाधान करने की मांग की। राजस्व एवं अन्य विभागों के भ्रष्टाचार को दूर करने का आग्रह किया। कमिटी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से हज यात्रा में विगत वर्षो की अपेक्षा हज यात्री का खर्च काफी बढ़ा दिया गया है ।हाजियो को मक्का मदीना के लिए हवाई यात्रा के लिए उड़ान की व्यवस्था करने की मांग की। इसके लिए हज कमेटी ऑफ इंडिया से पत्राचार करने का अनुरोध किया गया। इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल में मोहम्मद आलम , हाजी यूसुफ ,हाजी समसुद्दीन, हाजी वाहिद हसन शामिल थे।

## डीजी सीआईडी से दलालों के चंगुल में फंसी लड़की को मुक्त कराने के लिए गुहार




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) के डीजी अनुराग गुप्ता से सिमडेगा जिले की नाबालिग लड़की को दिल्ली के दलालों के चंगुल से छुड़ाकर सकुशल वापसी को लेकर अनुरोध किया गया है। इस संबंध में बाल अधिकार कार्यकर्ता बैजनाथ कुमार ने सीआईडी डीजी को गुरुवार को पत्र लिखा है।

इसमें कहा गया है कि कोलेबिरा थाना अंतर्गत रसिया गांव की महिला फुलमनी बागे की नाबालिग पुत्री को दलालों द्वारा बहला-फुसला कर छह वर्ष से दिल्ली में बंधक बना कर रखा गया है। उसे काफी प्रताड़ित किया जाता है। इस संबंध में महिला फुलमनी देवी ने कहा कि उनकी बेटी के पास मोबाइल फोन नहीं है। एक सप्ताह पूर्व बेटी ने अपने एक दोस्त के फोन से सारी जानकारी मुझे दी।

बैजनाथ कुमार ने पत्र में कहा है कि नाबालिग लड़की के परिजनों ने कोलेबिरा थाना में लिखित आवेदन दिया था।

इसमें अपनी पुत्री को दिल्ली के दलालों के चंगुल से मुक्त कराने एवं सकुशल बरामदगी कर झारखंड लाने के संबंध में कानूनी कार्रवाई की मांग की गई थी। लेकिन कोलेबिरा थाना ने कोई कार्रवाई नहीं की।

# राष्ट्रीय किक-बॉक्सिंग प्रतियोगिता रांची में 23 अगस्त से, 1800 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची के होटवार स्थित खेलगांव में 23 से 27 अगस्त तक राष्ट्रीय किक-बॉक्सिंग प्रतियोगिता होगी। इस बाबत गुरुवार को विधायक मथुरा प्रसाद महतो सह राष्ट्रीय किक-बॉक्सिंग प्रतियोगिता आयोजक समिति के अध्यक्ष के आवास पर पत्रकार वार्ता हुई। विधायक ने कहा कि इस प्रतियोगिता में 28 राज्य और आठ केंद्र-शासित प्रदेश के लगभग 1800 खिलाड़ी और 200 टेक्निकल ऑफिशियल भाग लेंगे। महतो ने कहा कि इस प्रतियोगिता में सभी खिलाड़ियों के लिए सात स्पर्धा आयोजित हैं। खिलाड़ियों के रहने, खेलने और खाने- पीने की व्यवस्था रांची के खेलगांव मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में की जाएगी। उन्होंने कहा कि 22 अगस्त से टीमें रांची पहुंचेंगी। 23 अगस्त को वेट मेडिकल और फिटनेस की जांच के बाद खिलाड़ियों को खेलने दिया जायेगा। विधायक ने कहा कि झारखंड में यह खेल पहली बार होने जा रहा है। इसमें ओपनिंग और क्लोजिंग सेरेमनी में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो, खेल मंत्री और अन्य कैबिनेट मंत्री शामिल होंगे। पत्रकार वार्ता के दौरान झारखंड किक-बॉक्सिंग के अध्यक्ष बीसी ठाकुर, विपुल मिश्र, कोषाध्यक्ष एमडी इबरार आदि मौजूद थे।

## महिला ने की खुदकुशी, जांच में जुटी पुलिस



**रांची :** धुर्वा थाना क्षेत्र के पटेल फील्ड एरिया स्थित अपने घर में गुरुवार को अमन प्रसाद की पत्नी मधु कुमारी (21) ने खुदकुशी कर ली है। थाना प्रभारी ने बताया कि एक वर्ष मुंबई में रहने के बाद मधु रांची आई थी। उसके पति मुंबई में रहते हैं। खुदकुशी के कारणों का पता नहीं चल पाया है। मधु के परिजनों को भी सूचना दी गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है।

# मुख्यमंत्री के आदेश का हुआ अनुपालन वयोवृद्ध लालो कारवाईन को मिला पेंशन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के आदेश के बाद लातेहार के महुआडांड़ स्थित ग्वालखाड़ गांव की वयोवृद्ध महिला लालो कारवाईन को मई माह तक के वृद्धा पेंशन का भुगतान कर दिया गया है। अब भविष्य में बैंकिंग कॉरस्पोंडेंस के माध्यम से पेंशन का भुगतान किया जाएगा।

साथ ही, लालो कारवाईन समेत गांव के सभी लोगों को सरकार की विभिन्न योजनाओं से जोड़ने एवं गांव को मूलभूत सुविधाओं से आच्छादित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मुख्यमंत्री को जानकारी मिली कि वृद्ध लालो कारवाईन वृद्धा पेंशन के लिए 5 दिनों से प्रज्ञा केंद्र चक्कर लगा रही है। बायोमैट्रिक काम नहीं करने के कारण पेंशन का भुगतान नहीं हो पा रहा है। दूरस्त गांव से उसे भार में उठाकर कर पिछले पांच दिनों से प्रज्ञा केंद्र लाया जा रहा है। इसके बाद मुख्यमंत्री ने उपायुक्त लातेहार को मामले की जांच कर लालो कारवाईन को पेंशन तथा उनके परिवार को अन्य जरूरी योजनाओं से जोड़ते हुए सूचित करने, ग्वालखाड़ गांव को मूलभूत सुविधाओं से आच्छादित करने एवं योजनाओं के अधिकार से कोई वंचित न रहे, यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया।

# कुरैशी पंचायत का गठन नहीं होने से बढ़ रही है सामाजिक समस्याएं

**परवेज कुरैशी @ प्रभात मंत्र**

**रांची।** किसी भी धर्म के जाति व समुदायों के बीच समाज का एक संगठन होना बहुत जरूरी है। संगठन, पंचायत, एसोसिएशन,संघ, एनजीओ, ट्रस्ट, सोसाइटी, चैरिटेबल आदि इसलिए बनाया जाता है ताकि समाज में जो भी छोटी बड़ी समस्याएं हैं , जरूरतें हैं उसका समाधान आपस में मिल बैठकर किया जा सके।

**इन सभी संस्थाओं का समिति रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1860:** संवैधानिक प्रक्रिया के तहत रजिस्टर्ड भी कराया जाता है, ताकि इसका रिकॉर्ड वक्फ बोर्ड, अल्पसंख्यक आयोग, धार्मिक न्यास बोर्ड में दर्ज रहें।

**पंचायत का गठन नहीं होने से नुकसान:** यदि समाजसेवी संस्थाओं, पंचायतों, संघ,सोसाइटी का गठन नहीं होने से समाज में समस्याएं पैदा होती है, छोटी-छोटी घटनाएं, घरेलू विवाद, शादी ब्याह में आ रही समस्याएं, बेरोजगारी, नशा पान को बढ़ावा, धार्मिक स्थल व संस्थानों व समाज अंतर्गत शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए स्कूल ऐसे कई बातें जिसका हल समाज के चुने हुए प्रतिनिधिगण करते हैं।

**बिना पंचायत के कैसे चलेगा समाज:** लोअर बाजार थाना क्षेत्र के कांटा टोली कुरैशी मुहल्ला का कुरैशी समाज बिना पंचायत का है, इसका सदर, सचिव सभी इस्तीफा दे चुके हैं। ऐसा होने से मस्जिद, मदरसा, स्कूल, शादी ब्याह , रोजगार प्रभावित हो रहा है।

**प्रशासन ने किया था पहल:** राजनीतिक क्षेत्र के वरिष्ठ शख्सियत व झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के अध्यक्ष मुजीब कुरैशी ने तीन साल पहले अपने ही कुरैश समाज के भव्य आयोजन में झारखंड के सभी जिलों में चल रहे कुरैशी पंचायत को यह कहते हुए भंग कर दिए थे कि की पंचायतों को लेकर यह शिकायत आ रही थी कि बिना समाज के अनुमति से ही पंचायत चल रहा है, यह फिर चुनाव का कार्यकाल पूरा हो गया और पुनः पंचायत चुनाव कुरैशी समाज द्वारा नहीं हो रहा है।इसी के तहत कांटा टोली कुरैशी मुहल्ला के कुरैशी पंचायत भी भंग हो गया है। इस बीच कई घटनाएं भी हुई, जिसके बाद जिला प्रशासन ने स्वयं संज्ञान लिया और संबंधित थाने के पुलिस प्रशासन को भेजा भी था, समाज के सैकड़ों लोगों के बैठक में हिदायत दी गई थी कि वह कुरैशी पंचायत का जल्द गठन कराएं, इसके लिए तत्कालीन लोअर बाजार थाना प्रभारी संजय कुमार ने कई बार पहल कर चुके थे। इसके बाद झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के अध्यक्ष मुजीब कुरैशी ने कुरैशी समाज का सर्वे कराया और उसका वोटर लिस्ट तैयार कराया गया, बावजूद दो महीने गुजर गया, अब तक कुरैशी पंचायत का चुनाव नहीं हुआ।

**क्या कहते हैं पदाधिकारीगण :** झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के अध्यक्ष मुजीब कुरैशी ने कहा मैंने समाज को जोड़ने से लेकर उसके रोजगार,शिक्षा के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास, तत्कालीन राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तक से लिखित तौर पर बातें की , सभी ने आश्वासन दिया है, लेकिन जब समाज एक जुट नहीं होगा, पंचायत मजबूत नहीं रहेगा, तो रोजगार, शिक्षा, मस्जिद,मदरसा समाज से जुड़े लोगों की समस्याओं कि हल नहीं होगा, कल लोग बैठे, मैं चुनाव करवा देता हूं।

**एसडीएम ने कहा:** एसडीएम दीपक दूबे ने कहा पंचायत का रजिस्ट्रेशन हो इससे समाज को फायदा होता है, धार्मिक न्यास बोर्ड के तहत मस्जिद, मदरसों का भी रजिस्टर्ड करवाये, नहीं तो जब सर्वे होगी तो दिक्कतें आयेगी।

**अधिवक्ता ने कहा:** झारखंड हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता कलाम रशीदी ने कहा कि अभी समय है, समाज किसी भी समुदाय का हो रजिस्ट्रेशन जरूरी है। नहीं तो आने वाले समय में परेशानी होगी। सोसाइटी एक्ट के तहत रजिस्टर्ड कराना चाहिए, समाज का गठन नहीं होता है , तो कानूनी प्रक्रिया के तहत बहुत सारी समस्याएं होंगी, शादी ब्याह को कानूनी मान्यता नहीं मिलेगी, इसलिए जिस पंचायत का रजिस्ट्रेशन नहीं है, तो शादी ब्याह शहर काजी से करवाएं।

## टेनिस चैंपियनशिप 16 जून से रांची में

**रांची :** रांची के होटवार स्थित मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में टेनिस चैंपियनशिप का आयोजन किया जायेगा। ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन (एआईटीए) की ओर से 16 से 23 जून तक इसका आयोजन होगा। इसमे अंडर 12 और अंडर 14 आयु वर्ग के बच्चे भाग लेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों को अपना रजिस्ट्रेशन एआईटीए के आधिकारिक वेबसाइट https://aitatennis.com/aitaors/player/login पर जाकर कराना होगा।

# ओबीसी को एससी-एसटी बना निर्गत किया गया फर्जी राशन कार्ड

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** ओबीसी को एससी एसटी दिखाकर फर्जी तरीके से लाल राशन कार्ड निर्गत करने का मामला सामने आया है। जिसमें कंप्यूटर ऑपरेटर की भूमिका संदिग्ध बताया जा रहा है। फर्जी तरीके से ओबीसी ग्रीन कार्ड धारकों को एससी एसटी कैटेगरी में शामिल कर लाल कार्ड निर्गत 2ह्य प्रखंड में चर्चा का विषय बना हुआ है। मनिकापाड़ा, जमशेरपुर और झिकरहटी सहित कई पंचायतों में सैकड़ों ओबीसी कैटेगरी के ग्रीन कार्ड धारकों को एससी एसटी बताकर लाल कार्ड निर्गत किया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक झिकरहटी पूर्वी पंचायत के सीतारामपुर टोला के हंजेला बीवी ओबीसी कैटेगरी से आती है। लेकिन उन्हें एसटी कैटेगरी का दिखा कर पीला कार्ड निर्गत कर दिया गया है। जिसका राशन कार्ड संख्या 202801007370 है। उक्त लाभुक को रोशन एसएचजी इस्लामपुर से जोड़ा गया है। इसी तरह मनिकापाड़ा गांव के शमशेर शेख को एससी कैटेगरी का बताकर लाल कार्ड निर्गत किया गया है। जबकि शमशेर शेख ओबीसी कैटेगरी के आते हैं। उन्हें डीलर सफीकुल इस्लाम के दुकान से जोड़ा गया है। शमशेर शेख का राशन कार्ड संख्या 202801023503 है। मनिकापाड़ा गांव के ही मो. तोहिद अली को भी एससी कैटेगरी का बता कर लाल कार्ड निर्गत किया गया है। ओबीसी कैटेगरी से आने वाले मो. तोहिद अली को राशन दुकानदार अजमाइल शेख के दुकान से टैग किया गया है और उनका कार्ड संख्या 202801016875 है। मनिकापाड़ा गांव के ही मेमेरा बीवी के साथ भी इसी तरह किया गया है। ओबीसी कैटेगरी से आने वाली मेमेरा बीवी को एससी कैटेगरी में दिखाकर लाल कार्ड निर्गत किया गया है। मेमेरा बीवी का कार्ड संख्या 202801022987 है। इसी गांव के ओबीसी कैटेगरी में आने वाली रोजिना बीवी को एससी कैटेगरी में दिखाकर लाल कार्ड निर्गत किया गया है। रोजिना बीवी का कार्ड संख्या 202801020099 है। सूत्रों का कहना है कि ऐसे सैकड़ों लोगों को गलत तरीके से लाल कार्ड निर्गत किया गया है। ओबीसी कैटेगरी में होने के बावजूद उन्हें एससी बताकर लाल कार्ड दिया गया है। आश्चर्य है कि ओबीसी कैटेगरी में आने वाली झिकरहटी पूर्वी के सितारामपुर की हंजेला बीवी को एसटी कैटेगरी का दिखा दिया है। नियम अनुसार एसटी कैटेगरी के लाभुकों को मुख्यमंत्री डाकिया योजना के तहत राशन घर पहुंचाया जाता है। हालांकि सूत्रों का कहना है कि कार्ड धारियों को इन बातों की कोई जानकारी नहीं है। बिचौलिया किस्म के लोग पैसे लेकर विभागीय कर्मियों के साठगांठ से फर्जी लाल राशन कार्ड निर्गत किया है। इसमें कंप्यूटर ऑपरेटर की बड़ी भूमिका बताई जा रही है। यहां बात सिर्फ फर्जी तरीके से सरकारी राशन का लाभ लेने का नहीं है, बल्कि कार्डधारी परिवार का मुखिया और उनके बच्चों के भविष्य के साथ बहुत बड़ा खिलवाड़ भी है। किसी भी सरकारी काम में जरुरत पड़ने पर निर्गत लाल कार्ड उस परिवार के लिए काल बन सकता है। किसी भी सरकारी लाभ के लिए जब भी कार्ड में कैटेगरी की जांच होगी, उस वक्त बहुत बड़ी परेशानी से गुजरना पड़ सकता है। इस फर्जीवाड़े में संलिप्त व्यक्तिओं के खिलाफ कार्रवाई की जरूरत है। वहीं भोलेभाले गरीब लोगों को बचाने की भी आवश्यकता है। यहां बताना जरूरी होगा कि राशन कार्ड निर्गत से पहले वेरिफिकेशन विभाग की जिम्मेवारी है। अगर मान भी लिया जाए कि गलती से हुआ है, तो इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि गलती एकाध बार होगी, बार बार नहीं। यहां सैंकड़ों बार गलत तरीके से लाल कार्ड निर्गत होने का अंदेशा है। इसलिए गोदाम कार्यालय और डीएसओ कार्यालय में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर की भूमिका की जांच जरूरी है। इधर डीएसओ संजय कुमार से उनके मोबाइल पर संपर्क साधने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। जिस वजह से उनका पक्ष यहां रखा नहीं जा सका। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अब्दुल वहाब ने कहा कि ऑपरेटर की गलती से भी हो सकता है। कार्ड धारी को अपने कार्ड में हुई गलती का संशोधन कर लेना चाहिए।

# करोड़ों की लागत से बने अंतर्राज्यीय बस अड्डा से परमिट रहने के बावजूद नहीं चल रही लंबी दूरी की बसें

## यात्री बसों का परिचालन नहीं होने से लोगों को हो रही परेशानी





प्रभात मंत्र संवाददाता

**राजमहल :** शहर के वार्ड नंबर 11 स्थित मटियाल में करोड़ों रुपए की लागत से बने अंतर्राज्यीय बस अड्डा इन दिनों वीरान पड़ी हुई है। परमिट रहने के बावजूद भी राजमहल बस स्टैंड से लंबी दूरी की बसों का परिचालन नहीं हो रहा है । जानकारी के अनुसार दर्जनों बसों की परमिट राजमहल से रांची, दुमका, जमशेदपुर, पटना, गोड्डा, चाईबासा आदि के लिए चलने की परमिट लेकर गाड़ी मालिकों के द्वारा मनमाने तरीके से राजमहल के बजाय अपने सुविधा के अनुसार अन्य जगह से इसका परिचालन किया जा रहा है । फिलहाल राजमहल से मात्र 3 बसे ही राजमहल से चल रही है। जिसमें कुछ बसें बस स्टैंड से और कुछ इधर उधर से चल रही है। इस संबंध में राजमहल विधायक अनंत कुमार ओझा ने संज्ञान लेते हुए अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल को दूरभाष के माध्यम से कहा कि आगामी 29 मई को होने वाले जिला स्तरीय बैठक में राजमहल से कितनी बसों की परमिट है और कितने बसें चल रही है इन सभी की सूची उपलब्ध कराने की बातें कही है।मौके पर श्री ओझा ने पत्रकारों को बताया कि जिला स्तरीय बैठक में संबंधित अधिकारियों से बात कर राजमहल से जितनी बसों की परमिट है। उसे जल्द से जल्द चलाने का प्रयास किया जाएगा। जिससे लोगों को सुखद यात्रा करने में सुविधा हो। साथ ही उन्होंने बताया कि चुनाव के वक्त क्षेत्र के लोगों से वादा किया था कि क्षेत्र के लोगों को प्रदेश सहित आसपास के क्षेत्रीय राज्यों में आवागमन करने में सुविधा हो जिसे लेकर करोड़ों की लागत से अंतराज्यीय बस अड्डा बनाने का काम किया गया है। लोगों का आवागमन सहित व्यापार आदि करने में लोगों को काफी लाभ मिलेगा।

मौके पर संजीव दे, कार्तिक साहा, संजय प्रमाणिक, सुरेंद्र सिंह, दीपक चंद्रवंशी, अवध मिश्रा, विनोद चौधरी आदि अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## झलकियां

### बंगाली समुदाय के लोगों ने हर्षोल्लास से मनाया जमाई षष्ठी का त्यौहार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**साहेबगंज/पतना :** क्षेत्र में बंगाली समुदाय के द्वारा गुरुवार को जमाई षष्ठी का त्यौहार पूरे हर्षउल्लास के साथ मनाया गया।दामाद और बेटे के लिए पूजन का यह रिवाज बंगाली समुदाय में काफी पुराना है,और इसे बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जाता हैं।इस विशेष दिन पर पूजा अर्चना कर सास और माँ अपने दामाद और बेटे की लंबी उम्र की कामना करती हैं। साहिबगंज शहर के अलावा जिला भर के ग्रामीण इलाको में गुरुवार को महिलाओं ने पूजा अर्चना की। पतना संवाददाता के अनुसार जमाई षष्ठी का त्यौहार प तना केंदुआ शिवा पहाड़ बड़ा डिग्गी बरहरवा हटिया पाड़ा बंगाली टोला में बंगाली समुदाय के द्वारा मनाया गया।वही महिलाओ द्वारा पूजा के बाद ताड़ के पत्ते से बने पंखे से हवा करने का रिवाज है।त्यौहार के दिन टोकरी में फल,फूल और मिठाई सजाकर उपवास रखा जाता है।जिसके बाद पीपल वृक्ष के नीचे पूजा अर्चना कर रक्षा सूत्र बांध कर हर विपदा से रक्षा की कामना की जाती है बंगाली समुदाय के लोगो ने बताया कि त्यौहार पर 6 प्रकार के फल एवं 6 प्रकार के मिष्ठान को अनिवार्य माना गया है।

### बाइक से गिरकर बरहरवा की युवती घायल, गंभीर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**राजमहल :** थाना क्षेत्र के मनसिंहा के समीप उधवा राजमहल मुख्य पथ पर गुरुवार को बाइक से गिरकर एक 25 वर्षीय युवती घायल हो गई। मिली जानकारी के अनुसार बरहरवा निवासी विनोद भगत की 25 वर्षीय पुत्री कोमल कुमारी भगत अपने चाचा दीनानाथ भगत के साथ बाइक से निजी कार्य से राजमहल की ओर आ रही थी। इसी क्रम में मनसिंहा के समीप बाइक से अनियंत्रित होकर गिर गई । घायल को इलाज हेतु राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्रारंभिक इलाज के बाद बेहतर इलाज हेतु रेफर कर दिया। परिजनों की मदद से उसे इलाज हेतु कोलकाता ले जाया गया है। खबर लिखे जाने तक स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

# तीनपहाड़ थाना के नए भवन निर्माण को लेकर किया गया स्थल का निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**तीनपहाड़ :** नई थाना भवन बनने को लेकर उपायुक्त रामनिवास यादव व पुलिस अधीक्षक अनुरंजन किस्पोट्टा गुरुवार की सुबह बभनगामा मोड़ स्थित हेल्थ सब सेंटर के समीप स्थल का निरक्षण किया। बता दे की तीनपहाड़ थाना की नई भवन बनाने को लेकर विभागीय व पुलिस पदाधिकारी पूरी तरह तत्पर है । नई थाना भवन बनने को लेकर कई दफा प्रशासन ने कई स्थलों का निरक्षण किया पर थाना भवन बनने की समुचित जगह न मिलने के कारण अभी तक नई थाना भवन की नीव नहीं रखी जा सकी है। वर्तमान में जिस जगह तीनपहाड़ थाना अवस्थित है वो जगह रेलवे के अधीन आता है। निरक्षण के क्रम में डीसी श्री यादव ने उपस्थित राजमहल अनुमंडलीय पदाधिकारी रौशन कुमार साह, राजमहल अंचल अधिकारी प्रीति लता किस्कू से कहा की अगले पांच दिनों के अंदर सड़क किनारे जो अनाधिकार घर बनाकर अतिक्रमण किए हुए है। उसका रिपोर्ट सुपुर्द करे। वही निरक्षण स्थल यानी की तालाब में जेसेबी द्वारा मिट्टी काटे जाने को लेकर श्री यादव ने अंचल निरक्षक सचिदानंद राय को फटकार लगाते हुए कहा की इस तालाब की मिट्टी कौन काटा है और क्यों? उस पर विधिवध कानूनी कारवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश भी दिए । वही इसके पश्चात बभंनगामा के पलाश पोखर,वृंदावन डाकबंगला के समीप गोचर जमीन का भी निरक्षण किया। वही तलझारी प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी साइमन मरांडी को निर्देश दिया की उक्त गोचर जमीन की रिपोर्ट जल्द से जल्द उन्हें दे। वही कई लोगो को श्री यादव ने अवैध तरीके से घर बनाए लोगो को आदेश दिया की जल्द से जल्द वे अपने आसियाना को तोड़ ले अन्यथा उस पर कानूनी कारवाई होगी। श्री यादव ने अनुमंडल पदाधिकारी रौशन कुमार साह और अंचलाधिकारी राजमहल को निर्देश दिया की अतिक्रमण किए हुए लोगो को नोटिस के माध्यम आगाह करे की वे लोग अपनी घरों को अतिक्रमण से हटा ले और इसकी रिपोर्ट उन्हें दे।

# वार्ता के बाद संथाल परगना औद्योगिक मजदूर संघ का अनिश्चितकालीन धरना समाप्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बोरियो :** प्रखण्ड के तेलो एनटीपीसी रेलवे ट्रैक के समीप चल रही धरना प्रदर्शन बुधवार को प्रबंधन से बात करने के बाद समाप्त कर लिया गया। बता दें कि एनटीपीसी में काम कर रहे कामगारों ने विभिन्न मांगों को लेकर मगंलवार को प्रर्दशन किया था और बुधवार से अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे थे। कामगार जितेंद्र पंडित ने बताया कि प्रबंधन से कामगारों ने सात मांगों को रखा था, जिसमें समान काम के लिए समान वेतन, पी एफ निधि में कटी राशी का भुगतान सहित कई समस्याओं का समाधान करना था। जिसे एनटीपीसी प्रबंधन के एचआर कन्हाई रजक के पहल पर वार्ता के बाद खत्म कर लिया गया। मौके पर संघ के सहायक सचिव सोनाराम मड़ैया, मुस्तफा अंसारी, इकबाल अंसारी, मंगल हेमब्रोम, बसारत अंसारी, अजय रक्षित, गणेश मुर्मू, सलाम अंसारी सहित अन्य कामगार मजदूर मौजूद थे।

# बंगाली समुदाय के लोगों ने मनाया जमाई षष्ठी का त्यौहार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**तीनपहाड़ :** तीनपहाड़ क्षेत्र में बंगाली समुदाय के द्वारा गुरुवार को जमाई षष्ठी का त्यौहार पूरे हर्षउल्लास के साथ मनाया गया।दामाद और बेटे के लिए पूजन का यह रिवाज बंगाली समुदाय में काफी पुराना है,और इसे बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जाता हैं।इस विशेष दिन पर पूजा अर्चना कर सास और माँ अपने दामाद और बेटे की लंबी उम्र की कामना करती हैं।जमाई षष्ठी का त्यौहार तीनपहाड़,बाबूपाड़ा,भवनगावा,निमगाछी,रामचोकी और हाथीगढ़ में बंगाली समुदाय के द्वारा मनाया गया।वही महिलाओ द्वारा पूजा के बाद ताड़ के पत्ते से बने पंखे से हवा करने का रिवाज है।त्यौहार के दिन टोकरी में फल,फूल और मिठाई सजाकर उपवास रखा जाता है।

# राजमहल पुलिस छापेमारी कर बुलेट बाइक थाना लाई

**राजमहल(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** थाना क्षेत्र के फुलवरिया कालीबारी गांव के एक घर में गुरुवार की दोपहर राजमहल पुलिस टीम ने छापेमारी कर एक बुलेट बाइक जब्त कर थाना लाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त गांव के मनोज चौधरी के घर में अवैध शराब के बिक्री करने की सूचना पर पुलिस ने उक्त कार्रवाई की है। इधर मनोज चौधरी का कहना है कि पुलिस छापेमारी के दौरान उनके घर में कोई पुरुष नहीं था। उनकी पत्नी घर में अकेली थी। इस दौरान पुलिस टीम घर में घुसकर तलाशी ली। गोदरेज का लॉकर खुलवा कर उसमें रखे कुछ नगदी सहित अन्य सामान तथा घर से एक बुलेट बाइक जे एच 05 बीयू 1218 ले गई। पीड़ित महिला ने पुलिस पर हाथापाई करने तथा अभद्रता करने का आरोप लगायी है। इधर मामले को लेकर राजमहल एसडीपीओ प्रदीप उरांव ने कहा कि अवैध शराब के ठिकाने पर पुलिस ने विधिवत कार्रवाई की है। महिला द्वारा पुलिस पर लगाए गए आरोप को बेबुनियाद बताया।

# मनिरामपुर के वाहन चालक की यूपी में सड़क हादसे में मौत





प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मनिरामपुर के रहने वाले वाहन चालक सदाकाश शेख की यूपी में सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। घटना गुरुवार सुबह करीब 10:00 का बताया जा रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक वाहन चालक सदाकाश शेख रमजान की ईद के बाद वाहन चलाने यूपी गया था। पिछले कई सालों से दूसरे राज्यों में वाहन चलाकर रोजगार करता था। जिससे उसका परिवार का भरण पोषण होता था। इधर रमजान की ईद के बाद यूपी गया था। गुरुवार को सुबह बनारस के बाजार में वाहन चलाने के दौरान दूसरे वाहन से आमने सामने टक्कर हो गई। जिससे गंभीर रूप से घायल चालक सदाकाश की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना परिजनों को मिलते ही मातम छा गया। परिजन सदमे में आ गए। घटना की सूचना मिलने के बाद उनकी पत्नी और बच्चों का रो रो कर बुरा हाल है। यह भी जानकारी मिली कि चालक सदाकाश अपने पीछे पत्नी के अलावा सात बच्चों को छोड़ गए हैं। जिनका भरण-पोषण का जिम्मा उन्हीं पर था। घटना की सूचना से गांव में भी सन्नाटा पसरा है। पिछले कई सालों से दूसरे राज्यों में जाकर वाहन चालक के रूप में रोजगार कर परिवार चलाने वाले सदाकाश शेख बहुत ही मिलनसार स्वभाव का था। लोग उनके असामयिक मृत्यु को स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं।

# विकास योजना से जुड़े प्रशिक्षण दिए गए



**अमड़ापाड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड परिसर में प्रमुख जूही प्रिया मरांडी व बीडीओ कुमार देवेश द्विवेदी की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत विकास योजना जीपीडीपी अंतर्गत दो दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में जिले से आए डीपीएम व ट्रेनर रितेश श्रीवास्तव व अभिषेक गोंड ने प्रखंड के सभी मखिया, अन्य जनप्रतिनिधि सहित विभागीय पदाधिकारियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से संबंधित जानकारी देते हुए कहा कि लड़के लड़कियों में भेद नहीं है। शिक्षा मानव जीवन के लिए बेहद जरूरी है। शिक्षा से स्वास्थ्य संबंधित है। स्वस्थ गांव स्वस्थ पंचायत के विकास के लिए हर व्यक्ति को स्वस्थ होना जरूरी है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के साथ-साथ विवाह पंजीयन, गर्भवती पंजीयन, शिशु पंजीयन, पोषण आहार, शिक्षा, मनरेगा, रोजगार, ग्राम सभा कर जरूरी लाभान्वित योजनाओं का चयन, पेयजल आदि के बारे में भी बताया। वहीं बीडीओ ने भी झारखंड सरकार द्वारा पंचायती राज्य विभाग जीपीडीपी अंतर्गत योजनाओं सहित सरकार द्वारा दिए जा रहे लाभ को धरातल पर कैसे उतारें। हर एक जरूरतमंद को इससे लाभ मिले। ये जानकारियां पंचायत के मुखिया को दिया। मौके पर बीपीओ, पंचायत सचिव, मुखिया, प्रखंड समन्वयक इत्यादि मौजूद थे।

# पुलिस ने मोबाइल चोर को ग्रामीणों के चंगुल से छुड़ाया, भेजा जेल




**हिरणपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** थाना क्षेत्र के बड़तल्ला में बुधवार देर शाम एक मोबाइल चोर को ग्रामीणों ने हाट बाजार से पकड़कर जमकर धुनाई कर दी।आरोपी युवक साहेबगंज जिले के तीनपहाड़ का बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार बड़तल्ला हाट में खरीदारी करते वक्त आरोपी युवक ने एक व्यक्ति से मोबाइल चोरी करने का प्रयास किया। जिसके बाद ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया और जमकर धुनाई कर दी। उधर खबर मिलते ही हिरणपुर पुलिस मौके पर पहुंचकर उसे हिरासत में लेकर थाना ले आया। चैकीदार के लिखित आवेदन के आधार पर थाना में कथित मोबाइल चोर बाबर शेख तीनपहाड़ निवासी के विरुद्ध थाना कांड संख्या 56/23 दर्ज किया। विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर गुरुवार को जेल भेज दिया। थाना प्रभारी सुनील कुमार रवि ने बताया कि आरोपी युवक को जेल भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# नवादा पंचायत में 15 वें वित्त व मनरेगा योजनाओं में लूट

## नाला निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग, गहरीकरण में खानापूर्ति कर लाखों की निकासी





मकसूद आलम@प्रभात मंत्र

**पाकुड़ :** सदर प्रखंड के नवादा पंचायत में 15 वें वित्त आयोग और मनरेगा योजनाओं में लूट मची है। नाला निर्माण के नाम पर प्राक्कलन की अनदेखी कर बिचोलिया अपना जेब भर रहे हैं। ग्रामीण सूत्रों का कहना है कि नाला निर्माण में घटिया ईट लगाया गया है। मानकों के अनुरूप छड़, सीमेंट का भी उपयोग नहीं किया गया है। नाला निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग कर सरकारी राशि का बंदरबांट हो रहा है। इसमें बिचौलिया और पंचायत सचिव के अलावा नवादा पंचायत के जनप्रतिनिधियों की भी भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है। अगर ईमानदारी से जांच कराई जाए तो सारे भेद खुल जाएंगे। पंचायत सचिव और बिचौलियों के अलावे जनप्रतिनिधियों की भूमिकाओं की जांच जरूरी है। इसमें दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जरूरत है। ग्रामीण सूत्रों का यह भी कहना है कि मनरेगा योजना में भी जमकर लूट की गई है। नवादा और इलामी के बीच नाला की गहरीकरण के नाम पर भी लाखों की लूट की गई है। मिली जानकारी के मुताबिक नाजमुल शेख के जमीन से राजू शेख के जमीन तक नाला गहरीकरण, आमीन घाट चैतान बागान से मुखलेसुर के जमीन तक नाला गहरीकरण, मुखलेसुर के जमीन से ताजामुल हक के जमीन तक नाला गहरीकरण, ताजामुल हक के जमीन से नाजमे आलम के जमीन तक नाला गहरीकरण, नाजमे आलम के जमीन से नीमतल्ला तक नाला गहरीकरण की स्वीकृति मिली थी। इन योजनाओं में प्राक्कलन की अनदेखी कर राशि की निकासी की गई है। प्राक्कलन के मुताबिक काम नहीं हुआ है और सिर्फ खानापूर्ति कर निकासी की जा रही है। नजमुल शेख के जमीन से राजू शेख के जमीन तक नाला गहरीकरण के नाम पर तकरीबन एक लाख रुपए,फैजुल विश्वास के जमीन से कि केराउल विश्वास के जमीन तक नाला गहरीकरण के नाम पर 2 लाख 73,000, रुपए,आमीन घाट चैतान बागान से मुखलेसुर शेख के जमीन तक नाला गहरीकरण के नाम पर 2 लाख 38,000 रुपए, मुखलेसुर के जमीन से ताजामुल हक के जमीन तक 1 लाख 87,000 रुपए, ताजामुल हक के जमीन से नाजमे आलम के जमीन तक नाला गहरीकरण के नाम पर 2 लाख 86,000 रुपए और नाजमे आलम के जमीन से नीमतल्ला तक नाला गहरीकरण के नाम पर 3 लाख रुपए की निकासी हो चुकी है। अगर नाला गहरीकरण की मापी की जाए तो राशि निकासी और किए गए काम में बड़ा फर्क मिलेगा। जितना काम हुआ नहीं है, उससे कहीं ज्यादा निकासी कर ली गई है। इसमें बिचौलिया, पंचायत सचिव और रोजगार सेवक की भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है। पूरे मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जरूरत है।सूत्रों की माने तो गार्डवाल निर्माण भी भारी अनियमितता बरती गई है।गार्डवाल निर्माण के बाद से कई दरारें आ गई है।इधर इस मामले में कनीय अभियंता जूलियस हांसदा ने बताया कि काम शुरू होने पर हमने गया था,लेकिन वर्तमान में नही जा पाए हैं।अगर ऐसा गड़बड़ है तो जांच कर कार्रवाई करेंगे।हालांकि मुखिया से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन संपर्क नही हो पाया।

# निष्ठापूर्वक मनाया गया जमाय शोष्टी पूजा दामाद के दीर्घायु की कामना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़िया :** बंगाली समाज द्वारा गुरुवार को जमाय शोष्टी पर्व पूरी नेम निष्ठा के साथ मनाया गया। इस त्योहार में भगवान शोष्टी की पूजा होती है। इस पावन दिन को दामाद को भगवान के रूप में पूजा जाता है। ससुराल वाले दामाद के हाथ मे रक्षा सूत्र बांधकर उनके दीर्घायु होने की कामना करते हैं। त्योहार के मद्देनजर गुरुवार को बंगाली समुदाय की महिलाओं ने उपवास रखकर एवं पवित्र स्नान कर पुराने पीपल वृक्ष की पूजा अर्चना कर पति परमेश्वर के चिर दीर्घायु होने की कामना की। इसके उपरांत हाथ से पंखा झलकर मौसमी फल एवं तरह तरह के पकवान खाने को दिए जाते हैं। जमाय शोष्टी के दिन पकवान में मछली का होना अनिवार्य माना जाता हैं। यही कारण है कि ज्यादा डिमांड के कारण आज मछली बाजार में मछली की कीमत अन्य दिनों की तुलना में अधिक होती है। गुरुवार को यहां कतला, रेहू 500 से लेकर 700 रुपए किलो तक बिका। वहीं इस पर्व में मिष्टी दोई और रसगुल्ला की भी मांग हद से ज्यादा बढ़ जाती है। इस पर्व में किसी भी उम्र का दामाद क्यों न हो, ससुराल पक्ष के लोग उन्हें पर्व से पूर्व ससम्मान बेटी समेत अपने घर आमंत्रित कर नए वस्त्र, विभिन्न प्रकार के फल एवं उपहार देकर उनका सम्मान करते हैं। सासु मां दामाद के स्वागत में उपवास रखकर पांच तरह की मिठाई, फल एवं मछली के व्यंजन परोसती हैं तथा नए दामाद की तरह आवभगत करती हैं। इधर प्रखंड के चौकिसाल, पारुलिया, बन्नोग्राम, आलूदाहा, पालियादाहा, सगबेड़िया, रामदेवकुंडी, बद्रीकुंड, श्रीधरपाड़ा सहित अन्ययान्य गांवों में गुरुवार को जमाय शोष्टी निष्ठापूर्वक मनाया गया।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक, स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी पर चर्चा

# झोलाछाप चिकित्सकों पर नकेल कसने के निर्देश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक उपायुक्त विजया जाधव की अध्यक्षता में आयोजित हुई । सिविल सर्जन डॉ. जुझार माझी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नेहा संजना खलखो, स्वास्थ्य विभागीय जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी, एमओआईसी, सीडीपीओ, डीपीसी, डीपीएम, डीडीएम, बीपीएम तथा कार्यपालक दण्डाधिकारी जयप्रकाश करमाली, संतोष महतो, निशा कुमारी, सुमित प्रकाश, ज्योति कुमारी व अन्य बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित अभियानों सहित नियमित स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी के संबंध में चर्चा की गई । उपायुक्त ने कहा कि उपलब्ध संसाधनों का बेहतर तरीके से उपयोग कर स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता में सुधार व विस्तार का लाभ अधिक से अधिक लोगों को दिया जा सके इसके लिए सभी पदाधिकारी व स्वास्थ्य कर्मियों को जिम्मेदारी एवं संवेदनशीलता के साथ प्रयास करना होगा । जिले में कुपोषित बच्चों को चिन्हित करने हेतु 26-30 मई तक सघन अभियान चलाने का निर्णय लिया गया । अभियान में सैम (सीवर एक्यूट मेलनुट्रिशन) कोई बच्चा पाया जाता है तो तत्काल एमटीसी में भर्ती कराने तथा मैम मिलने पर कम्यूनिटी इलाज शुरू करने का निदेश दिया गया । साथ ही 15 जून तक अनिवार्य रूप से जिले के शत प्रतिशत योग्य लाभुकों का आयुष्मान कार्ड बनाने की बात कही गई । स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मियों की लिस्ट मांगी गई तथा संवेदकों से यह सुनिश्चित कराने का निदेश दिया गया कि 75 फीसदी स्थानीय का नियोजन हो ।

**आम जनता का फोन रिसिव नहीं करने वाले ममता वाहन संचालक हटाये जाएंगे :-** सिविल सर्जन ने जानकारी दी कि स्वास्थ्य विभाग का एमओयू एक संस्था से है जो सदर अस्पताल से रोजाना तथा सीएचसी से एक दिन छोड़कर पूरे प्रोटोकॉल फॉलो करते हुए मेडिकल कचरा का उठाव कर निस्तारण करती है । सीएचसी डुमरिया के जर्जर भवन को कंडम घोषित करते हुए भवन निर्माण विभाग को एक सप्ताह के भीतर भवन ढहाने का निदेश दिया गया । सीएचसी धालभूमगढ़ एवं सीएचसी पोटका के मरम्मतीकरण हेतु प्रस्ताव बढ़ाने की बात कही गई ।

ममता वाहन संचालकों की शिकायत सीडीपीओ डुमरिया द्वारा की गई, उपायुक्त ने मौके पर डुमरिया के बीपीएम से ममता वाहन संचालकों को फोन कराया, फोन कॉल रिसिव नहीं किए जाने पर उपायुक्त ने इसे गंभीरता से लेते हुए ममता वाहन संचालकों की समीक्षा कर वैसे संचालक जो तत्काल आम जनता का फोन का जवाब नहीं देते उन्हें हटाकर नए संचालकों को रखने का निदेश दिया । डुमरिया और घाटशिला प्रखंड में संस्थागत प्रसव में अपेक्षाकृत कम उपलब्धि पर एमओआईसी से कारण पूछा गया तथा शत प्रतिशत गर्भवती महिलाओं का संस्थागत प्रसव ही हो इसे सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया । गर्भवती माताओं को सरकारी अस्पताल में संस्थागत प्रसव कराने पर प्रत्येक सहिया को 300 रूपये दिया जाता है । वहीं कुपोषण उपचार केंद्र में कुपोषित बच्चों को लाने पर प्रत्येक सहिया को 150 रुपये देय है। भर्ती के समय सहिया को 50 रू. दिया जाता है तथा चार फॉलो अप करने पर 100रू दिया जाता है ।

**उपायुक्त की गर्भवती माताओं से अपील- लिंग जांच कर कन्या भ्रूण की हत्या नहीं करायें :-** जिले में पीसीपीएनडीटी एक्ट का सख्ती से अनुपालन हो तथा लिंग जांच कर किसी भी कन्या भ्रूण की हत्या नहीं होने पाये इसके लिए उपायुक्त ने कार्यपालक दण्डाधिकारियों को अल्ट्रासाउंड सेंटर के नियमित जांच का निर्देश दिया । जिले में वर्तमान में 84 अल्ट्रासाउंड सेंटर कार्यरत हैं, कुछ नए सेंटर के नवीनीकरण पर भी चर्चा हुई। जिले में झोलाछाप डॉक्टर प्रैक्टिस नहीं करने पायें इसके लिए सभी अंचलाधिकारी को औचक जांच करने का निदेश दिया गया तथा क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के सुसंगत धाराओं में कार्रवाई की बात कही गई ।

## आजादी के 76 साल में भी नही बनी थी पहुंच पथ
## 5 दिनों में ग्रामीणों ने बना डाला 1450 फीट रास्ता

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड मुख्यालय से महज 8 किमी की दूरी पर स्थित लच्छीपुर पंचायत के बांसगढ़ गांव के सबरटोला तक जाने के लिए आजादी के 76 वर्षो में भी पहुंच पथ का निर्माण नही कराया गया है। ग्रामीणों ने इसके लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अलावे प्रशासनिक अधिकारियों को भी कई बार गुहार लगाने के बावजूद जब पहुंच पथ का निर्माण नही हो पाया तो गांव के शिक्षित युवा गोपाल महतो के पहल पर ग्रामीणों ने श्रमदान कर 1450 फीट पहुंच पथ निर्माण करने का मन बनाया। इसके लिए गांव के नलिनीकांत महतो, शंभूनाथ महतो, पूर्ण महतो, बुद्धेश्वर महतो, गोपाल महतो, मदन महतो, राखो माझी, खांदा सिंह व भीम सिंह ने अपनी कीमती जमीन को दान में दिया और पिछले पांच दिनों से लगातार श्रमदान करते हुए पथ का निर्माण कर डाला। गोपाल महतो ने बताया कि गांव में 35 परिवार निवास करते हैं। जिसमें सबसे अधिक 25 परिवार सबर जाती के है। टोला तक जाने का कोई रास्ता नही था। मरीजों और गर्भवतियों को खटिया में दोला बनाकर मुख्य पथ तक लाना पड़ता था। बरसात के मौसम में सबर टोला का संपर्क अन्य गांवों से कट जाता है। घोड़ाबांधा के ग्राम प्रधान दशरथ सिंह के नेतृत्व में सबर टोला और घोड़ाबांधा के लगभग 80 महिला व पुरुषों ने श्रमदान कर रास्ते का निर्माण कर दिया। रास्ते बन जाने के बाद सबरटोला सहित जामडीह, घोड़ाबांधा समेत कई गांवों के लोगों के आवागमन में सुविधा हो रही है।



■ श्रमदान कर पहुंच पथ का निर्माण करते ग्रामीण

## सुरभि शाखा ने बांटा ठंडा लाल शरबत व चना

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुरूवार को मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा इस भीष्ण गर्मी में अपना सामाजिक दायित्व का निर्वाह करते हुए साकची राम लीला मैदान स्थित हनुमान मंदिर के पास लगभग 800 से अधिक लोगों के बीच ठंडा लाल शरबत एवं अंकुरित चना का वितरण किया गया। उषा चौधरी एवं राखी अग्रवाल के सौजन्य से आयोजित यह कार्यक्रम शाखा अध्यक्ष निशा सिंघल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में शाखा सचिव कविता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ज्योति अग्रवाल, ममता अग्रवाल, पायल अग्रवाल, शकुन मोदी, सीमा अग्रवाल, संगीता मोदी, सीमा अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल एवं निकिता जवानपुरिया आदि का योगदान रहा।



## पटमदा थाना में बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पटमदा बाजार निवासी अष्टमी महतो के लिखित शिकायत पर बुधवार को देर शाम बाइक चालक जाल्ला निवासी स्वपन महतो के खिलाफ बाइक से धक्का मारकर उनकी पति संदीप कुमार महतो को बुरी तरह घायल करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। इस संबंध में थाना प्रभारी रणजीत सिंह ने बताया कि 15 मई को जाल्ला निवासी स्वपन महतो ने पटमदा बाजार के रहने वाले संदीप कुमार महतो को बाइक से धक्का मारकर बुरी तरह घायल कर दिया। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने उसे माचा सीएचसी पंहुचाये। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उसे एमजीएम अस्पताल रेफर कर दिया है। जंहा अभी भी इलाज चल रहा है।

## प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस पर बांधडीह पंचायत में बैठक

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को सदर थाना अंतर्गत गम्हरिया प्रखंड के बांधडीह पंचायत में मुखिया सिन्नी बोयपाई की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर एक बैठक की गई। जिसमे जिला समन्वयक, प्रखंड समन्वयक,पंचायत समिति सदस्य,पंचायत सचिव, स्वयं सेवक तथा आवास मित्र उपस्थित थे। बताया गया कि विभागीय निर्देशानुसार सभी पीएम आवास का कार्य 30 जून तक पूरा किया जाना है। बांधडीह पंचायत में 632 पीएम आवास आवंटित किए गए हैं जिनमे से अब तक 566 आवास पूर्ण हुए हैं। लंबित आवासों के लाभुको से संपर्क कर उनके समस्या का समाधान किए जाने का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर पीएम आवास योजना के सभी लाभुक मौजूद थे।



## मारवाड़ी सम्मेलन ने राहगीरों के बीच किया चना व शर्बत वितरण

**आदित्यपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पूर्वी सिंहभूम मारवाड़ी सम्मेलन-आदित्यपुर शाखा ने अनिल अग्रवाल (गैलेक्सी हाइड्रोलिक्स) के सौजन्य से आज आरआईटी मोड़, आदित्यपुर के पास करीबन 2000 राहगीरों के बीच चना, शीतल पेय जल एवं शर्बत का वितरण किया। वही इस मौके पर मारवाड़ी सम्मेलन प्री वेडिंग सूट आउट की फोटोग्राफी और वीडियो विवाह समारोह स्थल पर प्रर्दशन करने पर सामाजिक प्रतिबंध को देखते हुए आज इस कार्यक्रम के साथ आदित्यपुर शाखा ने हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष मुकेश मित्तल,महामंत्री विवेक चौधरी, एशिया अध्यक्ष संतोष खैतान, कोषाध्यक्ष मोहित शाह, सचिव विमल अग्रवाल, सचिव दीपक अग्रवाल, आदित्यपुर शाखा सचिव संतुलाल खंडेलवाल, बिस्टुपुर शाखा सचिव मनोज अग्रवाल, रामोतार अग्रवाल, मनीष पारिख, अजय अग्रवाल, अनिल अग्रवाल , संदीप अग्रवाल सहित समाज बंधुगण ने हस्ताक्षर बोर्ड पे हस्ताक्षर करके समाज के उज्जवल भविष्य के लिए समर्थन दिया।



# भू-माफिया अब गांवों में भी, सात एकड़ वनभूमि जमीन को अवैध रूप से किया है कब्जा

## ग्राम प्रधान ने वन विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से कब्जा कराए जाने का जताया आशंका



प्रभात मंत्र संवाददाता

**नीमडीह :** सरायकेला खरसावां जिला के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के नीमडीह प्रखंड के लाकड़ी पंचायत के बांदू गांव में वनभूमि के कई एकड़ जमीन में लगे पेड़ को काटकर मकान बनाकर अवैध रूप से कब्जा जमाने का मामला प्रकाश में आया हे। अवैध रूप से वनभूमि पर कब्जा जमाने वाले के खिलाफ बांदू गांव के ग्राम प्रधान ने विभाग को उचित करवाई करने को लेकर पत्र भी लिखा है, दरअसल मामले में बांदू मौजा के ही वन भूमि के खाता संख्या 108 प्लॉट संख्या 292,293 कुल 7 एकड़ जमीन कब्जा हुआ है । ग्राम प्रधान श्यामल वरण पांडे ने बताया विभाग को अवैध रूप से वनभूमि पर कब्जा जमाने वालों में गांव के ही रहीन चंद्र महतो, जगदीश महतो पिता स्वर्गीय अर्जुन महतो, सहित रहीन चंद्र महतो के दो बेटे बबलू महतो, पप्पू महतो, श्रीधर महतो पिता रामनाथ महतो इनके ऊपर कब्जा करने का आरोप को लेकर विभाग को सूचित किया गया है।

मामले को लेकर कई बार को विभाग सूचित किया गया, लेकिन अब तक किसी तरह का कार्रवाई नहीं हुआ है। श्री पांडे ने बताया अगर इस बार विभाग कारवाई नहीं करती है तो पूरा गांव विभाग के विरुद्ध आन्दोलन करने को विवश होंगे।

## जविप्र दुकानदार संघ के प्रांतीय सचिव मिले गुरुजी से, डीलरों की समस्याओं से कराया अवगत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** झारखंड जन वितरण प्रणाली दुकानदार संघ के प्रांतीय सचिव सह कोल्हान प्रमंडल संयोजक फुलकांत झा गुरुवार को झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन से मिले। इस दौरान उन्होंने राशन डीलरों के लंबित मांगों से गुरुजी को अवगत कराया। बताया गया कि लंबित मांगों को लेकर जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों द्वारा संघ के बैनर तले आंदोलनरत हैं। उन्होंने गुरुजी को बताया कि संघ के बैनर तले देश के कुल 5 लाख 34 हजार जविप्र के दुकानदार और महिला स्वयं सहायता समूह ग्रुप के सदस्य इस देशव्यापी आन्दोलन में शामिल हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत संचालित करने वाले करीब 5 लाख दुकानदार भुखमरी के कगार पर आ गए हैं। उन्होंने बताया कि हमारी मांग राष्ट्रीय स्तर से लेकर राज्य स्तर तक वर्ष 2016 से लंबित है जिस पर सरकार अनदेखी कर रही है। इस बावत कई बार सरकार से गुहार लगाई गई। किन्तु सरकार द्वारा उसपर कोई ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय समिति यदि संघ से वार्ता नहीं करती है तो सभी डीलरों द्वारा विधानसभा के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

## 'मदर्स डे' पर सिटी कॉलेज के वीमेन सेल ने किया डिजिटल पोस्टर व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** आज 'मदर्स डे' के अवसर पर करीम सिटी कॉलेज के वीमेन सेल द्वारा डिजिटल पोस्टर व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डिजिटल पोस्टर प्रतियोगिता का विषय 'मां' व भाषण प्रतियोगिता का विषय सोशल मीडिया में मातृत्व की तस्वीरें थी। डिजिटल पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार रघुबीर टुडू को तथा द्वितीय पुरस्कार ऋषभ राज को मिला। भाषण प्रतियोगिता में आरजू नाज को अंग्रेजी वर्ग में सर्वश्रेष्ठ वक्ता और सौरभ सिन्हा को हिंदी वर्ग में सर्वश्रेष्ठ वक्ता का पुरस्कार मिला। वीमेन सेल की सदस्य डॉ बसुंधरा राय ने प्रतियोगिता के निर्णायक की भूमिका के रूप में उपस्थित थी। सभी विजेताओं को ट्रॉफी और सर्टिफिकेट प्रिंसिपल डॉ. मोहम्मद रियाज के हाथों दिया गया। यह कार्यक्रम इतिहास के एचओडी डॉ. इंद्रसेन सिंह, कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. मोहम्मद रियाज की उपस्थिति में संपन्न हुआ। पूरा कार्यक्रम वीमेन सेल के कॉर्डिनेटर डॉ कौसर तसनीन की देखरेख में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का संचालन अंकिता ने किया।

## एआईएसएमजेडबल्यूए ने पत्रकार पर हुए हमले को लेकर सीएम के नाम डीसी को सौंपा ज्ञापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** धनबाद में पत्रकार प्रविर महतो पर बलियापुर में हुए गोलीकांड के बाद एआईएसएमजेडबल्यूए के बैनर तले राज्य में लगातार पत्रकार साथियों द्वारा विभिन्न जिलों में स्थानीय विधायक,जिला उपायुक्त और एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम 9 सूत्री मांग पत्र सौंपे जा रहे हैं.

इसी क्रम में आज ऐसोसिएशन के कोल्हान महासचिव अजय महतो और सचिव उमाकांत कर द्वारा सरायकेला-खरसंवा के उपायुक्त अरवा राजकमल को 9 सूत्री मांग पत्र मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम सौंपा गया है. ज्ञापन में पत्रकार पत्रकार प्रविर महतो के बेहतर ईलाज, मुआवजा,अपराधियों की गिरफ्तारी, पत्रकार सुरक्षा कानून, एक्रिडेशन कमिटी और पत्रकार आयोग का गठन सहित कुल 9 मांगे शामिल हैं.

ज्ञापन सौंपने के बाद श्री महतो ने बताया कि आज ऐसोसिएशन के प्रदेश कमिटी के निर्देशानुसार हमने सरकार तक पत्रकारहित के विषयों को उपायुक्त के माध्यम से भेजने का काम किया है. हमें उम्मीद है कि हेमंत सरकार पत्रकारहित पर शीघ्र ही बड़ा फैसला लेगी.



कोल्हान सचिव उमाकांत कर ने कहा कि राज्य में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करवाने के लिए हम सभी लगातार प्रयास कर रहें हैं और वर्तमान में पत्रकार सुरक्षा कानून पर सत्ता व विपक्ष का भी समर्थन पत्रकारों को मिल रहा है. वे बोले राज्य में शीघ्र ही पत्रकार सम्मान सुरक्षा योजना लागू होने वाली है. अगर इसमें देरी हुई तो हम लगातार सभी जिले में आंदोलन कर सरकार को जगाने का काम करेंगे.

## 12 करोड़ से बनेगा अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय, हुआ शिलान्यास



**तिरूलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कुकडु प्रखंड क्षेत्र के सीसी गांव में गुरुवार को जिला स्तरीय अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय का शिलान्यास किया गया। विधायक सविता महतो, जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा, उपाध्यक्ष मधुश्री महतो, एसडीएम रंजीत लोहरा व 20 सुत्री अध्यक्ष शक्ति पद महतो ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर व शिलापट्ट अनावरण कर विधिवत शिलान्यास किया। अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय का निर्माण करीब 12 करोड़ की लागत से बनाया जाएगा। अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय का निर्माण होने से अल्पसंख्यक विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए बाहर जाने का जरूरत नहीं होगा।सरायकेला खरसावां जिले में एकमात्र अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय का शिलान्यास होने से अल्पसंख्यक समुदाय में काफी खुशी का लहर देखा गया। वहीं विधायक सविता महतो ने कहा कि 480 विद्यार्थियों के लिए छात्रावास, खेल मैदान व विद्यालय भवन का निर्माण करीब 12 करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 18 महिने में भवन बनकर तैयार हो जाएगा। विधायक ने कहा कि अल्पसंख्यक विद्यार्थियों के लिए आवासीय विद्यालय बनने से यहां के बच्चे शिक्षा ग्रहण कर पाएंगे। मौके पर बीडीओ राकेश गोप, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष इन्द्रजीत महतो, थाना प्रभारी रितेश कुमार, झामुमो केन्द्रीय सदस्य काबलु महतो आदि उपस्थित थे।

## पटमदा डिग्री कॉलेज जाल्ला की शासी निकाय का बैठक संपन्न, कई मुद्दों पर हुई चर्चा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा डिग्री कॉलेज जाल्ला की शासी निकाय का बैठक गुरुवार को जमशेदपुर परिसदन में शासी निकाय के अध्यक्ष सह जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस दौरान कॉलेज के विकास संबंधित चर्चायें की गई। कॉलेज के सचिव चंद्रशेखर टुडू ने बताया कि बैठक में मेन रोड से कॉलेज तक पीसीसी सड़क और चहारदीवारी का निर्माण, कॉलेज में छात्रों की संख्या बढ़ाने संबंधित चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि कॉलेज में बहुत जल्द झारखंड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी का स्टडी सेंटर भी खोला जाएगा। विधायक ने यूनिवर्सिटी के वीसी से दूरभाष पर बात की है। बैठक में मुख्य रूप से विश्वविद्यालय प्रतिनिधि डॉ पुरुषोत्तम प्रसाद, प्राचार्य डॉ सुमंत कुमार सेन, सचिव चंद्रशेखर टुडू व शिक्षक प्रतिनिधि चंद्रशेखर महतो उपस्थित थे।

## सबर टोला में 6 महीने से जलमीनार खराब दूर से पानी लाने को विवश महिलाएं



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड अंतर्गत गोबरघुसी सबर टोला में सौर ऊर्जा संचालित जलमीनार पिछले छह महीनों से खराब पड़े हैं। विलुप्त प्रायः सबर महिलाएं भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप में दूर से पानी लाकर अपनी प्यास बुझाने को मजबूर हैं। महिलाओं के द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधियों को जानकारी देने के बावजूद जलमीनार का मरम्मत के लिए कोई कदम नहीं उठाया है। गुरुवार को अखिल भारतीय झारखंड पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मपाल सिंह व बोड़ाम प्रखंड अध्यक्ष यादव राय जब दौरे के क्रम में गोबरघुसी सबर टोला पहुंचे तो महिलाओं ने उनको पेयजल की समस्या बताते हुए खराब पड़े जलमीनार का मरम्मत करवा देने की मांग रखी। यादव राय ने बताया कि सबर टोला के दर्जनों परिवार इसी जलमीनार का पानी उपयोग करते हैं। उन्होंने महिलाओं को भोरोषा दिलाया है कि बहुत जल्द विभागीय अधिकारियों के साथ संपर्क कर जलमीनार का मरम्मत करवाएंगे। इस दौरान मुख्य रूप से गुरुचरण दास, अजित टुडू आदि लोग मौजूद थे।

## संपादकीय

# आपसी समझदारी बने

केंद्रीय मंत्रिमंडल में गुरुवार सुबह किए गए एक संक्षिप्त बदलाव के कारण किरेन रिजिजू को कानून मंत्री का अपना पद गंवाना पड़ा। उन्हें अपेक्षाकृत कम महत्वपूर्ण माने जाने वाले भू-विज्ञान मंत्रालय में भेज दिया गया। उनकी जगह अर्जुन राम मेघवाल को राज्य मंत्री के रूप में कानून मंत्रालय का स्वतंत्र प्रभार दिया गया है। इस घटनाक्रम को कई वजहों से चौंकाने वाला माना जा रहा है। हाल के वर्षों में यह पहला मौका है, जब कानून मंत्री कैबिनेट रैंक के नहीं होंगे। किरेन रिजिजू सरकार के सबसे हाई प्रोफाइल मंत्रियों में गिने जाते थे। अचानक हुए इस बदलाव की कोई वजह नहीं बताई गई है, लेकिन जिस पृष्ठभूमि में ये बदलाव सामने आए हैं, उसकी अनदेखी नहीं की जा सकती। कानून मंत्री के रूप में किरेन रिजिजू का कार्यकाल न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच असामान्य टकराव और तनाव के लिए याद रखा जाएगा। जजों की नियुक्ति और ऐसे अन्य मुद्दों को लेकर न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच मतभेद होना और कभी-कभी इनका गंभीर रूप ले लेना भी कोई बहुत बड़ी बात नहीं है। ऐसा अतीत में होता रहा है, लेकिन ये मामले समझदारी से सुलझाए भी जाते रहे हैं। इस बार न केवल जजों की नियुक्ति से जुड़े मतभेद नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर इन दोनों संस्थानों के परस्पर विरोधी स्टैंड से जुड़ गए बल्कि कानून मंत्री के असामान्य रूप से कड़े बयानों के कारण स्थिति ज्यादा जटिल हो गई। मामले की जड़ में था कलीजियम सिस्टम जिसे केंद्र सरकार समाप्त करना चाहती थी। 2014 में सरकार नैशनल जुडिशल अपॉइंटमेंट्स कमिशन एक्ट (एनजेएसी एक्ट) भी लाई थी, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने असंवैधानिक बता कर निरस्त कर दिया था। उसके बाद से ही न्यायपालिका को ऐसा लग रहा था कि कलीजियम की ओर से भेजे जाने वाले नामों को स्वीकार करने में कार्यपालिका बेरुखी दिखा रही है। दूसरी ओर सरकार का कहना था कि कलीजियम सिस्टम के जरिए जजों की जजों द्वारा नियुक्ति का चलन ठीक नहीं है और इसमें बदलाव किया जाना चाहिए। ये बातें अलग-अलग मौकों पर सार्वजनिक भी की जाती थीं, लेकिन रिजिजू के कार्यकाल में ये अप्रत्याशित रूप से बढ़ गईं। न केवल सुप्रीम कोर्ट ने कलीजियम की सिफारिशों पर अमल में देरी को गंभीर मसला बताते हुए कड़ी प्रशासनिक और न्यायिक कार्रवाई की चेतावनी दी बल्कि कानून मंत्री ने उस पर प्रतिक्रिया देते हुए यहां तक कह दिया कि कोई किसी कोई को धमकी नहीं दे सकता। उन्होंने एक अलग मौके पर यह भी कहा कि देश संविधान से बाहर की कोई व्यवस्था सिर्फ इसलिए नहीं स्वीकार कर लेगा कि वह फैसला कुछ जजों द्वारा लिया गया है। उम्मीद की जाए कि ऐसे सख्त बयानों से न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच बना तनाव अब धीरे-धीरे कम होगा और ठंडे माहौल में गंभीरता के साथ उन मतभेदों को सुलझाने की कोशिश की जाएगी जो दोनों संस्थानों के बीच उभर आए हैं।


जजों की नियुक्ति और ऐसे अन्य मुद्दों को लेकर न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच मतभेद होना और कभी-कभी इनका गंभीर रूप ले लेना भी कोई बहुत बड़ी बात नहीं है। ऐसा अतीत में होता रहा है, लेकिन ये मामले समझदारी से सुलझाए भी जाते रहे हैं। इस बार न केवल जजों की नियुक्ति से जुड़े मतभेद नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर इन दोनों संस्थानों के परस्पर विरोधी स्टैंड से जुड़ गए बल्कि कानून मंत्री के असामान्य रूप से कड़े बयानों के कारण स्थिति ज्यादा जटिल हो गई। मामले की जड़ में था कलीजियम सिस्टम जिसे केंद्र सरकार समाप्त करना चाहती थी। 2014 में सरकार नैशनल जुडिशल अपॉइंटमेंट्स कमिशन एक्ट (एनजेएसी एक्ट) भी लाई थी, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने असंवैधानिक बता कर निरस्त कर दिया था। उसके बाद से ही न्यायपालिका को ऐसा लग रहा था कि कलीजियम की ओर से भेजे जाने वाले नामों को स्वीकार करने में कार्यपालिका बेरुखी दिखा रही है। दूसरी ओर सरकार का कहना था कि कलीजियम सिस्टम के जरिए जजों की जजों द्वारा नियुक्ति का चलन ठीक नहीं है और इसमें बदलाव किया जाना चाहिए।


## कुछ अलग

# फिल्म भी देखी पैसे भी बटोरे

जिस रांची को देश ने बाद में धोनी की वजह से जाना, उससे कोई डेढ़ घंटे की दूरी पर पतरातू नाम की जगह है। अब यह जगह झारखंड में है, लेकिन बात तब की है, जब झारखंड अलग राज्य नहीं बना था। उस वक्त पतरातू बिहार के हजारीबाग जिले का हिस्सा हुआ करता था। अब यह जिला भी झारखंड में है। पतरातू में राज्य सरकार का कोयले से चलने वाला पावर प्लांट था, जिसमें मेरे पिता काम करते थे। यह काम ही हमारे परिवार को पूर्वी उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले से वहां लेकर गया था। बोकारो के स्टील प्लांट की तरह ही इसे भी नेहरू के आधुनिक उद्योग खड़ा करने की मुहिम के तहत सोवियत संघ से आए इंजीनियरों ने बनाया था। जब तक मैंने होश संभाला, तब तक यहां रूसी लोगों के किस्से ही रह गए थे, रूसी तो कब के पतरातू छोड़कर जा चुके थे। पावर प्लांट की बाद की यूनिटें भारतीय इंजीनियरों ने बनाईं, इसलिए उन्हें 'इंडियन साइड' और पहले की दो यूनिटों को 'रशियन साइड' कहा जाता था। प्लांट में काम करने वालों को ओहदे के हिसाब से घर अलॉट किए जाते थे। उनके मनोरंजन के लिए ऑफिसर्स क्लब और श्रम कल्याण केंद्र (वर्कर्स क्लब) नाम से दो क्लब भी बनाए गए थे। इनमें हर सप्ताह मुफ्त फिल्में भी दिखाई जाती थीं। ऑफिसर्स क्लब में इनडोर और श्रम कल्याण केंद्र में आउटडोर। ऑफिसर्स क्लब में तो दिन में भी फिल्में दिखाई जा सकती थीं, मगर श्रम कल्याण केंद्र की दिक्कत यह थी कि वहां प्रॉजेक्टर पर रील तभी चढ़ती, जब अंधेरा कुछ घना होता। कई साल तक इन्हीं दो जगहों पर फिल्में दिखाई जाती रहीं, लेकिन जब मैं 12 साल का हुआ, तब तीन-चार जगहों पर इन्हें दिखाया जाने लगा। मेरा घर श्रम कल्याण केंद्र से दो किलोमीटर दूर था। जब फिल्मों को तीन-चार जगहों पर दिखाने की व्यवस्था शुरू हुई, तो उनमें से एक ठीक मेरे घर के पीछे थी। अब फिल्म देखने के लिए दो किलोमीटर घिसकर श्रम कल्याण केंद्र तक जाने की जरूरत खत्म हो गई। फिर 12 साल के बच्चे को कौन घर से दूर जाने देता। इसके चलते वहां जाने की इजाजत माता-पिता से बमुश्किल ही मिल पाती थी। लेकिन जब मेरे घर के पीछे ही फिल्म चलने लगी, तो माता-पिता की यह रोक थोड़ी ढीली हुई। अमिताभ बच्चन तब सबसे बड़े स्टार थे और उनकी नसीब, आनंद, शान जैसी फिल्में मैंने यहीं देखीं। फिल्म दिखाने के लिए एक तरफ दो डंडों के बीच बड़ा सफेद पर्दा टांगा जाता और प्रॉजेक्टर से रात को फिल्म दिखाई जाती। परदे के सामने लोग जमीन पर बैठकर फिल्में देखते। जितनी दिलचस्पी हम लोगों की फिल्म देखने में होती, उससे भी ज्यादा अगली सुबह में। उसकी वजह यह थी कि पिछली रात जहां लोग बैठकर फिल्में देख रहे होते, उनकी जेब से सिक्के और नोट जमीन पर गिर जाते। इसलिए अगली सुबह वहां बच्चे पहुंचकर पैसे ढूंढते थे और मुझे शायद ही कभी इस मामले में मायूस होना पड़ा हो। हम बच्चों को वहां से जो पैसे मिलते, उससे हम कंचे, टॉफी और लट्टू खरीदा करते। 1988 में इसी तरह एक बार मुझे वहां 5 रुपये मिले थे। कल जब मैं अपने दफ्तर से निकला तो नीचे सड़क की ओर देखते हुए खयाल आया कि अब सड़कों पर रुपये या सिक्के नहीं मिलते। कम से कम मुझे तो बरसों से नहीं मिले। यानी अब सड़कें भी कैशलेस हो गई हैं।


कई साल तक इन्हीं दो जगहों पर फिल्में दिखाई जाती रहीं, लेकिन जब मैं 12 साल का हुआ, तब तीन-चार जगहों पर इन्हें दिखाया जाने लगा। मेरा घर श्रम कल्याण केंद्र से दो किलोमीटर दूर था। जब फिल्मों को तीन-चार जगहों पर दिखाने की व्यवस्था शुरू हुई, तो उनमें से एक ठीक मेरे घर के पीछे थी। अब फिल्म देखने के लिए दो किलोमीटर घिसकर श्रम कल्याण केंद्र तक जाने की जरूरत खत्म हो गई। फिर 12 साल के बच्चे को कौन घर से दूर जाने देता। इसके चलते वहां जाने की इजाजत माता-पिता से बमुश्किल ही मिल पाती थी।


## झीलें अगर सिकुड़ती गईं, तो यह संकट और गंभीर होता जाएगा

# झीलों की उपेक्षा से गंभीर होता जल-संकट

ललित गर्ग

दुनिया की झीलों पर मंडरा रहे खतरों पर किये गये एक ताजा शोध एवं अनुसंधान में कहा गया है कि दुनिया की आधे से अधिक सबसे बड़ी झीलों और जलाशयों में पानी लगातार घट रहा है और वे सूखने की कगार पर हैं। इसके कारण धरती के कई हिस्सों में इंसानों की भविष्य की जल सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। झीलों और बड़े जलाशयों के सूखने का सबसे बड़ा कारण जलवायु परिवर्तन, बढ़ती गर्मी और बढ़ती पानी की खपत को माना जा रहा है। ऐसे समय में जब पेयजल का गंभीर संकट महसूस किया जा रहा है और पानी के प्राकृतिक स्रोतों के संरक्षण पर जोर दिया जा रहा है, यह इस शोध से हुआ नया खुलासा और चिंता पैदा करता है। व्यवस्थित रूप से इस संकट का अध्ययन करने के लिए एक टीम में अमेरिका, फ्रांस और सऊदी अरब के वैज्ञानिक शामिल थे। इन लोगों ने 1992 से 2020 तक की सेटेलाइट तस्वीरों का उपयोग करते हुए पृथ्वी की सबसे बड़ी 1,972 झीलों और जलाशयों को देखा। उन्होंने बड़े पैमाने पर उपग्रहों की बेहतर सटीकता के साथ-साथ इंसानों और वाइल्ड लाइफ के लिए महत्व होने के कारण बड़े मीठे पानी की झीलों पर अपना ध्यान केंद्रित किया। इस अध्ययन में यह देखने की कोशिश की गई झीलों में पानी की मात्रा में लगभग 30 साल में कैसे और कितना अंतर आया है। नतीजों में पाया गया कि 53 फीसदी झीलों और जलाशयों में पानी की मात्रा में लगभग 22 गीगाटन सालाना की दर से गिरावट देखी गई। इस तरह सरकारों और जल संचय के लिए काम करने वाले सामाजिक संगठनों के लिए यह चेतावनी की घंटी है। झीलें एक प्रकार की प्राकृतिक जलाशय है, जिनके पानी का उपयोग पेयजल और उद्योगों आदि के काम में किया जाता है। जिस तरह नदियों का जलस्तर घटते जाने की वजह से दुनिया के अनेक शहरों में पेयजल का गहरा संकट पैदा हो गया है, उसी तरह झीलें अगर सिकुड़ती गईं, तो यह संकट और गंभीर होता जाएगा। नदियों एवं झीलों में गिरते जल स्तर से आज पूरी दुनिया जल-संकट के साए में खड़ी है। अनियोजित औद्योगीकरण, बढ़ता प्रदूषण, घटते रेगिस्तान एवं ग्लेशियर, नदियों के जलस्तर में गिरावट, पर्यावरण विनाश, प्रकृति के शोषण और इनके दुरुपयोग के प्रति असंवेदनशीलता पूरे विश्व को एक बड़े जल संकट की ओर ले जा रही है। पैकेट और बोतल बन्द पानी आज विकास के प्रतीकचिह्न बनते जा रहे हैं और अपने संसाधनों के प्रति हमारी लापरवाही अपनी मूलभूत आवश्यकता को बाजारवाद के हवाले कर देने की राह आसान



कर रही है। विशेषज्ञों ने जल को उन प्रमुख संसाधनों में शामिल किया है, जिन्हें भविष्य में प्रबंधित करना सबसे चुनौतीपूर्ण कार्य होगा। सदियों से निर्मल जल का स्त्रोत बनी रहीं नदियाँ एवं झीलें पर्यटन को प्रोत्साहन देने से प्रदूषित हो रही हैं, जल संचयन तंत्र बिगड़ रहा है, और जल स्तर लगातार घट रहा है। आज विश्व के सभी देशों में झीलों से मिलने वाले स्वच्छ एवं सुरक्षित जल की उपलब्धता सुनिश्चित करवाना जरूरी है साथ ही जल संरक्षण के महत्व पर भी ध्यान केंद्रित करना है। आप सोच सकते हैं कि एक मनुष्य अपने जीवन काल में कितने पानी का उपयोग करता है, किंतु क्या वह इतने पानी को बचाने का प्रयास करता है? झीलों, नदियों, जलाशयों और अन्य प्राकृतिक जलस्रोतों के सूखते जाने को लेकर लगातार अध्ययन होते रहे हैं, उनके आंकड़ों से वजहें भी स्पष्ट हैं। मगर उनके संरक्षण को लेकर जिन व्यावहारिक उपायों की अपेक्षा की जाती है, उन पर अमल नहीं हो पाता। झीलों का स्रोत आमतौर पर पहाड़ों से आने वाला पानी होता है। वह बर्फ के पिघलने या फिर वर्षाजल के रूप में संचित होता है। मगर जलवायु परिवर्तन की वजह से जिस तरह दुनिया भर में गर्मी बढ़ रही है, उसमें कई जगह पहाड़ों पर पहले की तरह बर्फ नहीं जमती और न पर्याप्त वर्षा होती है। फिर उनसे जो पानी पैदा होता है, उसका अनुपात बिगड़ चुका है। बरसात की अवधि कम और बारिश की मात्रा कम या अधिक होने से झीलों में पर्याप्त पानी जमा नहीं हो पाता। जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। मानव एवं जीव-जन्तुओं के अलावा जल कृषि के सभी रूपों और अधिकांश औद्योगिक उत्पादन प्रक्रियाओं के लिये भी बेहद आवश्यक है। परंतु धरती के क्षेत्रफल का लगभग 70 प्रतिशत भाग जल से भरा हुआ है। परंतु, पीने योग्य जल मात्र तीन प्रतिशत है, इसमें से भी मात्र एक प्रतिशत मीठे जल का ही वास्तव में हम उपयोग कर पाते हैं। जिनमें झीलों एवं नदियां ही मुख्य जलस्रोत है। लेकिन, मानव अपने पर्यटन, स्वास्थ्य, सुविधा, दिखावा व विलासिता में अमूल्य जल की बर्बादी करने से नहीं चूकता। पानी का इस्तेमाल करते हुए हम पानी की बचत के बारे में जरा भी नहीं सोचते, जिसके परिणामस्वरूप अधिकांश झीलों एवं नदियों में जल संकट की स्थिति पैदा हो चुकी है। तापमान में जैसे-जैसे वृद्धि हो रही है, भारत के कई हिस्सों में पानी की समस्या विकराल रूप धारण कर रही है। प्रतिवर्ष यह समस्या पहले के मुकाबले और बढ़ती जा रही है। इसका मुख्य कारण पहाड़ों पर लगातार बढ़ रहा पर्यटन और औद्योगिक वाणिज्यिक गतिविधियां हैं। पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने का एक बड़ा नुकसान यह भी हुआ है कि झीलों में व्यावसायिक गतिविधियां बढ़ी हैं, जिसके चलते उनमें कचरा जमा होता गया है। उनकी नियमित गाद निकालने की व्यवस्था न होने से वे उथली होती गई हैं। कई झीलों का पाट सिकुड़ता गया है। देश की प्रमुख झीलों जिनमें कश्मीर की डल झील हो या पुष्कर सरोवर या उदयपुर की झीलें- यह सरकारों की उपेक्षा का नतीजा तो है ही, सामाजिक संगठनों की उदासीनता का भी पता देता है। पहले सामुदायिक जल स्रोतों की सुरक्षा सुनिश्चित होती थी, मगर अब वह परंपरा लगभग समाप्त हो गई है। झीलों की सेहत सुधारनी है, तो यह उदासीनता और उपेक्षा का भाव त्यागना होगा, एक सुनियोजित समझ एवं सोच झीलों के जलस्रोत एवं संरक्षण के लिये विकसित करनी होगी। भारत में झीलों के जल का मुख्य जलस्रोत पहाड़ों से आने वाले बर्फ के पिघलने एवं झरनों से आने वाला जल है। हमारे यहां उत्तराखण्ड के पहाड़ उसके बड़े उदाहरण हैं। लेकिन वहां बड़े पैमाने पर शुरू हुई विकास परियोजनाओं की वजह से न सिर्फ पहाड़ों के धंसने और स्खलित होने की घटनाएं बढ़ी हैं, बल्कि अनेक प्राकृतिक जल स्रोतों पर संकट मंडराने लगा है। वहां की नदियों और पहाड़ी झरनों का मार्ग अवरुद्ध होने से झीलों तक पहुंचने वाले जल काफी कम हो गया है। बहुत सारी झीलों के पानी का अतार्किक दोहन बढ़ा है। उनका बड़े पैमाने पर औद्योगिक इकाइयों के लिए इस्तेमाल होने लगा है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक जल उपयोग पिछले 100 वर्षों में छह गुणा बढ़ गया है, और बढ़ती आबादी, आर्थिक विकास तथा खपत के तरीकों में बदलाव के कारण यह प्रतिवर्ष लगभग एक प्रतिशत की दर से लगातार बढ़ रहा है।


भारत में झीलों के जल का मुख्य जलस्रोत पहाड़ों से आने वाले बर्फ के पिघलने एवं झरनों से आने वाला जल है। हमारे यहां उत्तराखण्ड के पहाड़ उसके बड़े उदाहरण हैं। लेकिन वहां बड़े पैमाने पर शुरू हुई विकास परियोजनाओं की वजह से न सिर्फ पहाड़ों के धंसने और स्खलित होने की घटनाएं बढ़ी हैं, बल्कि अनेक प्राकृतिक जल स्रोतों पर संकट मंडराने लगा है। वहां की नदियों और पहाड़ी झरनों का मार्ग अवरुद्ध होने से झीलों तक पहुंचने वाले जल काफी कम हो गया है। बहुत सारी झीलों के पानी का अतार्किक दोहन बढ़ा है।


# फिर सामने आया षड्यंत्री मानसिकता का कुत्सित चेहरा

रिजर्व बैंक ने दो हजार का नोट चलन से बाहर क्या किया हमारे देश के कुछ कथित अखबार नवीसों, वामपंथी बुद्धिजीवियों और टुकड़े टुकड़े गैंग के सदस्यों को जैसे प्रधानमंत्री मोदी को गरियाने का मुद्दा मिल गया। तरस आता है इन मूड़मतों की बुद्धि पर, रिजर्व बैंक के इस निर्णय की तुलना 2016 में की गई नोटबंदी से करके देशवासियों को बरगलाने का काम लगातार जारी है। ऐसा लगता है की देशवासियों को जैसे मूर्ख समझ लिया गया है और सारी बुद्धिमत्ता का धनी खुद को मान लिया गया है। पूरा देश अब भली प्रकार से यह समझ चुका है कि देश में एक बहुत बड़ा वर्ग ऐसा है जिसका कि केवल यही काम रह गया है कि कैसे न कैसे केंद्र सरकार द्वारा जनहित और राष्ट्रहित में उठाए कदमों का विरोध किया जाए और उसके प्रति तमाम भ्रमपूर्ण बातें फैलाकर देश के माहौल को गंदा किया जाए। दो हजार के नोट को चलन से बाहर करने पर भी कुछ ऐसा ही माहौल पैदा करने का षडयंत्र लगातार जारी है। इस षड्यंत्र में कमोवेश वही लोग नजर आ रहे हैं पिछले 9 वर्षों के दौरान तमाम सरकारी नीतियों पर गला फाड़ते दिखाई दिए हैं। पूरे देश ने देखा है कि धारा 370 को हटाए जाने का विषय हो, किसान हित में लिए गए निर्णय हो, अयोध्या राममंदिर निर्माण का विषय हो, समान नागरिक कानून लागू करने की बात हो, सीएए हो, तीन तलाक जैसी कुरीति समाप्त करना हो, नई शिक्षा नीति लागू किया जाना, अथवा आर्थिक उन्नयन के लिए उठाए गए तमाम निर्ण्य हों यहां तक कि विदेश व सैन्य क्षेत्र से जुड़े तमाम संवेदनशील विषय सहित अनेक ऐसे मामले हैं जिनका राजनीतिक वैचारिक दुर्भावना के कारण विरोध होता रहा है। आश्चर्य की बात यह है कि इस विरोध के चलते ढपली बजाओ और टुकड़े टुकड़े गैंग के लोग आजादी के नारे बुलंद करते दिखाई दिए, जे एन यू, जामिया, एयू जैसे शिक्षा के मंदिरों में षड्यंत्रों की फसल तैयार की गई, टूल किट के माध्यम देश में पूर्व नियोजित आग लगाई गई। विदेशों में बैठकर अपने ही देश की तमाम रीतियों नीतियों का विरोध भी पूरे देश ने देखा है। जहां तक दो हजार के नोट को चलन से बाहर करने का निर्णय है रिजर्व बैंक ने एक चरणबद्ध प्रक्रिया के अंतर्गत इसे लागू करने का काम बहुत पहले से ही प्रारंभ कर दिया था। रिजर्व बैंक द्वारा नए दो हजार के नोट छापने का काम 2018 से ही बंद कर दिया गया था। आरबीआई एक्ट 1934 की धारा 24 (1) के तहत पहली बार 2000 के नोट नवंबर 2016 में जारी किए गए थे। तब 500 रुपये और 1000 रुपये के नोट बंद किए जाने के बाद अर्थव्यवस्था में मुद्रा ज़रूरतों को पूरा करने के लिए 2000 के नोट जारी किए गए थे।.जब छोटे नोटों की आपूर्ति सुचारू हो गई तो 2018-19 में 2000 के नोटों को छापना बंद कर दिया गया। आरबीआई के अनुसार, 2000 के 89% नोट मार्च 2017 से पहले जारी किए गए थे।आरबीआई अपनी क्लीन नोट पॉलिसी के तहत नोटों को बंद करती है या नए नोट जारी करती है।साल 2021 में तत्कालीन वित्त राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया था कि आरबीआई ने साल 2019 और 2020 में दो हज़ार रुपए के नए नोट छापे ही नहीं हैं। वहीं अनुराग ठाकुर ने साल 2020 में कहा था, "मार्च 2019 में 329.10 करोड़ रुपए क़ीमत के दो हज़ार रुपए के नोट बाज़ार में चल रहे थे. वहीं मार्च 2020 में इनकी क़ीमत कम होकर 273.98 करोड़ रुपए रह गई"। शुक्रवार को जो निर्णय लिया गया है उससे देश की ईमानदार जनता बेहद खुश नजर आती है परेशान वे लोग हैं जिन्होंने दो हजार के नोटों को अपनी काली कमाई के संरक्षण का साधन बना लिया था, ऐसे लोगों की तिजोरियां ऊपर से नीचे तक गुलाबी हो रहीं थीं, परेशान वे लोग हैं जो देश तोड़ने के लिए ऐसे गुलाबी नोटों के माध्यम से टेरर फंडिंग का काम कर रहे थे। हाल ही में देश के तमाम राज्यों में एनआईए की छापामारी में इसके सबूत सामने आए हैं। आरबीआई पूर्व डिप्टी गवर्नर आर गांधी ने कहा कि 2,000 रुपये के बैंक नोट वापस लेने से काले धन पर रोक लगाने में काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सकेगा क्योंकि लोग यह नोट जमा कर रहे हैं। गांधी ही वर्ष 2016 में 500 और 1,000 रुपये के नोट चलन से हटाये जाने के समय आरबीआई में मुद्रा विभाग के प्रमुख थे। उन्होंने कहा कि भुगतान पर किसी भी सिस्टमेटिक प्रभाव की संभावना नहीं है क्योंकि इन नोटों का उपयोग डेली ट्रांजैक्शंस में नहीं किया जाता है. ज्यादातर भुगतान डिजिटल माध्यम से होते हैं। पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग ने RBI के इस फैसले को लेकर कहा कि यह 'बहुत बड़ी घटना' नहीं है और इससे इकोनॉमी या मौद्रिक नीति पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। क्योंकि 2,000 रुपये के नोट को 2016 में सुभाष चंद्र गर्ग डेमोनेटिज़ेशन के समय देश में करेंसी की अस्थायी कमी को दूर करने के लिए लगाया गया था। गर्ग ने कहा कि पिछले पांच-छह वर्षों में डिजिटल पेमेंट में भारी बढ़ोत्तरी के बाद, 2,000 रुपये के नोट (जो वास्तव में अन्य मूल्यवर्ग के नोटों के स्थान पर लाया गया था) वापस लेने से कुल करेंसी फ्लो प्रभावित नहीं होगा और इसलिए मोनेटरी पॉलिसी पर भी कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। उन्होंने पीटीआई से बात करते हुए कहा, "इससे भारत के इकोनॉमिक और फाइनेंसियल सिस्टम के परिचालन पर भी कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा और जीडीपी ग्रोथ या पब्लिक वेलफेयर पर कोई भी प्रभाव नहीं पड़ेगा. नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद पनगड़िया ने कहा है कि 2000 का नोट वापस मंगाने के भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के फैसले से इकोनॉमी पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा क्योंकि ऐसे वापस हुए नोटों के स्थान पर उसी कीमत में कम मूल्यवर्ग के नोट जारी कर दिए जाएंगे। पनगड़िया ने कहा कि RBI के इस कदम से जरुर अवैध धन की आवाजाही को मुश्किल हो सकता है। पनगड़िया पीटीआई से बात करते हुए कहा, "हम इसका इकोनॉमी पर कोई बुरा प्रभाव पड़ता नहीं देख रहे है. क्योंकि 2,000 के नोट को उसी राशि के बराबर कीमत के नोटों से बदल दिया जाएगा. इसलिए इसका मनी फ्लो पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। इस बार 2000 रुपए की नोटबंदी का फैसला 2016 की नोटबंदी से अलग है क्योंकि 2000 का नोट बतौर लीगल टेंडर मनी जारी रहेगा. यानी अगर किसी के पास दो हजार रुपए का नोट है तो उसकी मान्यता बनी रहेगा।




आरबीआई एक्ट 1934 की धारा 24 (1) के तहत पहली बार 2000 के नोट नवंबर 2016 में जारी किए गए थे। तब 500 रुपये और 1000 रुपये के नोट बंद किए जाने के बाद अर्थव्यवस्था में मुद्रा ज़रूरतों को पूरा करने के लिए 2000 के नोट जारी किए गए थे।.जब छोटे नोटों की आपूर्ति सुचारू हो गई तो 2018-19 में 2000 के नोटों को छापना बंद कर दिया गया। आरबीआई के अनुसार, 2000 के 89% नोट मार्च 2017 से पहले जारी किए गए थे।आरबीआई अपनी क्लीन नोट पॉलिसी के तहत नोटों को बंद करती है या नए नोट जारी करती है। साल 2021 में तत्कालीन वित्त राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया था कि आरबीआई ने साल 2019 और 2020 में दो हज़ार रुपए के नए नोट छापे ही नहीं हैं। वहीं अनुराग ठाकुर ने साल 2020 में कहा था, "मार्च 2019 में 329 .10 करोड़ रुपए क़ीमत के दो हज़ार रुपए के नोट बाज़ार में चल रहे थे . वहीं मार्च 2020 में इनकी क़ीमत कम होकर 273 .98 करोड़ रुपए रह गई"।


## नागरिक बोध

# इमरान खान की रिहाई के बाद सुप्रीम कोर्ट पर मदरसा सेना का निशाना

इमरान खान के शासन काल में पाकिस्तान की स्थिति धीरे धीरे बिगड़ती गई। प्रधानमंत्री इमरान खान के अकुशल नेतृत्व के कारण देश की हालात खराब होते गए। ऑक्सीजन पर सरकार आने के बाद पाकिस्तान मुस्लिम लिंग सत्ता में आई। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ बनाए गए। पाकिस्तान में तानाशाही सरकार को हटाने के बाद शहबाज शरीफ प्रधानमंत्री बन तो गए, लेकिन पाकिस्तान की तिजोरी खाली थी। आर्थिक संकट झेल रहा पाकिस्तान के पास कोई विकल्प नही था। चीन की भदद के बाद पाकिस्तान की गाड़ी पटरी पर दौड़ने लगी है। किंतु आज भी विदेशी करंसी पाकिस्तान के पास नही है। जिसके चलने आयात प्रभावित हो रहा है।इमरान ने पाकिस्तान को कई का नही छोड़ा। आज आसमान छू रहे दामों में पाकिस्तान त्राहिमाम पुकार रहा है। पेट्रोल डीजल और खाद्यान्न के भाव चार गुने बड़े है। आटा, दाल और सब्जियों के साथ सिलेंडर के दाम सुनकर आश्चर्य होता है। देश मे हालात खराब है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को सेना ने गिरफ्तार किया। लेकिन कोर्ट ने जमानत देने के बाद पाकिस्तान में बवाल बढ़ गया है। सुप्रीम कोर्ट पर मदरसा सेना ने घेराव किया। दरवाजे पर चढ़कर अंदर घुसने की कोशिश की गई है। भारत मे सुप्रीम कोर्ट की कभी कोई अवमानना नही करता है। यह देश की सर्वोच्च न्यायालय है। लेकिन जिस तरह से पाकिस्तान में सुप्रीम कोर्ट को निशाना में लिया है। यह कानून की तौहीन है। पाक में मुस्लिम लिंग की सत्ताधारी मदरसा सेना गठबंधन में शामिल है।ये दोनों पार्टियां सत्ता में है। इमरान खान को भ्रष्टाचार के विरुद्ध धरपकड़ की गई थी। लेकिन जिस तरह से राजनीतिक दल अदालत के कार्यो में व्यवधान पैदा करके संविधान पीठ के न्यायमूर्तियों को दबाया जा रहा है। यह तो पाकिस्तान में ही संभव है। इमरान ने गुंडा जैसे शब्द का उपयोग किया है। लोगो का सड़को पर हुजूम उमड़ पड़ा है। जनता ने इमरान को बीच सड़क पर फांसी देने या दस साल की सजा का आह्वान किया।इमरान खान ने पाकिस्तान को धरातल पर लाकर खड़ा कर दिया।इ मरान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री रहते भारत के लिए जहर उगलने का ही काम किया है। उरी हमला और एयरबेस की क्रूरता देश के सामने है। पाकिस्तान को शायद पता चल गया था कि भारत की सरकार मजबूत ही नही है, घर मे घुसकर मारने वाली है। इसलिए भारत के सामने उंगली बताना छोड़ दिया। दरअसल, पाकिस्तान में हुड़दंग बन्द होने वाला नही है। सुप्रीम और सरकार के बीच तकरार बढ़ती जा रही है। इमरान की जमानत के खिलाफ सड़को को वीरान बनाने में कोई कसर नही छोड़ी है। पत्थरबाजी, आगजनी, तोड़फोड़ और हत्या के इस घृणित मापदंड को पाकिस्तान लिए विघटनकारी है। देश मे हालात काबू में लाने के लिए कोर्ट ने इमरान को जमानत दी है। गरीबी में आटा गिला वाली कहावत आज पाकिस्तान पर चरितार्थ हो रही है।

## देश दुनीया से

# नई शिक्षा नीति में आदिवासियों के लिए क्या है?

तकरीबन 34 साल पुरानी शिक्षा नीति की जगह 2020 में लागू हुई नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) को शिक्षा प्रणाली में परिवर्तनकारी सुधार का नुस्खा माना जा रहा है। इससे उम्मीद की गई है कि यह स्कूल-कॉलेजों की शिक्षा प्रणाली को अधिक लचीली और समग्र बनाकर स्टूडेंट्स की अद्वितीय क्षमताओं को सामने लाएगी। सवाल है कि इस नीति में आदिवासी समाज को कितनी जगह दी गई है? सरकार और विशेषज्ञों का कहना है कि NEP 2020 की परिकल्पना राष्ट्र के विकास में सीधा योगदान देती है। इस संदर्भ में यह बात दोहराई गई है कि 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों को 2025 तक मुफ्त और उच्च-गुणवत्ता वाली शिक्षा मिलेगी, क्योंकि अभी भारत में सीखने का गंभीर संकट है। सरकार स्वीकार करती है कि बच्चे प्री-प्राइमरी के लिए नामांकित तो हो जाते हैं, लेकिन वे बुनियादी कौशल हासिल करने में विफल रहते हैं। यह विफलता कोडरमा-कैमूर-करीमनगर सहित ऐसे ढेरों आदिवासी बहुल जिलों में साफ दिखती है। मुख्यधारा से कटे रायगड़ा-कांकेड़-झाबुआ और अदिलाबाद जैसे जिलों में बुनियादी कौशल की बात बेमानी हो जाती है। ये जिले अकुशल श्रमिकों की पौधशाला हैं। क्या NEP से आदिवासी समुदायों के जीवन में आमूल-चूल बदलाव की उम्मीद की जा सकती है? NEP में वनाश्रित समुदाय, पहाड़ों के रहिवासी या मैदानी इलाकों में रहने वाले जनजातीय समुदायों की कितनी हिस्सेदारी है, इस पर बात होनी चाहिए। बड़ी दिक्कत तो यह है कि लंबे समय तक आदिवासियों को शिक्षा का उद्देश्य बताया ही नहीं गया। उनसे यह भी नहीं पूछा गया कि उनकी जिंदगी की प्राथमिकता क्या है? वे किसलिए पढ़ रहे हैं? नौकरी के लिए पढ़ रहे हैं तो उनके पास रोजगार को लेकर क्या जानकारी है? 1964 में बने कोठारी आयोग ने शिक्षा के संदर्भ में कहा था कि मनुष्य में आंतरिक बदलाव, गुणात्मक सुधार और सुविधाओं का विस्तार जरूरी है। मगर वन्य संस्कृति में इसकी जगह मैदानी इलाकों के अतिरंजित तथ्य और महानायकों की महिमा पिरोए जाने की कोशिश शुरू हुई। आदिवासियों का जंगल उनकी शिक्षा में पहले भी नहीं था। हालांकि NEP 2020 में वन प्रबंधन का जिक्र है, मगर जंगलों पर गंभीर चर्चा नहीं है। वैसे आदिवासियों का अपना वन प्रबंधन है, जो उनकी परंपरा से यहां तक पहुंचा है। जंगलों का प्रबंधन अगर उन्हें अपनी परंपरा से अलग करके पढ़ाया जाता है तो उसे वे कितना स्वीकार करेंगे? आंकड़े बताते हैं कि देश में चिह्नित 74 आदिवासी बोलियों में बारह से ज्यादा लुप्त हो चुकी हैं। इन्हें हजारों सालों से आदिवासी व्यवहार में लाकर बचाते आ रहे थे। क्या नई शिक्षा नीति में इन्हें बचाने या संजोने की कोई पहल है? आदिवासी समुदाय तो हिंदी से भी झिझकता रहा है, मगर अंग्रेजी सीखना उसके लिए बाध्यता है। समाजशास्त्री मानते हैं कि आदिवासी बच्चों को एक अपरिचित भाषा में शिक्षा देना न केवल उनकी सीखने की क्षमता को सीमित करता है, बल्कि उनके पारंपरिक ज्ञान को भी नकारता है। इस लिहाज से राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत मातृभाषा में शिक्षा देने की व्यवस्था जरूर कुछ लाभदायक साबित हो सकती है। 1979 में शिक्षा नीति पर बने मसौदे में नैतिकता और शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रस्ताव आया। 1992 की नई शिक्षा नीति में फिर उसी गुणवत्ता की बात हुई, लेकिन इस बार शिक्षा को जीवन की वास्तविकताओं से जोड़ने की बात हुई है। तब भी आदिवासियों की शिक्षा प्राथमिकता में कहीं नहीं दिखी, न दिल्ली में और न राज्यों की राजधानी में। इसके उलट आदिवासी बच्चों को छात्रवृत्ति और आवासीय सुविधाओं वाले विद्यालय देकर नीति को सफल बनाने की खुशफहमी पैदा की गई। ऐसी सुविधाओं की समीक्षा भी नहीं की गई कि इस तरह के संरक्षणात्मक और प्रतिपूरक उपाय जारी रखे जाएं या नहीं? हमारी शिक्षा प्रणाली में कई खामियां अभी भी बनी हुई हैं। आदिवासी शिक्षा के वर्तमान प्रारूप में सुविधाओं की कमी नहीं है, किंतु सवाल उठता है कि आदिवासियों को सुविधाएं परोसते हुए सात दशक बीत गए, फिर भी आज वही हालात क्यों हैं जैसे दशकों पहले थे।


सरकार स्वीकार करती है कि बच्चे प्री-प्राइमरी के लिए नामांकित तो हो जाते हैं, लेकिन वे बुनियादी कौशल हासिल करने में फिवल रहते हैं। यह फिवलता कोडरमा-कैमूर-करीमनगर सहित ऐसे ढेरों आदिवासी बहुल जिलों में साफ दिखती है। मुख्यधारा से कटे रायगड़ा-कांकेड़-झाबुआ और अदिलाबाद जैसे जिलों में बुनियादी कौशल की बात बेमानी हो जाती है। ये जिले अकुशल श्रमिकों की पौधशाला हैं।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक हुई संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** गुरुवार को उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन किया। बैठक में उपायुक्त द्वारा स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। उन्होंने सिविल सर्जन से जिले में हुये एएनसी एवं संस्थागत प्रसव के संख्या के बारे में जानकारी लिया तथा उनकी संख्या में अपेक्षित प्रगति लाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जिले में संचालित कुपोषण उपचार केंद्रों में कुपोषित बच्चों के उपचार के सम्बन्ध में जानकारी लिया द्य उन्होंने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को समाज कल्याण विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मियों से समन्वय बना कर कुपोषित बच्चों को कुपोषण उपचार केंद्र में भर्ती करवा कर उनका उचित उपचार करने का निर्देश दिया। आगे उन्होंने जिले में टीबी के रोकथाम एवं ईलाज के लिए किये जा रहे कार्यों की प्रगति के बारे जानकारी लिया एवं आवश्यक दिशानिर्देश दिया द्य साथ ही उन्होंने फाईलेरिया, मलेरिया समेत अन्य बीमारियों के रोकथाम हेतु किये जा रहे कार्यों की समीक्षा कर विभिन्न दिशानिर्देश दिया द्यउपायुक्त ने आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा कर ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसका लाभ दिलाने का निर्देश दिया। बैठक में सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ शोभना टोप्पो, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## मैट्रिक के रिजल्ट में चाणक्य कोचिंग क्लासेस का भी श्रेय : सागर




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत चाणक्य कोचिंग क्लासेस प्रारंभ से बेहतर रिजल्ट के लिए जाना जाता है हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अच्छा रिजल्ट दिलाने का प्रयास किया है। जहां इस संबंध में विद्यार्थी परिषद के मंत्री सागर कुमार ने बताया कि इस वर्ष मैट्रिक परीक्षा में अधिकतम अंक प्राप्त कर उतिर्ण होने वाले छात्र छात्राओं ने चाणक्य कोचिंग क्लासेस का हौसला बढ़ाया है। उक्त संस्थान से पढ़ने वाले छात्र व छात्राएं जिसमें सबसे अधिक 93 प्रतिषत के साथ आदिल अंसारी टॉप पर विराजमान हैं। वहीं ष्वेता कुमारी 91.20 आकांक्षा कुमारी 90.6 गौरव कुमार 90.4 अमन कुमार 90.2 साक्षी कुमारी 90.2 उर्मीला कुमारी 89.40 मोनू कुमार 89 प्रवीण कुमार सिंह 88.20 रूपेष सोनी 87.80 सिमरण कुमारी 87 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। जिसका श्रेय चाणक्य कोचिंग क्लासेस संस्थान को जाता है।

## खबर का दिखा असर बिजली कर्मियों ने गिरा हुआ तार को किया सुरक्षित ग्रामीणों में खुशी



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड पंचायत के कटघरा गांव के रामसेवक दांगी के घर समिप 220 वोल्टेज वाला तार पोल से टूटकर नीचे हो गई थी। उस तार को बिजली विभाग के कर्मियों ने बृहस्पतिवार को सुबह सुधारते हुए सुरक्षित कर दिया है?। जिससे ग्रामीणों में खुशी देखी गई एवं संवाददाता को सराहा। काम कर रहे बिजली विभाग के कर्मी महावीर दांगी पंकज कुमार दांगी विकास कुमार व अन्य शामिल थे।

## द्वारी में 40 वृद्धा एवं बारिसाखी में 8 दिव्यांगों को मिला स्वीकृति पत्र



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़े लाभुक दिवस बृहस्पतिवार को मनाया गया। जहां मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह थे। बताते चलें की इस कार्यक्रम के द्रव्यमान में द्वारी पंचायत भवन में 40 बिरधा पेंशन को सुकृति पत्र दिया गया।एवं बारिसाखी में 8 दिव्यांगों को स्वीकृति पत्र दी गई। साथ ही साथ प्रखंड के सभी छह पंचायतों में रोजगार दिवस भी मनाया गया मौके पर उपस्थित बारीसाखी पंचायत के मुखिया सुमिरा देवी पंचायत सेवक दिगंबर पांडेय रोजगार सेवक पार्वती देवी एवं दर्जनों लाभुक उपस्थित थे।

# सोलर जलमीनार खराब होने के कारण 40 परिवारों के समक्ष पेयजल संकट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखण्ड मुख्यालय स्थित झरिवाटोला मे डीएमएफटी फंड से लगा सोलर जलमीनार और चापानल खराब हो जाने के कारण ग्रामीणों के समक्ष पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है। लगभग 40 घर की आबादी वाले इस मुहल्ले की महिलाएं पीने का पानी लाने एक किलोमीटर दूर जोगियाडीह ग्राम जा रही है। महिलाओं ने बताया कि करीब पंद्रह दिन पूर्व लगे इस जलमीनार का मोटर खराब हो गया है। जिसे बनाने में करीब 25 हजार खर्च है।हमलोगो ने चंदा करके बनाने का प्रयास किया लेकिन पच्चीस हजार रुपये जमा नही हो पा रहा है।झरिवाटोला मोहल्ले में अधिकांश परिवार आदिवासी समुदाय से आते है जो अत्यंत निर्धन है।ग्रामीणों ने इस मामले में लातेहार उपायुक्त भोर सिंह यादव से पहल करते हुए जलमीनार ठीक कराने की मांग किया। वही इस सम्बंध में डीएम्फटी फंड के सांसद प्रतिनिधि संजीव सिन्हा से पूछे जाने पर बताया कि वह इसको लेकर लातेहार उपायुक्त से बात करेंगे। ऐसे अगर मुखिया चाहे तो अपने फंड से इसको ठीक करवा सकता है। मौके पर कुंती मसोमात, सोनी देवी, भारती देवी, सबिता देवी, आरती देवी, चिंता देवी, जीरा देवी, करमी देवी, मालती देवी, संगीता देवी, प्रीति देवी, गुड़िया देवी, उषा देवी, किरण देवी, हीरामणि देवी, कबूतरी मसोमात सहित कई लोग मौजूद थे।

# मनातू में सामुदायिक पुलिसिंग फुटबॉल मैच का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिले के पुलिस कप्तान अंजनी अंजन के निर्देश पर गारू थाना व छिपादोहर थाना के द्वारा संयुक्त रूप से छिपादोहर क्षेत्र के गनेशपुर पंचायत अंतर्गत ग्राम मनातू खेल मैदान? के तत्वावधान में सामुदायिक पुलिसिंग फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। इस मैच में मनातू, कुकू, पंडरा, कोटाम के चार टीम ने भाग लिया, वहीं इस मैच में मनातू और पंडरा के टीम विजेता बने जहां गारू थाना प्रभारी राजीव कुमार भगत, छिपादोहर थाना के एएसआई रंजीत कुमार के द्वारा विजेता टीमों को कप, जर्सी सेट, देकर पुरस्कार से नवाजा गया।

**कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य :** मनातू के खेल मैदान में टेलीविजन और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से डायन बिसाही, सड़क दुघर्टना, बाल विकास, मानव तस्करी को रोक थाम को लेकर जागरूकता अभियान चलाकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। वहीं इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गण को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर गारू थाना प्रभारी राजीव कुमार भगत, छिपादोहर थाना के एएसआई रंजीत कुमार, लातेहार जिले के मानव तस्कर प्रभारी सुमीत कुमार, ज़िप सदस्य बुद्धेश्वर उरांव, उप प्रमुख सुनील उरांव, मुखिया राजेश सिंह, समाजसेवी लक्ष्मन सिंह मवार, उलफन सिंह, समेत सेंकड़ों ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

समाहरणालय, पलामू।
(जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय, पलामू )
—: सूचना :—

सहायक निदेशक, जे0सी0आर0टी0, रॉची के पत्रांक 669 दिनांक 10.05.2023 के द्वारा पलामू जिला के प्रारंभिक विद्यालयों में कार्यरत सभी शिक्षक/शिक्षिकाओं की विभिन्न ग्रेडों में प्रोन्नति हेतु शिक्षकों का डाटावेश का मास्टर सूची तैयार कर अवलोकनार्थ www.palamu.nic पर प्रकाशित की गई है। अवलोकन के कम में यदि किसी शिक्षक/शिक्षिकाओं का डाटा भिन्न पाया जाता है, तो नियंत्री पदाधिकारी के माध्यम से दो दिनों के अंदर साक्ष्य के साथ जिला शिक्षा अधीक्षक, कार्यालय पलामू में दावा प्रस्तुत करेंगे। ताकि डाटा को शुद्ध करते हुए मास्टर वरीयता सूची तैयार किया जा सके।

जिला शिक्षा अधीक्षक
पलामू

PR 298322 District(23-24)D

## सोना सोबरन योजना के तहत किया गया धोती, साड़ी व लुंगी का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक सोना सोबरन योजना के तहत गुरूवार को नावाडीह उर्फ तेलियाडीह पंचायत के जन वितरण प्रणाली के दुकानों में टंडवा प्रखंड उप प्रमुख जितेंद्र कुमार सिंह व स्थानीय मुखिया महावीर साव के उपस्थिति में धोती, साड़ी व लुंगी का वितरण किया गया। इस दौरान मुखिया महावीर साव ने बताया कि राशन कार्ड धारी लाभुकों के बीच धोती, साड़ी व लुंगी का वितरण किया गया। इसके एवज में सरकार के द्वारा निर्धारित राशि के अनुसार प्रत्येक लाभुक से दस दस रुपए ली गई है। साथ ही साथ उप प्रमुख जितेंद्र सिंह ने कहा ने कहा कि सरकार द्वारा दी जाने वाली प्रत्येक लाभ पंचायत के लाभुकों के बीच हर सम्भव दिया जाएगा आगे कहा कि पंचायत में कोई भी व्यक्ति सरकारी लाभ से वंचित नहीं रहेगा जो योग्य लागू होंगे उन्हें जरूर लाभ दिलाने का प्रयास करूंगा।इस मौके पर उप मुखिया संदीप कुमार, गुलाब सुड्डी, सुबोध कुमार, उत्तम सिन्हा समेत अनेक लोग उपस्थित थे।

## प्रधान मंत्री आवास योजना पूर्ण कराने को लेकर डुमरी कलां में की गई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा/हंटरगंज :** जिला प्रशासन के दिशा निर्देश एवं स्थानीय प्रशासन के गाइड लाइन पर हंटरगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत डुमरी कला के ग्राम देवरिया में आवास दिवस पर प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों के बीच बैठक किया गया।बैठक की अध्यक्षता पंचायत की मुखिया साधना सिंह कर रही थी। साधना सिंह ने प्रधानमंत्री आवासीय योजना के लाभुकों को संबोधित करते हुए कहा की जिन लाभुकों के आवास की प्रथम किश्त बैंक खाते में आगया है उन्हें लिंटर तक आवास जितना जल्द हो सके उठालें ताकि दूसरी किश्त की राशि लाभुकों के बैंक खाते में भेजने की प्रक्रिया किया जा सके। जब आवास ढलाई हो जाएगा तब आखिरी किश्त मजदूरी की राशि बैंक खाते में भेजने का नियम है।जितना जल्द आवास पुर्ण होगा उतना ही जल्दी दुसरे लोगों के लिए भी रास्ता प्रशस्त होगा। प्रधान मंत्री इंद्रा आवास भी पंचायत के विकास में और गरीबों के उत्थान में काफी महत्व पुर्ण है। लोगों को जल्द से जल्द आवास को पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया गया। इस बैठक में समाज सेवी समरेश सिंह उर्फ पिंटू सिंह वार्ड सदस्य संतन पासवान, स्वयंसेवक पिंटू साव एवं ग्राम पंचायत के अन्य लोग उपस्थित थे।

## बीडीएम पैसेंजर का परिचालन बंद आंदोलन की तैयारी : कन्हाई सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** महीनों से बीडीएम पैसेंजर ट्रेन का परिचालन बंद है जिससे बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत सुदूरवर्ती और जंगली क्षेत्र के गरीब लोगों को यातायात, जीविकोपार्जन की सुविधा उच्च स्कूली शिक्षा बीमार लोगों को आने जाने में असुविधा को देखते हुए गुरुवार को पश्चिमी जिप सदस्य कन्हाई सिंह के नेतृत्व में डीआरएम के नाम स्टेशन प्रबंधक को मांगपत्र सौंपा गया। जहां मांगपत्र के माध्यम से बताया गया कि बीडीएम सवारी गाड़ी का परिचालन महीनों से बंद है जिससे आम गरीब जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आम जनता को आर्थिक व मानसिक रूप से असहनीय पीड़ा झेलनी पड़ रही है ।वहीं मांगपत्र के माध्यम से रेल प्रशासन को 15 दिनों के अंदर बीडीएम सवारी गाड़ी का परिचालन शुरू कराने को लेकर अल्टीमेटम दिया गया है।इस संबंध में कन्हाई सिंह ने कहा कि आम जनता की मांग को नजरंदाज किया गया और तय समय पर परिचालन शुरू नहीं हुई तो हम उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। मौके पर मुखिया बलदेव परहिया, सुरेंद्र सिंह, उमाशंकर, खरीदन राम, कृष्णा यादव, नागेंद्र यादव, अमन, पीतांबर यादव समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

कार्यालय- जिला दण्डाधिकारी
एवं उपायुक्त,लातेहार
(जिला नजारत शाखा)

-: पुनः अति अल्पकालीन निविदा :-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सरकार के सचिव, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड, रांची के पत्रांक 3632/रा0, दिनांक 24.06.2016 द्वारा अरूणोदय अतिथिगृह–सह– उपायुक्त कैम्प कार्यालय, नेतरहाट के रख–रखाव एवं संचालन आउटसोर्सिंग के माध्यम से कराये जाने का निदेश प्राप्त है। उक्त निदेश के अलोक में अरूणोदय अतिथिगृह–सह–उपायुक्त कैम्प कार्यालय, नेतरहाट के सफल संचालन हेतु आवश्यक शर्तो के साथ झारखण्ड राज्य के विभिन्न संचालन संस्था/प्रतिष्ठानों से दिनांक 02.06.2023 को अपराह्न 04:00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है। दिनांक 03.06.2023 को अपराहन 03:30 बजे निविदा खोला जायेगा। निविदादाता को उपायुक्त, लातेहार के पद नाम से मो0 50000/– पचास हजार रूपये का बैंक ड्राफ्ट संलग्न करना अनिवार्य होगा। निविदा की विस्तृत विवरणी एवं शर्ते इस जिले के वेबसाईट www.latehar.nic.in पर देखा जा सकता है।

अपर समाहर्त्ता,
लातेहार

PR 298269 District(23-24).D

कार्यालय नगर परिषद्, चतरा
पुराना कचहरी के समीप,
चतरा (झारखण्ड)– 825401

संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन
विज्ञापन संख्या– 03/2023
आवेदन जमा करने हेतु अंतिम तिथि :– 04.06.2023

नगर परिषद्, चतरा के अधीन पॉली क्लीनिक/U-HWC हेतु निम्नलिखित पदों पर ग्यारह माह की अवधि के लिए संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

| क्रमांक | पद का नाम | कुल रिक्तियाँ |
|---|---|---|
| 01 | Medical Officer | 01 |

नोटः– रिक्तियाँ आवश्यकतानुसार घटायी या बढ़ाई जा सकती है।
1. सभी तरह से विहित प्रपत्र में पूर्ण आवेदन को लिफाफे में निबंधित डाक /स्पीड पोस्ट से कार्यालय नगर परिषद्, चतरा के कार्यालय में दिनांक –04.06.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक जमा कराया जा सकता है।
2. उक्त नियुक्ति संबंधित अन्य शर्तें, अहर्त्ता, आवेदन शुल्क, आयु, आवेदन प्रपत्र एवं मानदेय इत्यादि का विवरण नगर परिषद्, चतरा के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद्, चतरा।

PR.NO.298295 Urban Development(23-24):D

# भाजपा पार्टी के द्वारा 30 जुन तक चलेगा महा जनसंपर्क अभियान : महामंत्री



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लावालौंग :** प्रखंड मुख्यालय स्थित न्यू डाक बंगला परिषद में भारतीय जनता पार्टी मंडल कार्य समिती की बैठक की गई, बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शंकर साहू व संचालन महामंत्री चुरामन प्रसाद साहू ने किया। बैठक का शुभारंभ डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र के सामने मंडल प्रभारी धर्मेंद्र शाह के द्वारा दीप-प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित कर ,वंदेमातरम् गीत के साथ प्रारंभ किया गया गया। बैठक में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नौ वर्ष पुरा होने पर 30 मई से लेकर 30 जुन तक महाजनसंपर्क अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। बैठक के प्रभारी धर्मेंद्र शाह ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अभियान के तहत सभी को गांव गांव तक जाकर संगठन को मजबूत करना है तथा लावालौंग मंडल के लिए कभी भी मेंरी जरूरत पड़े तो हरसंभव मैं तैयार हूं। मंडल अध्यक्ष शंकर साहू केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे सभी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने एवं निगरानी भी रखने को कहा। बैठक में मुख्य रूप से प्रभारी धर्मेंद्र शाह, मंडल अध्यक्ष शंकर साहू, महामंत्री चुरामन प्रसाद साहू, बिहारी भारती पूर्व जिला अध्यक्ष नवीन शाह, कोषाध्यक्ष मोहन साहू, उपाध्यक्ष सतीश साहू, कार्यसमिति सदस्य निर्मल विश्वकर्मा, वरिष्ठ नेतागण गोविंद ठाकुर, उगन साहू, जिला उपाध्यक्ष भोला प्रसाद, युवा मोर्चा अध्यक्ष विवेक केसरी, मीडिया प्रभारी नीरज चंद्रवंशी, महामंत्री सुबोध पाठक, अनिल सिंह एवं महिला मोर्चा महामंत्री खुशबू कुमारी, मंत्री शकुंतला देवी, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष जफरुद्दीन अंसारी, शक्ति केंद्र संयोजक दीपक राम, रंजीत केसरी, पिंटू यादव, शिवलोचन साहू, सहसंयोजक जितेंद्र ठाकुर, पूरन साहू, संयोजक सोमनाथ यादव, सहसंयोजक अनिल केसरी, संयोजक आनंद कुमार, महा जनसंपर्क अभियान समिति के संयोजक पवन कुमार सिंह एवं बुथ अध्यक्ष महेंद्र साहू, महेंद्र गंजू, अनिल साहू, आशीष कुमार ठाकुर, गोपाल सिंह, कामेश्वर साहू, प्रमोद कुमार गुप्ता, सह मीडिया प्रभारी चंदन कुमार, नागेंद्र ठाकुर, राम भजन कुमार समेत कई उपस्थित थे।

## झारखंड आज भी है गुलाम : जय राम महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ बिरसा मैदान परिसर में बुधवार को झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के बैनर तले एक भव्य विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जयराम महतो ने कहा कि बालूमाथ क्षेत्र में खनिज संपदा की प्रचुर भंडार है और यहां के जमीन को लूटने के लिए बड़ी-बड़ी कंपनियां लगी हुई है। जमीन सिर्फ खाने के लिए नहीं बल्कि जमीन हमारी माता, संस्कृति है। अगर मां और माटी एक को चुनना पड़े तो माटी को चुने उन्होंने कहा कि हमारे झारखंड में जो भाषा निर्धारण किया गया है वह भाषा के तहत बिहार और यूपी वाले को नौकरी मिलती है हमारे बच्चे को पढ़ाने के लिए माता-पिता मुर्गी, बकरी सब्जी बेचते हैं और बच्चे घर के कामकाज करते हुए पढ़ाई करते हैं इस परिस्थिति में दिल्ली में बिहार और यूपी के पढ़ने वाले बच्चों की तुलना एक ही पद्धति से ली जाने वाली परीक्षा की जाती है।तो हमारे बच्चे नौकरी में पास नहीं कर पाते हैं इसीलिए भाषा की लड़ाई लड़ी जा रही है। केरल ,बंगाल की बहन घर छोड़ती है तो डॉक्टर बनती है और झारखंड की बहन घर छोड़ती है तो दिल्ली में नौकरानी बनती है। आज झारखंड की 75000 बहने दिल्ली में नौकरानी की नौकरी कर रही है। प्रदीप गंजू ने कहा कि टोरी से शिवपुर तक मशीन से हो रहे कोयला लोडिंग को मजदूर से कराए जाए ताकि यहां के लोगों को रोजगार मिल सके।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ बाजार ताड़ के समीपचट्टी टोला निवासी श्रवण प्रजापति 25 वर्ष पिता स्वर्गीय नाटो प्रजापति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की रात्रि लगभग 11 बजे श्रवण प्रजापति का किसी बात को लेकर अपनी पत्नी के साथ विवाद हुआ था और गुस्से में आकर को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।

कार्यालय:जिला शिक्षा अधीक्षक, लातेहार
द्वितीय तल्ला, समाहरणालय परिसर, लातेहार
ई मेल –latehar.mdm@gmail.com/mdmltr@yahoo.in

अतिअल्पकालीन निविदा संख्या–एम0डी0एम0–01/2023
(जिला स्तरीय मध्याह्न भोजन कोषांग, लातेहार)
:– आवश्यक सूचना :–

लातेहार जिला अन्तर्गत स्कूल स्टेप डिलीवरी योजना के तहत प्रखण्ड स्तरीय राज्य खाद्य निगम गोदाम से विद्यालयों तक खाद्यान्न (चावल, दाल एवं अन्य सामग्री) पहुँचाने हेतु प्रखण्डवार परिवहन–सह–हथालन अभिकर्त्ता नियुक्ति हेतु दिनांक 12.06.2023 के अपराह्न 03:00 बजे तक जिला के सभी प्रखण्डों के लिये निहित शर्तो के अनुसार निविदा प्राप्त की जायेगी एवं दिनांक 13.06.2023 के अपराह्न 04:00 बजेअपर समाहर्त्ता, लातेहार के कार्यालय प्रकोष्ठ में निविदा खोली जायेगी। निविदा के नियम एवं शर्ते लातेहार जिला के अधिकृत Website :- www.latehar.nic.inएवं अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय के सूचनापट्ट में देखा जा सकता है।

जिला शिक्षा अधीक्षक,
लातेहार

PR 298280 Human Resource Developement(23-24).D

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# प्रेमिका को वीडियो काल कर प्रेमी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के डुमरी 4 नंबर के रहने वाले स्व इकबाल सिंह का 36 वर्षीय पुत्र जसबीर सिंह ने प्रेमिका के लिए अपनी पत्नी से झगड़ा कर प्रेमिका को वीडियो कॉलिंग कर फांसी लगा कर आत्महत्या कर लिया है। पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्मार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के पारिवारिक सूत्रों का कहना है जसबीर सिंह अपनी माँ देवेन्द्र कौर का इलाज कराने अपनी पत्नी मनप्रीत कौर के साथ जमशेदपुर गया था। माँ का इलाज चल रहा था की इसी बीच हैदराबाद की प्रेमिका नाजिमा जो फिलहाल अमेरिका में काम करती है, जिससे मृतक जसबीर का तीन वर्ष से प्रेम था। पत्नी



मनप्रीत को छोड़कर शादी करने की दबाव बनाने लगी। तभी पत्नी से झगड़ा कर जसबीर बुधवार को जामाडोबा आ गया। रात में ही प्रेमिका नाजिमा को वीडियो कॉल कर फाँसी लगाते हुए दिखाया और आत्महत्या कर ली। प्रेमिका ने पड़ोसी को फोन कर जानकारी दी। पड़ोसी मृतक जसबीर का दरवाजा खोला तब तक वह फाँसी के फंदे से झूल गया था। मृतक की माँ देवेन्द्र कौर, पत्नी मनप्रीत कौर तथा एक वर्ष का पुत्र जोरावर सिंह का रो रो कर बुरा हाल है। थाना प्रभारी बिनोद उराँव ने बताया है की मृतक का मोबाइल जब्त किया गया है। पड़ोसियों से पूछताछ की जायेगी तथा पता लगाया जायेगा की प्रेमिका कितनी दोषी है, तब जा कर कोई कार्यवाही की जायेगी। अभी तक मृतक के परिवार के लोगों द्वारा किसी तरह की लिखित शिकायत दर्ज नहीं की गई है।

## अरारी मुखिया प्रतिनिधि ने किया चबूतरे का शिलान्यास

**बिरनी :** बिरनी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत अरारी में स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि सुनील कुमार वर्मा के द्वारा ग्राम डबरी में उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय के पास एक चबूतरे का शिलान्यास किया गया। मौके पर पंचायत समिति सदस्य पंकज यादव, उप मुखिया जितेंद्र यादव, वार्ड सदस्य संजय कुमार, बजरंग विकास समिति के अध्यक्ष सहदेव प्रसाद, बजरंग दल के जिला महामंत्री निरंजन कुमार , बहादुर वर्मा, रामसेवक वर्मा, महेंद्र विश्वकर्मा, विजय विश्वकर्मा, पवन विश्वकर्मा, बलराम कुमार , अनूप कुमार, तफजुल अंसारी, भूपेंद्र कुमार समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## बिजली बिल वसूली व ब्याज माफ़ी के लिए लगाया गया कैंप

**जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के सियाटांड़ चौक पर गुरुवार



को विद्युत आपूर्ति विभाग जमुआ की ओर से बिजली बिल वसूली सह बिजली बिल ब्याज माफी योजना 2022 को लेकर कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में सियाटांड़ ,चिलगा, गोरो इत्यादि पंचायत के कई बिजली उपभोक्ता ने अपना बकाया बिल जमा किया । वहीं बिजली बिल ब्याज माफी योजना 2022 का भी लाभ लिया। बिजली कर्मी जूनियर लाईनमैन सरफराज आलम ने कहा वरीय आला अधिकारी के निर्देश पर कैंप का आयोजन किया गया कैंप में स्थानीय उपभोक्ता बिजली बिल जमा की है इसके साथ ही दर्जनों से अधिक उपभोक्ता ने बिजली बिल ब्याज माफी योजना का लाभ लिया । ऊर्जा मित्र सुनील राणा ने कहा ग्रामीण स्तर पर विभाग की ओर से कैंप आयोजन होने लोग आसानी से अपना बिल जमा एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजना का लाभ लेते हैं। मौके पर टेक नारायण यादव, जहांगीर आलम, ऊर्जा मित्र सुशील कुमार वर्मा इत्यादि कर्मी के साथ सैकड़ों उपभोक्ता उपस्थित थे।

## स्वास्थ केंद्र में किया गया रक्तदान शिविर का आयोजन

**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में



गुरुवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सा प्रभारी आशीष शेखर द्वारा रक्तदान देकर शिविर का शुरुवात किया गया। इस दौरान थाना से जवानो और प्रखंड के कर्मियों ने रक्तदान किया। इस शिविर में कुल 17 रक्तदान किया गया। कहा की रक्तदान महादान है सभी को साल में दो बार रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान से किसी को नया जीवन मिल सकता है बदले में अपने शरीर पर इसका कोई प्रभाव पड़ता नहीं है। इस दौरान कई लोग उपस्थित होकर रक्तदान किया

## अस्पताल में मरीजों के बीच भोजन, पानी व मास्क बांटे गये

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस झारखंड



अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार खान के द्वारा सदर अस्पताल मे इलाजरत मरीज एवं अस्पताल कर्मियों के बीच नाश्ता, पानी व मास्क का वितरण किया गया। वहीं अस्पताल परिसर मे कार्य कर रहे मजदूरों, सफाई एवं सुरक्षा कर्मियों सहित कई विकलांगों को भी भोजन, पानी और मास्क दिये गये। मौके पर ऑल इंडिया उलमा बोर्ड झारखण्ड के प्रदेश अध्यक्ष हाजी ज़मीर आरिफ एवं वार्ड संख्या 18 के पार्षद पद के उम्मीदवार मोहम्मद सद्दाम हुसैन भी मौजूद थे।

# आजसू नगर अध्यक्ष के भाई की सकुशल घर वापसी, 14 दिनों से थे लापता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** पिछले 14 दिनों से लापता आजसू नगर अध्यक्ष जीतू पासवान के बड़े भाई राजू पासवान आज अपने घर लौट आए हैं। पुटकी थाना अंतर्गत करकेंद पेट्रोल पंप के समीप उनका आवास है। राजू पासवान के सकुशल घर वापस लौटने पर स्वजनों और और आसपास के लोगों में खुशी की लहर है। राजू पासवान विगत 11 मई से लापता थे। परिजनों ने पुटकी थाना में उनके लापता होने की सूचना भी दर्ज करायी थी।

समाजसेवी दिलीप सिंह, जीतू पासवान के ईस्ट मित्र तथा उनके घरवाले भी लगातार उनकी खोजबीन में जुटे थे। इसी खोजबीन के दौरान



राजू पासवान के गया में होने की जानकारी परिवारवालों को मिली। राजू पासवान के घर लौट आने से दिलीप सिंह, जीतू पासवान के सभी ईस्ट मित्रों ने खुशी जाहिर की। जीतू पासवान ने मिडिया साथियों का भी धन्यवाद किया जिन्होंने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया।साथ ही भाई की खोज में एक कड़ी बनने का काम किया।

## ग्रामीणों के साथ हुई सफल वार्ता से धरना समाप्त

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विगत 9 दिनों से के जी स्प्रिट एल एल पी प्राइवेट लिमिटेड परासी के मुख्य द्वार के सामने ग्रामीण एकता मंच और जिला कांग्रेस कमिटी के परासी के बैनर तले चल रहे धरना का आज धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष संतोष सिंह के नेतृत्व में कंपनी के एमडी एवं ग्रामीणों के बीच सफल वार्ता कर धरना को समाप्त किया गया। ज्ञात हो कि ग्रामीण एकता मंच परासी के द्वारा कंपनी प्रबंधक को 10 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया था। कंपनी प्रबंधक के साथ वार्ता में धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष सिंह के साथ मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार हाड़ी, शरीफ अंसारी, इरफान खान चौधरी, डेविड सिंह, अजहर अंसारी, तारिक अनवर अंसारी, शरद गोप, अनवर अंसारी, बलराम बाउरी, विक्की खान, आशुतोष बनर्जी, अरविंद कुमार, मंजूर, वकील आदि शामिल थे।

### धनबाद जिला कांग्रेस कार्यालय में बैठक आयोजित

# भारत जोड़ो महासम्मेलन की तैयारी को लेकर हुई चर्चा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** आगामी 28 मई रविवार को बोकारो के सिवनडीह कर्बला मैदान में प्रस्तावित भारत जोड़ो महासम्मेलन की तैयारी को लेकर गुरूवार को धनबाद जिला कांग्रेस कार्यालय में अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष जाहिर अंसारी के नेतृत्व में बैठक रखी गई। ज्ञात हो की अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रिय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी का आगमन होने जा रहा है। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में प्रदेश कांग्रेस के सचिव शमशेर आलम, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मुख्तार खान, अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष अब्दुल करीम अंसारी उपस्थिति थे। बैठक में सर्वसम्मति से सभी ने निर्णय लिया कि इस सम्मेलन को सफल बनाने में धनबाद जिला अल्पसंख्यक विभाग बड़े पैमाने पर भागीदारी सुनिश्चित करेगी। जिलाध्यक्ष जाहिर ने कहा की भारत जोड़ो महासम्मेलन की तैयारी को लेकर जिले मे व्यापक रूप से जनसम्पर्क, बैठक, नुक्कड़ सभा आदि के माध्यम से भारी संख्या मे धनबाद से लोगों की उपस्थिती दर्ज की जाएगी जिसकी समीक्षात्मक बैठक आज किया गया। कहा की बैठक मे जिले के पदाधिकारीगण ने मॉब लिंचिंग कानून, मदरसा बोर्ड का गठन, वित्त आयोग, अल्पसंख्यक आयोग के गठन पर विशेष कर इमरान प्रतापगढ़ी का ध्यान आकर्षित किया जायेगा।

# उत्तीर्ण हुए छात्र व छात्राओं को भाजपा नेत्री ने किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** बरवाअड्डा लोहारबरवा श्रीनिवास पानुरी चौक स्थित ÷मार्गदर्शन क्लासेस÷ में झारखण्ड बोर्ड में उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं के हौसला बढ़ाने के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे सिंदरी विधानसभा के विधायक इन्द्रजीत महतो की धर्मपत्नी सह भाजपा नेत्री तारा देवी ने सम्मिलित होकर सभी छात्र छात्राओं को सम्मानित कर हौसला बढ़ाया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।




किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य हरिशंकर साव के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर मार्गदर्शन क्लासेस के शिक्षक ललन, अभिषेक, बसंत, संतोष, एवं बीजेपी के वरिष्ठ कार्यकर्त्ता अनूप चौधरी, प्रीतम महतो, शत्रुघ्न महतो आदि लोग उपस्तिथ हुए। सम्मानित होने वालों में पायल कुमारी पुरे धनबाद जिले में टॉप टेन में शामिल हैं। मौके पर गणेश ठाकुर, आशीष दे, विनीत पॉल, ख़ुशी कुमारी, प्रकाश कुमार, अर्जुन कुमार, शिखा भारती वंदना आदि मौजूद थे।

# इंपीरियल पब्लिक स्कूल के तीन विद्यार्थियों ने मैट्रिक के रिजल्ट में जिला टॉप टेन में बनाया जगह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिरनी :** झारखंड एकेडमिक कार्उसिल रांची द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा 2022-23 में गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रखंड क्षेत्र के बरहमसिया चौक पर स्थित इंम्पीरियल पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं ने अच्छा प्रदर्शन किया है । आपको बता दें की इस वर्ष परीक्षा में कुल 62 छात्र-छात्राओं ने इस विद्यालय से मैट्रिक परीक्षा में भाग लिया था। जिसमें पांच छात्रा पुतुल कुमारी पिता राजेंद्र प्रसाद वर्णवाल ने 95.40 प्रतिशत प्रिती वर्मा पिता धनराज वर्मा ने 95 प्रतिशत, रोशनी कुमारी पिता चन्दन कुमार राय 94.80 प्रतिशत, मनीषा राज पिता कुन्दन राय ने 94.80 प्रतिशत और साहीन अंसारी पिता रशीद अंसारी ने 94.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला के टॉप टेन की सूची में क्रमशः 7वां, 9वां और 10वां



स्थान प्राप्त किया। वहीं विद्यालय के 36 छात्र-छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक, 24 छात्र-छात्राओं ने 80त्न से अधिक और 2 छात्र-छात्राओं ने 79त्न अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण किया। इस बीच विद्यालय के प्रधानाध्यापक रोहित कुमार और संस्थापक चन्द्रशेखर प्रसाद वर्मा और नागेश्वर प्रसाद वर्मा ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना किया और साथ ही बताया कि यह परीक्षा परिणाम स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों के संयुक्त मेहनत का नतीजा है।

# युवक ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टुंडी :** टुंडी के मंझिलाडीह निवासी स्व बिनोद कुमार सिन्हा के इकलौता पुत्र आदित्य कुमार सिन्हा उम्र 20 बर्ष ने गत रात्रि फांसी का फंदा लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर लिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक आदित्य अपने कमरे में अकेला था और उसकी मां और बहन शादी समारोह में लखीसराय, बिहार गया था बहन के द्वारा सुबह जब मोबाइल नं पर संपर्क किया गया तो आदित्य की और से कोई जवाब नहीं मिलने पर शंका और बढ़ने लगा तो आदित्य की बहन ने अपने मामा को फोन किया कि टुंडी जाकर देखिए मेरा भाई फोन रिसीव नहीं कर रहा है तो लड़के के मामा द्वारा फौरन आकर देखा तो आदित्य पंखे के सिलिंग में फांसी लगाकर अपनी जान दे दिया।

गांव में ख़बर फैलते ही सभी लोग घटना की और दौड़ पड़े तो देखा आदित्य पंखे के सिलिंग के सहारे झूल रहा है। फिर टुंडी पुलिस को इसकी सूचना दी गई पुलिस फौरन आयी और ग्रामीणों के द्वारा लाश को नीचे उतरवाया और पंचनामा कर लाश को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया फिलहाल टुंडी पुलिस आत्महत्या का कारण पता करने में जुट गई है।

## बेंगलूरु से दानापुर, चंडीगढ़ से संतरागाछी व भगत की काठी से कोलकाता के लिए एक-एक वन-वे स्पेशल का किया परिचालन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर बेंगलूरु से दानापुर, चंडीगढ़ से संतरागाछी एवं भगत की कोटी से कोलकाता के लिए एक-एक वन-वे स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाने का निर्णय लिया गया जिनका विवरण निम्नानुसार है -

1.गाड़ी सं. 06567 के.एस.आर.बेंगलूरु-दानापुर वन-वे स्पेषल (नागपुर-जबलपुर-प्रयागराज छिवकी-डीडीयू के रास्ते) - गाड़ी संख्या 06567 के.एस.आर.बेंगलूरु-दानापुर वन-वे स्पेशल दिनांक 30.05.2023 (मंगलवार) को के.एस.आर. बेंगलूरु से 06.50 बजे खुलकर गुरूवार को 04.10 बजे डीडीयू, 05.50 बजे बक्सर, 06.50 बजे आरा रुकते हुए 08.00 बजे दानापुर पहुंचेगी। इस स्पेशल ट्रेन में द्वितीय एवं तृतीय वातानुकूलित श्रेणी का 01-01,शयनयान श्रेणी के 15 कोच एवं साधारण श्रेणी के 02 कोच होंगे ।

2.गाड़ी सं. 04528 चंडीगढ़-संतरागाछीवन-वे स्पेषल (मुरादाबाद-लखनऊ-वाराणसी- डीडीयू-गया-टाटा के रास्ते) - गाड़ी संख्या 04528 चंडीगढ़-संतरागाछी वन-वे स्पेशल दिनांक 25.05.2023 (गुरूवार) को चंडीगढ़ से 23.30 बजे खुलकर 26.05.2023 को 18.30 बजे डीडीयू, 21.10 बजे गया, 23.50 बजे नेसुबो गोमो रूकते हुए 27.05.2023 को 08.30 बजे संतरागाछी पहुंचेगी। इस स्पेशल ट्रेन में तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 02 एवं शयनयान श्रेणी के 14 कोच होंगे ।

## दोनों पक्षों का विवाद समाप्त, गांव में अमन चैन का माहौल कायम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टुंडी :** पश्चिमी टुंडी के मनियांडीह थाना क्षेत्र के डंडाटांड गांव में पूर्व मुखिया चंपा देवी बनाम 13 अन्य लोगों का विवाद अब निपट गया काफी मशक्कत एवं कठिन परिश्रम करने के बाद बुधवार देर रात विवाद सलटाने में सफलता मिली?। प्राप्त समाचार के मुताबिक दोनों पक्षों का आपसी विवाद कई वर्षो से चली आ रही थी जिसका कल गांव के गणमान्यों के द्वारा कल डंडाटांड उत्क्रमित उच्च विद्यालय परिसर में मांझी हड़ाम की अथक प्रयास से दोनों पक्षों को मिलाने में सफलता पाई। इस बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद सदस्या मीना हेम्ब्रम के द्वारा संपन्न हुआ जिसमें सैकड़ों बुद्धिजीवी ग्रामीण महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित हुए। बैठक देर रात तक जारी रहा इसी के उपरांत यह निर्णय लिया गया कि पूर्व मुखिया के पति ने जो आरोप लिखित रूप से स्थानीय थाना को दिया था वह सरासर ग़लत और मनगढ़ंत थी। अतः वह थाना से पुनः आवेदन देकर पुलिस की कार्रवाई नहीं करने का आवेदन करेंगे फिर दोनों पक्षों आपस में पूर्व की तरह भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण माहौल में रहेंगे। मांझी हड़ाम शिवबालक सोरेन एवं अन्य लोगों ने बैठक दोपहर 12 बजे से प्रारंभ किया जो देर रात तक जारी रहा।

# लाडले के स्वागत में उमड़ा सरिया

## यूपीएससी उतीर्ण छात्र दिल्ली से लौटा घर, लोगों ने किया भव्य स्वागत

### बधाई देनेवालों का लगा तांता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरिया :** यूपीएससी में उतीर्ण छात्र गगन कुमार गुरुवार को दिल्ली से सरिया अपने घर वापस लौटा इस दौरान सरिया हाईस्कूल मैदान के समीप मोदी समाज द्वारा भव्य स्वागत किया गया । लोगों ने माला पहनाकर व चादर ओढाकर उसको सम्मानित किया । तत्पश्चात उसे लेकर जूलूस की शक्ल में पूरे सरिया बाजार का भ्रमण करते हुए बागोडीह मोड पहुँचा । जहाँ मोदी समाज के अलावा अन्य समाज के गणमान्य लोग भी शामिल हुए और उन्हें बधाई दी । सरिया मोदी समाज के नगर अध्यक्ष संजय मोदी ने



कहा कि गगन सरिया से पहला यूपीएससी उतीर्ण हुआ है जो पूरे सरिया क्षेत्र के लिए गर्व की बात है , ये यहाँ के बच्चों के लिए प्रेरणा का श्रोत है । प्रखण्ड अध्यक्ष महेश मोदी ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा से ही समाज का विकास हो सकता है । गगन ने क्षेत्र के छात्रों के लिए उदाहरण पेश किया है । इस दौरान बधाई देनेवालों का तांता लगा रहा।

# पाथरडीह स्टेशन पर स्वर्णरेखा एक्सप्रेस के ठहराव से लोगों में खुशी की लहर





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** पूर्व मध्य रेलवे पाथरडीह लोको बजार स्थित पाथरडीह रेलवे स्टेशन से कोरोना काल से बंद हुए धनबाद से खुलने वाली स्वर्णरेखा एक्सप्रेस का 1 मई 2022 से परिचलन शुरु किया गया परन्तु पाथरडीह मे ठहराव बंद कर दी गई थी जिससे क्षेत्र के लोगों को काफ़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। गुरुवार को पाथरडीह मे स्वर्णरेखा एक्सप्रेस के ठहराव की पुन÷ शुरुआत के अवसर पर धनबाद सांसद पीएन सिंह, धनबाद डीआरएम आशीष कुमार बंशल, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य रागिनी सिंह ने हरी झंडी दिखा कर स्वर्णरेखा एक्सप्रेस को रवाना किया। इस दौरान ट्रेन के चालक को मुंह मीठा करा एवं माला पहना कर स्वागत किया गया। स्वर्णरेखा एक्सप्रेस के ठहराव से क्षेत्र के लोगों में काफी खुश दिख रही है। वक्ताओ ने कहा की बहुत ही प्रयास से सफलता मिली है। लोगों का भी भरपूर सहयोग रहा है। अब कोयलांचल के लोगों को इसका फायदा मिलेगा। टिकट भी जल्द ही उप्लब्ध होगा।

# बकाया वेतन भुगतान के लिए थाने के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** लोयाबाद निवासी संजय शर्मा वेतन भुगतान नही होने को लेकर गुरुवार को लोयाबाद थाना के समक्ष अनिश्चिकालिन धरना पर बैठे। दरअसल मामला मजदूरी भुगतान नही करने का है। वही संजय शर्मा ने फ्रांटलाइन विदेशी शराब कम्पनी पर 73 हजार रुपए भुगतान नही करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि वो शराब का कारोबार करने वाली कंपनी के इंचार्ज सुजीत शर्मा एवं आशुतोष रंजन के देखरेख में काम किया करता था। बताया की इनकी दुकान संख्या 035 स्टेशन रोड मे स्थित है जिसमे मै सेल्समैन के रूप मे कार्य करता था। कम्पनी कार्य करवा कर बकाया वेतन भुगतान नही कर रही है। बकाया वेतन की मांग पिछले चार वर्ष से कर रहे हैं। लेकिन कंपनी संचालक सुजित शर्मा एवं अशुतोष रंजन के द्वारा पिछले चार वर्षो से टाल मटोल किया जा रहा है। इसलिए मजबूरी मे अहिंसा नीति का पालन करते हुए धरना पर बैठे है। वही सुजित शर्मा से सम्पर्क करने पर उन्होने बताया कि आरोप निराधार है। अगर इनका वेतन का भुगतान नही हुआ है तो कर्यालय से सम्पर्क करें। वही सुजित शर्मा ने 7.50 लाख का गबन का आरोप संजय कुमार शर्मा पर लगाया। वहीं लोयाबाद थाना प्रभारी विकाश कुमार यादव के




द्वारा शीघ्र ही कंपनी से बकाया वेतन भुगतान करवाने के आश्वासन के बाद अनिश्चितकालीन धरना स्थगित की गई।

# बीसी अध्यक्ष संजय चौधरी के नेतृत्व में सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ दिया धरना

## संवैधानिक अधिकारों के साथ खिलवाड़ कर रही है हेमंत सरकार : संजय चौरसिया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ी जाति मोर्चा लोहरदगा के जिला अध्यक्ष संजय चौधरी की अध्यक्षता में झारखंड सरकार के द्वारा लोहरदगा जिला में ओबीसी समाज के लोगों का आरक्षण शून्य कर देने पर झारखंड सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन जिला समहरणालय में किया गया। जिसमें मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश सिंह,पूर्व माटी कला बोर्ड अध्यक्ष श्री चंद्र प्रजापति,जिला प्रभारी संजय चौरसिया उपस्थित थे। जिला प्रभारी संजय चौरसिया ने कहा कि आज झारखंड की गठबंधन सरकार संवैधानिक अधिकारों के साथ भी खिलवाड़ करने का कार्य



अपने तुष्टीकरण नीति के आधार पर कर रही है। झारखंड के साथ ऐसे जिले हैं जिसमें लोहरदगा भी शामिल है जहां की कुल आबादी का लगभग 40त्न शैक्षणिक और आर्थिक मापदंडों के आधार पर ओबीसी जाति के अंतर्गत है जिसे 27 त्न आरक्षण अधिकार मिलना चाहिए जो कि आज के सैंवाधानिक नियमानुसार राज्य सरकार को स्वयं अपने राज्य को आरक्षण तय करने की पावर है झारखंड में कांग्रेस व जेएमएम की सरकार नहीं कर लोगों को एक प्रदेश में एक समान लोगों को वोट बैंक की राजनीति के तहत बांटते हुए हक और अधिकारों का हनन कर रही है। ओमप्रकाश सिंह ने कहा की आरक्षण की नीति समाज के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए उसकी सहायता हेतु ओबीसी कैटेगरी में शामिल लोगों का 27त्न आरक्षण उनका अधिकार है जो कि झारखंड सरकार ने अपनी ताकत का गलत इस्तेमाल करते हुए लोहरदगा जिला सहित अन्य 6 जिलों को इससे वंचित कर दिया है। श्री चंद प्रजापति ने कहा कि हम ओबीसी समाज के लोगों को वर्तमान झारखंड सरकार के द्वारा जानबूझकर की गई गलत नीतियों निर्धारण के खिलाफ एक होकर सड़क से लेकर सदन तक विरोध जताने की आवश्यकता है। 27 प्रतिशत आरक्षण हमारे भविष्य से जुड़ा हुआ है आज इन्हीं गलतियों की वजह से झारखंड में पलायन और बेरोजगारी हमारे समाज की बढ़ी है। मनीर उराँव आज केंद्र सरकार आयोग की भी गठन कर दी राज्य सरकार को आरक्षण नीति को लेकर उन्हें अपना निर्णय स्वयं करने के लिए स्वतंत्र कर दिया। वर्तमान झारखंड सरकार के गलत नीतियों के कारण हमारे जिले की एक बड़ी आबादी अपने अधिकारों से वंचित है। अजय पंकज ने कहा कि झारखंड में अब दोहरी नीतियां करने वाले लोगों की सामाजिक बहिष्कार करने की जरूरत है। धरना के उपरांत संजय चौधरी के नेतृत्व में राज्य के महामहिम राज्यपाल को उपायुक्त के द्वारा मांग पत्र के दिया गया। जिसमे उल्लेख है कि पूर्ववर्ती सरकार ने सर्वे करा कर आरक्षण का दायरा बढ़ाने के लिए कदम उठाया था जिसे सत्ता में आते ही वर्तमान हेमंत सोरेन सरकार ने बंद कर हमारे जिले की ओबीसी आरक्षण 27त्न को शून्य कर दिया। सरकार से समाज की मांग है अविलंब सुधार करते हुए 27त्न आरक्षण बहाल करें नहीं तो चरणबद्ध तरीकों से आंदोलन और उग्र होगी। कार्यक्रम में अध्यक्षीय भाषण व विषय प्रस्तुति संजय चौधरी ने किया कार्यक्रम में राजकिशोर महतो,राजकुमार वर्मा, पशुपति नाथ पारस,संजय बर्मन, सुदामा प्रसाद,सरजू साहू, टिंकू महतो, बजरंग ठाकुर सहित अन्य ने भी संबोधन किया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री दो राज्य वर्मा एवं धन्यवाद ज्ञापन रितेश साहू ने किया।

## समीरा एस ने आवास के लाभुकों पर हुए सर्टिफिकेट केस मामले को लेकर की समीक्षा बैठक



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उप विकास आयुक्त समीरा एस0 की अध्यक्षता में आज प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में लाभुकों पर हुए सर्टिफिकेट केस के मामलों की समीक्षा समाहरणालय सभागार में संपन्न हुई। बैठक में अंचलवार सर्टिफिकेट के मामलों की समीक्षा हुई और जून माह में मामलों की सुनवाई किये जाने संबंधित निदेश पदाधिकारियों को दिये गये। आज की बैठक में नीलाम पत्र पदाधिकारी बिरसाय उरांव, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी लोहरदगा, सेन्हा व भण्डरा, अंचल अधिकारी पेशरार व किस्को उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में स्कूटी चालक घायल स्थानीय के सहयोग से पुलिस ने अस्पताल में कराया भर्ती



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बक्सीडीपा चौक के समीप देर रात सड़क दुर्घटना में स्कूटी चालक हुआ घायल स्थानीय लोगों के सहयोग से पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया। सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा में सड़क दुर्घटना में स्कूटी चालक घायल हो गया। बताया जाता है। कि स्कूटी चालक द्वारा खड़ी ट्रक में टक्कर मार दिया जिसे वह घायल हो गया। घटना देर रात लगभग 10:30 बजे का बताया जा रहा है। इस घटना की सूचना सेन्हा थाना पुलिस को मिलते ही घटना स्थल बक्सीडीपा स0आ0नि0 जमशेद खान दलबल के साथ पहुंच ग्रामीणों का सहयोग लेते हुए घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल की पहचान सेन्हा निवासी सुनील महतो के रूप में किया गया। बताया जाता है। कि सुनील महतो लोहरदगा से अपने घर सेन्हा स्कूटी से लौट रहा था। इसी दरमियान अचानक मौसम खराब हो गया और तेज हवा के करण आंख में धूल पड़ने से सड़क के किनारे खड़ी ट्रक जे एच 01 ए एफ 7318 से जा टकराया जिससे सुनील महतो का माथा में गम्भीर चोट लगी है। फिलहाल घायल सुनील महतो का इलाज रांची में निजी राज अस्पताल में चल रहा है। घटना के पश्चात सेन्हा थाना पुलिस ट्रक तथा क्षतिग्रस्त स्कूटी को जप्त कर सुरक्षित सेन्हा थाना में रखते हुए अग्रतर कारवाई में जुट गई।

## छोटा नागपुरी कल्याण निकेतन संस्था ने बाल विवाह, तस्करी, यौन उत्पीड़न व बाल श्रम जैसी महत्त्वपूर्ण जानकारी दी गई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** जिले के बीरू पंचायत के भेडिकुदर गांव एवं ठेठईटांगर प्रखंड के कोरोमियाँ पंचायत भवन में छोटा नागपुरी कल्याण निकेतन संस्था द्वारा बाल विवाह, तस्करी, यौन उत्पीड़न एवं बाल श्रम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया ,साथ ही कहा गया कि आपके क्षेत्र में कंही ऐसा होता है तो इसकी जानकारी जल्द से जल्द हमलोगों को दें ताकि ऐसा गलत कार्य पूरे जिले में न हों। साथ ही कार्यक्रम में सभी लोगों को जागरूक किया गया एवं कहा गया कि इस प्रकार की कोई घटना आपको पता चलती है तो जल्द से जल्द अपने पंचायत के पंचायत समन्वयक को सूचना दें या चाइल्ड हेल्पलाइन - 1098 या बचपन बचाओ आंदोलन हेल्पलाइन 18001027222 में तुरंत कॉल करें। मौके पर कहा गया कि अगर कोई ऐसा गलत कार्य करता है तो उन



पर कठोर कानूनी कार्रवाई होना तय है साथ ही कार्यक्रम में बाल विवाह होने से नुकसान पर भी जानकारी दिया गया। कार्यक्रम में ठेठईटांगर प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार ने ग्रामीणों से कहा कि यह सभी कोई आपके लिए आये हैं इन्हें आपको सहयोग करना है साथ ही इनका साथ देना है अगर इस प्रकार की घटना कंही सुनाई देती है तो आपलोग प्रशासन के साथ साथ इन्हें भी जानकारी अवश्य दे सकतें हैं। उन्होंने कहा कि बाल विवाह अपराध है अगर कोई करता है या करवाता है तो उन पर भी कार्रवाई होगी। इस कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार, पंचायत सचिव कृष्णा सिंह, रोजगार सेवक सतीश कुमार साहा, त्रितया महतो के साथ साथ छोटा नागपुरी कल्याण निकेतन संस्था के प्रतिनिधि प्रियंका सिन्हा (।।क्र), जिला संयोजक निरजंन कुमार, जिला प्रखंड सह संयोजक मनोज कुमार विलेज मोबिलजर महादेव प्रसाद, भरत सिंह, अनुज गोप, शशि कुजुर, असीसन बिलुंग, विभा ज्योति कुमारी, सारदा देवी, आयुष्मान तिर्की, नीलम कुमारी, पूर्णवती कुमारी, बिमला एक्का, मन्नू कुमार, रागिनी राज, गगन महतो इन विषयों पर कार्य कर रहें हैं।

### सार्वजनिक विकास पर हमारा विशेष फोकस : नमन विक्सल कोनगाड़ी

## विधायक ने अपने मद से निर्मित स्कूल का उद्घाटन फीता काट कर किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** विधायक ने कहा झारखंड के इतिहास में मिशनरी विद्यालयो का शिक्षा के क्षेत्र में अद्भुत योगदान रहा है अभी भी अल्पसंख्यक विद्यालय सुदूरवर्ती इलाकों में भी शिक्षा का अलख जगाने का काम कर रहे हैं पिछ्ले झापा और गठबंधन की सरकार हमारे अल्पसंख्यक विद्यालयों को कमजोर करने के लिए शिक्षक शिक्षिकाओं की नियुक्ति तथा अनुमोदन रोक दिया गया था जिसे हमारी गठबंधन की सरकार आने के बाद शिक्षक शिक्षिकाओं की नियुक्ति तथा अनुमोदन कर दिया गया है अब गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बच्चों को मिलेगा साथ ही उन्होंने कहा हमारी सरकार सीबीऐससी आईसीएससी जैसे उच्च सिलेबस में पढाई करने के लिए व्यवस्था कर रही है साथ ही विदेशों



में पढ़ने के लिए मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा छात्रवृत्ति योजना दी जा रही है आपलोग अच्छी शिक्षा पर विशेष ध्यान दे और समाज राज्य और देश के सेवा और विकास पर भागीदारी सुनिश्चित करें । उद्घाटन समारोह में जिला अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सुलभ नेल्सन डुंगडुंग जलडेगा प्रखंड अध्यक्ष सुशील जड़ियां जिला उपाध्यक्ष श्यामलाल प्रसाद प्रखंड प्रतिनिधि विश्राम बागे पादरी बाटुऐल लुगून विद्यालय के स्टाफ शैहुन बागे ग्रेस बारला प्रवीण सूरीन किरण बागे निशी बागे नीलमनी बागे विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष पतरस जडिया उपाध्यक्ष सुगड लुगुन।

## नगेसिया समाज ने वार्षिक सम्मेलन कार्यक्रम को लेकर डीसी व एसपी को दिया निमंत्रण

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के पेशरार थाना क्षेत्र अंतर्गत झमटबार गांव में नगेसिया किसान समाज के द्वारा आयोजित आगामी वार्षिक सम्मेलन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिले के उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस कप्तान आर रामकुमार को शामिल होने हेतु लिखित रूप से आमंत्रण पत्र देते हुए कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया गया है। इस संदर्भ में आवेदन में कहा गया है कि नगेसिया किसान समाज द्वारा जिले के झमटबार गांव में आगामी 28 मई और 29 मई को दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें जिले के सभी क्षेत्रों में निवास कर रहे नगेसिया किसान समाज के हजारों लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम में नगेसिया किसान समाज को उनके अधिकार को लेकर जानकारी साझा किया जाएगा। इसे लेकर नगेसिया किसान समाज के अध्यक्ष व शनिचरवा किसान उपाध्यक्ष श्रीमती रवीना नगेसिया और सचिव पप्पू नगेसिया के सामूहिक नेतृत्व में डीसी और एसपी को आवेदन देकर शामिल होने के लिए निमंत्रण पत्र सौंपा है।

## पॉक्सो एक्ट का फरार आरोपी गिरफ्तार पुलिस ने भेजा जेल

**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पॉक्सो एक्ट का आरोपी को सेन्हा थाना पुलिस ने बक्सीडीपा से गिरफ्तार कर भेजा जेल। सेन्हा

## प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस का हुआ आयोजन लाभुकों की सुनी गई समस्याएं



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत गुरुवार सामूहिक रूप से प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस के मौके पर प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत के पंचायत भवन में अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रधानमंत्री आवास के लाभुकों की समस्या सुनी गई। और साथ ही उनका समाधान करने का प्रयास किया गया। वही लाभुकों को ससमय आवास पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। लाभुकों बालू, ईट, मजदूर की समस्या सहित अन्य समस्याओं से पदादिकारी व जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया। साथ ही समस्याओं का समाधान के लिये आग्रह किया गया। जिसे पदादिकारी और जनप्रतिनिधियों द्वारा समस्याओं का समाधान करने की बात कहते हुए लाभुकों को तय समय सीमा के अंदर आवास कार्य पूर्ण करने के लिये निर्देश देते हुए कहा गया कि लाभुक समयावधि में आवास पूर्ण नही करते हैं। तो कानूनी कार्रवाई की जायेगी। मौके पर मुखिया कमला देवी, नोडल पदादिकारी आवास संजीत कुमार,पंचायत सहित महिपाल उराँव, रोजगार सेवक देवेन्द्र कुमार देव, स्वयंसेवक विजेता मिश्रा, सूर्य भूषण मिश्रा के अलावे सभी लाभुक उपस्थित थे।

## जल, जमीन, जंगल, जानवर और जन मिलकर है पर्यावरण का अस्तित्व : गोपाल आर्य



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के अखिल भारतीय संयोजक गोपाल आर्य ने गुरुवार को मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा के महर्षि चरक औषधीय वाटिका में पौधारोपण किया। उनके साथ प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल,संघ शिक्षा प्रथम वर्ष के वर्ग कार्यवाह डॉ नरेंद्र कुमार राय संघ के उत्तर पूर्व क्षेत्र व्यवस्था प्रमुख प्रेम अग्रवाल, दक्षिण बिहार के सह संघचालक राजकुमार सिन्हा,संघ के दक्षिण बिहार प्रांत पर्यावरण प्रमुख रामविलास शांडिल्य,विद्या भारती उत्तर पूर्व क्षेत्र के पर्यावरण प्रमुख और महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी, गतिविधि के जिला संयोजक विनय केसरी, पर्यावरण टोली सदस्य सुदामा सिंह एवं अरविंद कुमार भी उपस्थित थेद्य सभी ने वटवृक्ष एवं ब्रह्मकमल सहित औषधीय और धार्मिक महत्व के पौधे लगाएद्य मौके पर राष्ट्रीय पर्यावरण संयोजक गोपाल आर्य ने कहा कि जल, जमीन, जंगल, जानवर और जन ही पर्यावरण अस्तित्व है। पर्यावरण का संरक्षण हमारा प्राथमिक दायित्व है। पर्यावरण संरक्षण गतिविधि द्वारा एक पेड़ राष्ट्र के नाम अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत घर-घर में सुलभ बीजों के उपयोग से पौधे तैयार करने हैं और उनका संरक्षण करते हुए उनका रोपण करना है। उन्होंने यहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के स्वयंसेवकों के साथ भी बैठक की।

## बालकृष्णा सिंह ने गंगा दशहरा कार्यक्रम की सफलता को लेकर ग्रामीणों के साथ की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** दामोदर वचाव आंदोलन लोहरदगा के द्वारा देवनद दामोदर महोत्सव गंगा दशहरा कार्यक्रम 30 मई 2023 की तैयारी के निमित जिला संजोजक बालकृष्णा सिंह के द्वारा चूल्हापानी के स्थानीय लोगों के साथ बैठक की गई। कार्यक्रम 29 मई रात्रि में स्थानीय लोगों के द्वारा कीर्तन का आयोजन किया जाएगा साथ ही 30 मई मंगलवार गंगा दशहरा के अवसर पर प्रातः से लोग चूल्हापानी और लोहड़ी बाबा का दर्शन के पश्चात हवन एवं आरती का आयोजन किया जाएगा उसके बाद पर्यावरण पर संगोष्ठी एवं आगंतुक दर्शनार्थियों एवं पर्यावरण प्रेमियों के लिए भंडारा का आयोजन किया गया है साथ ही स्थानीय कमेटी के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेला का आयोजन की गई है जिसमें स्थानीय खोड़हा टीम भाग लेगी। इस कार्यक्रम में दामोदर वचाव आंदोलन के केंद्रीय अध्यक्ष श्री सरयू राय, युगान्तर भारती के पदाधिकारि, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी गन भाग लेंगे। आज की बैठक में बालकृष्णा सिंह, जयनारायण प्रजापति, रघु गंझू, राजू गंझू, मनोज गंझू, सुरजा गंझू, रामलाल गंझू, बिनोद गंझू, जगलाल गंझू एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

### विधायक ने बिजली बिल भुगतान कैम्प का कराया निरीक्षण

**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बोलबा प्रखंड में बिजली विभाग के तरफ से कैम्प लगाया गया था । कैम्प का निरक्षण के लिए विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने अपने जिला विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद समी आलम को भेजा। निरक्षण के कर्म में देखा गया कि कैम्प लगाया गया था परंतु कैम्प में सिर्फ बिजली का बिल जमा लिया जा रहा है।

## दुमकी गांव में बिजली सड़क की समस्या को लेकर संदेश एक्का ने ग्रामीणों से की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**ठेठईटांगर : प्रखंड** के दुमकी गांव में गुरुवार को झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का ने बिजली सड़क सहित अन्य समस्याओं को लेकर ग्रामीणों के साथ बैठक की इस मौके पर जिला अध्यक्ष मतीयस बागे मोरिस डुंगडुंग,समीर केरकेट्टा, तारसीयूस केरकेट्टा, रसाल संध्या एवं अन्य उपस्थित थे। मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में आज भी आजादी के बाद से लेकर अब तक मूलभूत सुविधाओं की घोर कमी है लेकिन इस पर ध्यान देने वाला कोई नहीं है ।आज इस गांव के लोग सड़क की समस्या से जूझ रहे हैं गांव में बिजली की समस्या पानी की समस्या है लेकिन अब तक सुध लेने वाला कोई नहीं। मेरे पिता पूर्व मंत्री जब इस क्षेत्र में विधायक थे तभी क्षेत्र में जो कार्य किए हैं उसके बाद से लेकर अब तक कोई नया कार्य नहीं हुआ है।

**District Collectorate District Supply Office**
**Gumla, Jharkhand**

**RE-TENDER FOR THE INVITATION OF TENDERS FOR PROVIDING BLOCK-WISE DOOR-STEP DELIVERY (TRANSPORTATION & HANDLING) SERVICES TO THE FAIR PRICE SHOPS (FPS) LOCATED IN URBAN AREAS AND BLOCKS OF GUMLA DISTRICT OF JHARKHAND FOR PERIOD OF ONE YEAR THROUGH E-TENDER FOLLOWED BY REVERSE E-AUCTION PLATFORM**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Tender published on website | |
| 2. | Name of the Client | District Collectorate, District Supply Office Gumla, Jharkhand |
| 3. | Address of the concerned person for correspondence | Abhishek Tiwari: 9219516455/ 9795046722 SurajMurmu: 7488569109 Email: jhsupport@c1india.com |
| 4. | Bidding Document Cost | RS. 2,500/-(Rupees Two thousand five hundred Only) (Non-Refundable & non-Adjustable) as a Demand Draft in favour of "District Supply OfficerGumla Jharkhand". |
| 5. | EMD | As per the details mentioned in the RFP |
| 6. | Financial security money. | All bidders have to submit Bank Guarantee of Rs 5 lakh per block in favor of DSO Gumla,Jharkhand. The Format of Bank Guarantee has been attached as Annexure-11 |
| 7. | Bid Submission Start | 26.05.2023 |
| 8. | Bid Submission End | 11.06.2023 |
| 9. | Technical E-Bid Opening Date & Time | 12.06.2023 |
| 10. | Pre-Bid Meeting | ------------------ |
| 11. | Date of Auction | Will be intimated later |
| 12. | Publishing Websites | https://gumla.nic.in&https://jhtenders.eproc.in |
| 13. | Registration Fee for C1 India | Rs. 5000/- (Mandatory for all Bidders) |

1. All eligible individuals or partnership firm, Registered Company or Co-operative society or any legal organization should mandatorily register with C1 India Pvt. Ltd. for participation in reverse e-auction.
2. Any changes/modification in the tender documents in the tender documents will be posted on the website- https://gumla.nic.in/ and https://jhtenders.eproc.in

PR 298340 Food Public Distribution and Consumer Affairs(23-24)D
District Supply Officer Gumla

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा**

ई–निविदा आमंत्रण सूचना।
ई–निविदा सूचना संख्या :– RDD/SD/CHATRA/04/2023-24/RE-1

डी0एम0एफ0टी0 मद अंतर्गत निम्न विवरण के अनुसार e-Procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप सं० | प्रखण्ड | पंचायत | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 13 | पत्थलगड़ा | बरवाडीह | ग्राम–कुब्बा से मेन रोड से कौलेश्वरी मंदिर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 2187000.00 | 43800.00 | 5000.00 | 03 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि – **01.06.2023**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – **07.06.2023** के अपराह्न 05:00 बजे तक
4. ग्रामीण विकास विशेश प्रमंडल, चतरा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र की मूल प्रति को जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय **08.06.2023** के अपराह्न 05:00 बजे तक
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – **09.06.2023** के अपराह्न 02:00 बजे
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709184201 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. ई–निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम से निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा के पदनाम से भुगतेय होगा, जो लौटाया नहीं जायेगा।
9. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार परिमाण विपत्र की राशि का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
10. विशेष परिस्थिति में बिना कारण बताए निविदा रद्द करने अथवा स्थगित करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,चतरा

PR 298327 (Rural Development)23-24*D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गुमला**
**E-Mail – nrepgumla@gmail.com**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 3/2023-24

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विज्ञापन दाता का नाम | :– | राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, (NREP) गुमला। |
| 2. | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | :– | दिनांक 02.06.2023 10.00 बजे पूर्वाहन से 01.00 बजे अपराहन तक। |
| 3. | निविदा प्राप्त करने की तिथि | | दिनांक 03.06.2023 को 3.00 बजे अपराहन तक। |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | :– | दिनांक 03.06.2023 को 4.00 बजे अपराहन में। |
| 5. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | :– | कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला। |
| 6. | निविदा प्राप्त करने का स्थान | :– | जिला नियंत्रण कक्ष, गुमला। |
| 7. | निविदा खोलने का स्थान | :– | कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला। |
| 8. | कार्यो का विस्तृत विवरण | :– | |

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Chainpur | राजाडेरा में पूर्व से निर्मित डाक बंगला का जीर्णोद्धार | 895191.00 | 18000.00 | 1250.00 | 3 माह |
| 2 | Chainpur | राजाडेरा में स्थित डाक बंगला का चहारदीवारी निर्माण। | 1540299.00 | 31000.00 | 5000.00 | 3 माह |

निविदा की शर्तें:–
1. परिमाण विपत्र का शुल्क परिमाण NIT में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला के नाम पर भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा, जो लौटाया नहीं जायेगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के खाता से ही बना हुआ मान्य होगा एवं बैंक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह का होना अनिवार्य है।
2. S.O.R से 10% कम दर पर अंकित करने तक अतिरिक्त जमानत राशि (Additional Performance Security money) की आवश्यकता नही है लेकिन यदि 10% से ज्यादा कम दर अंकित करते है तो नियमानुसार (Additional Performance Security) Tender Paper के साथ ही देना अनिवार्य है।
3. समय पर एकरारनामा नहीं करने वाले/दिये गये Work Programme अनुसार कार्य नहीं करने वाले संवेदक को निविदा कागजात निर्गत नहीं किया जायेगा।
4. एक NIT में किसी भी संवेदक को एक हीं ग्रुप का परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा।
5. निविदा की विस्तृत शर्तें कार्यालय की सूचना पटट पर अनिवार्य रूप से देख लें।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,गुमला

PR298338 (NREP)23-24*D

चलते चलते एक नजर

## मिलावटी दूध की जांच के लिए एफएसएसएआई चलाएगा देशव्यापी अभियान

**नई दिल्ली।** भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) दुग्ध और उससे जुड़े उत्पादों की गुणवत्ता एवं सुरक्षा मानकों की जांच के लिए देशव्यापी अभियान चलाएगा।खाने-पीने से जुड़े उत्पादों पर नजर रखने वाली शीर्ष नियामक संस्था का कहना है कि इसका मकसद दुग्ध उत्पादों में मिलावट की जांच करना है और उन क्षेत्रों की पहचान करना है, जहां ऐसा होता है। एक विज्ञप्ति में एफएसएसएआई ने कहा है कि देश के सभी जिलों से इसके लिए सेंपल एकत्र किए जायेंगे। इनकी आगे जांच की जाएगी। जांच के नतीजों के आधार पर मिलावट को रोकने के उपाय किए जाएंगे। दुग्ध भारतीय खाद्य संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। हर आयु वर्ग के लोगों के दैनिक आहार में दुध और उससे जुड़े उत्पादों का बड़ा योगदान होता है। यह उन्हें पोषक पदार्थ और आवश्यक तत्व मुहैया कराता है। एफएसएसएआई का कहना है कि इन्ही बातों को ध्यान में रखते हुए 2011 से लगातार समय-समय पर इस तरह के व्यापक सर्वे किए जाते हैं।

## रांची : अपहृत नाबालिग सकुशल बरामद, आरोपित फरार

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जगन्नाथपुर थाना पुलिस ने एक अपहृत किशोरी को बरामद कर लिया है। नाबालिग से दुष्कर्म होने आशंका भी जताई जा रही है। पुलिस अपहरणकर्ता की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापे मारी कर रही है। इस संबंध में जगन्नाथपुर थाने की पुलिस ने सीडब्ल्यूसी रांची को भी सूचना दे दी है। पुलिस में आसिफ नामक युवक के खिलाफ अपहरण की प्राथमिकी नाबालिग के पिता ने 22 मई को दर्ज कराई थी। प्राथमिकी में बताया गया था कि नाबालिग पुत्री 21 मई से लापता है। वह अपनी बड़ी बहन के साथ कबाड़ चुनती थी। 21 मई को भी वह कबाड़ चुन आई थी। इसी दौरान आसिफ नाम का एक युवक बाइक से आया और उसे साथ घर पहुंचाने की बात कर अपने साथ ले गया। नाबालिग घर नहीं लौटी तब उसकी बड़ी बेटी ने आसिफ से पूछताछ की। आसिफ ने पहले तो नाबालिग की बड़ी बहन के साथ बदसलूकी की। आसिफ ने कहा कि छोटी बहन को जैसे गायब किया है, उसी तरह उसे भी गायब कर देगा। बाद में पुलिस ने नाबालिग किशोरी को बरामद कर लिया। थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि मेडिकल बोर्ड गठन कर नाबालिग का मेडिकल कराया गया है। रिपोर्ट आने के बाद अगली कार्रवाई की जाएगी। गुरुवार को कोर्ट में उसका बयान दर्ज कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि पुलिस आसिफ की गिरफ्तारी के लिए उसके घर और अन्य संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

# मानवदेवी डेडिकेटेड इंटर कॉलेज का साइंस में रहा शानदार रिजल्ट

*** आईआईटी-जेईई मेंस में 99.67 पर्सेंटाइल लाने वाला छात्र चेतन राज 12वीं बोर्ड में 440 अंक लाकर बना कॉलेज टॉपर**

* 12वीं बोर्ड में बेहतर प्रदर्शन के साथ कई छात्र आईआईटी मेन परीक्षा में भी हुए सफल


* इंटर साइंस के टॉपर छात्र-छात्राओं को मेडल व सर्टिफिकेट देकर किया गया सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** अपने स्थापना काल से इंटर साइंस में टॉपर पैदा करने वाला पलामू का एकमात्र मानवदेवी डेडिकेटेड इंटर कॉलेज 2023 में भी शानदार प्रदर्शन किया। इंटर साइंस में इस वर्ष भी इस कॉलेज के छात्र छात्राओं का जलवा बरकरार रहा। गुरुवार को कॉलेज परिसर में 12वीं बोर्ड की परीक्षा में टॉपरो को मेडल व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। आईआईटी-जेईई में पलामू टॉपर 97.67 पर्सेंटाइल लाने वाला छात्र चेतन राज बारहवीं बोर्ड में 440 अंक लाकर कॉलेज टॉपर बना। दूसरे स्थान पर आलोक कुमार 432, पवन पटेल 429, सागर सिंह 419, ऋषिका दुबे 418, धीरज कुमार गुप्ता 414, दयानंद कुमार 414, दीपक कुमार वर्मा 407, सोनू कुमार भारती 406, अभय कुमार, उमंग कुमार 404, कुंदन कुमार मेहता 403, कुणाल यादव 403, विकास कुमार 402, बाला 400 सहित सभी छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन किया। पांचों विषयो में डिस्टिंक्शन लाने वाले छात्रों में धीरज कुमार गुप्ता, दयानंद कुमार, दीपक कुमार वर्मा, अभय कुमार, सोनू कुमार भारती, विकास कुमार आदि शामिल रहे। अंग्रेजी विषय में 97 अंक लाकर चेतन राज टॉपर रहा। कुंदन कुमार मेहता 91 और पवन पटेल 92 ने अंग्रेजी में शानदार अंक हासिल किया। मिशन टॉपर के तहत डेडीकेटेड में अभी 5 से 6 घंटे क्लास चल रही है। जिसमें आईआईटीजेईई नीट और एनडीए की तैयारी जोर-शोर से हो रही है। इस मौके पर कॉलेज के सचिव इंजीनियर विनय कुमार मेहता ने विद्याथ्यो को बधाई दी। साथ में आगे सफल होने की कामना किया। कॉलेज के प्राचार्य ने कॉलेज के परिणाम पर संतोष जाहिर किया एवम आईआईटी, मेडिकल की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को तैयारी करने का निर्णय किया। कॉलेज के सभी विद्यार्थी मेडल एवम सेरिफिकेट पा कर उत्साहित थे। मौके पर कॉलेज प्रबंधन के सारे स्टाफ लोग विद्यार्थियों को बधाई दिया।

## ई. विनय व डॉ. श्वेता का है सपना, इंटर साइंस का हर टॉपर हो अपना



मानवदेवी डेडिकेटेड इंटर कॉलेज के सचिव व आईआईटी गुरु ई. विनय कुमार मेहता व प्रिंसिपल डॉ. स्वेता कुमारी का मेहनत और छात्रों के पढ़ाई के प्रति पूर्ण समर्पण का ही फल है कि इस कॉलेज के बच्चे हर साल इंटर साइंस में टॉप करते हैं। इंटर साइंस में टॉप करना तो एक साधारण सी बात है। इस कॉलेज के इंटर साइंस के अधिकांश बच्चों का सलेक्शन इंजीनियरिंग, मेडिकल, एनडीए, एसएससी सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में हर वर्ष होता है। इस कॉलेज के अधिकांश छात्र देश-विदेश में डॉक्टर, इंजीनियर और अधिकारी की नौकरी आज कर रहे हैं। यही कारण है कि पलामू में डेडीकेटेड को कोटा कहा जाता है। विनय मेहता और श्वेता कुमारी का सिर्फ और सिर्फ एक ही सपना है और वह है क्वालिटी एजुकेशन। ये दोनों शिक्षाविद क्वालिटी एजुकेशन से समझौता कर नहीं सकते। यही कारण है कि मानव देवी डेडीकेटेड इंटर कॉलेज के बच्चे टॉप करते हैं। विनय मेहता आईआईटियन होते हुए भी गणित और भौतिकी इंटर साइंस और आईआईटी की तैयारी कर रहे छात्रों को 10-12 घंटा प्रतिदिन खुद पढ़ाते हैं। इसी तरह कॉलेज की प्राचार्य डॉ. स्वेता कुमारी डॉक्टरेट की हुई हैं। वे खुद बायोलॉजी पढ़ाती हैं। यही करण है कि यहां के बच्चे इंजीनियर और डॉक्टर बनते हैं। पलामू में शिक्षा की रोशनी बिखेरने में और पलामू को एजुकेशन हब बनाने में ई. विनय कुमार मेहता और डॉ. श्वेता कुमारी का बहुत बड़ा योगदान है। ई. विनय व डॉ. श्वेता का है सपना, इंटर साइंस का हर टॉपर हो अपना। इसी सपने को पूरा करने में ये दोनों युगल जोड़ी दिन रात पसीना भी बहा रहे हैं। इसका सार्थक परिणाम भी देखने को मिल रहा है। ई. विनय मेहता का मिशन टॉपर अभियान : ई विनय मेहता मिशन टॉपर अभियान के तहत अभी 11वीं व 12वीं के बच्चों को नीट और आईआईटी का जोरदार तैयारी करा रहे हैं। इस तैयारी के तहत वे छात्रों को 3 बजे से 9 बजे रात्रि तक यानी 6 घंटा लगातार खुद पढ़ा रहे हैं।

## उत्कृष्ट विद्यालय में नामांकन हेतु राज्य भर के 41 हजार से अधिक बच्चों ने किया आवेदन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्य सरकार द्वारा शुरू किए गए सीबीएसई संबद्धता प्राप्त 80 उत्कृष्ट विद्यालयों नामांकन के लिए 41330 आवेदन जमा किए जा चुके हैं, जो कुल सीट 11986 की तुलना में 345 प्रतिशत अधिक हैं। मालूम हो कि 25 मई तक आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि निर्धारित थी। उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन हेतु देवघर से सबसे अधिक 4241 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसके बाद पलामू से 3524, रांची से 2766, लोहरदगा से 2637, चतरा से 2391 पूर्वी सिंहभूम से 1996, सरायकेला खरसावां से 1929, एवं हजारीबाग से 1859 आवेदन प्राप्त हुए हैं। अभिभावकों की मांग को देखते हुए उत्कृष्ट विद्यालयों में आवेदन जमा करने की समय सीमा 25 मई 2023 तक बढ़ाई गई थी। अब चयन परीक्षा का आयोजन 30 मई, प्रथम मेधा सूची का प्रकाशन 7 जून एवं 12 जून से मेधा सूची के अनुसार नामांकन प्रारंभ होगा।

## शरद पवार से मिले अरविंद केजरीवाल

एजेंसी

**मुंबई :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) अध्यक्ष शरद पवार से गुरुवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मुंबई में मुलाकात की। इन नेताओं के बीच प्रशासकीय अधिकारी बदली अध्यादेश सहित देश की वर्तमान राजनीतिक हालत पर भी चर्चा हुई। इसके बाद तीनों नेताओं ने संयुक्त पत्रकार वार्ता को संबोधित किया।

**डीडीसी व जिला पार्षद अमित ने संयुक्त रूप से किया पौधरोपण**

# पर्यावरणविद कौशल का कार्य प्रशंसनीय : डीडीसी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर:** जिले के छतरपुर अनुमंडल के आदर्श ग्राम पंचायत डाली बाजार में चल रहे कार्यों की समीक्षा जिले के उप विकास आयुक्त रवि कुमार ने छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार के साथ किया। डीडीसी से वहां के ग्रामीणों ने डाली पंचायत को आदर्श पंचायत के रूप में विकसित करने की मांग की। समीक्षा के दौरान उप विकास आयुक्त रवि कुमार एवं छतरपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार को छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। सभी ने संयुक्त रूप से डाली बाजार के कौशल नगर में स्थित मोहनलाल खुर्जा पार्वती देवी पार्क एवं जैविक उद्यान में आम का पौधा लगाया। पौधरोपण में शामिल लोगों को पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने उज्जैन से ऑनलाइन पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्र की शपथ दिलाई। बताते चलें कि पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल अभी उज्जैन के प्रवास पर हैं। उप विकास आयुक्त रवि कुमार ने पर्यावरणविद कौशल किशोर के द्वारा विकसित पार्क का अवलोकन किया। उन्होंने पार्क में देश विदेश के कई विलुप्त प्रजाति के पौधों को और पाक परिसर में बन रहे दुनिया का पहला पर्यावरण धर्म ज्ञान मंदिर का अवलोकन कर इसकी सराहना की।

पंचायत कार्यालय में हुए समीक्षा बैठक में वहां के ग्रामीणों ने आदर्श पंचायत डाली में हाई स्कूल का बिल्डिंग , स्टेडियम, लाइब्रेरी,पंचायत सचिवालय का चारदीवारी, केंद्र सरकार के द्वारा जल जीवन मिशन में हो रहे विलंब को तत्काल घर-घर नल पानी पहुंचाने में तेजी लाने समेत सड़क एवं पुलिया निर्माण का मांग रखा। इस अवसर पर मनरेगा पदाधिकारी एवं डीआरडीए मोदीनगर और प्रखंड छतरपुर के सभी कर्मचारी समेत पंचायत समिति शहाबुद्दीन अंसारी,देवंती देवी , फुलवा देवी, बाबूराम, मुस्ताक अंसारी, शिवनाथ राम, कैलाश यादव, महावीर भुइयां समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## स्वाति प्रसाद का नया गाना एक जून को होगा रिलीज

**रांची :** रांची की रहने वाली उभरती प्लेबैक सिंगर स्वाति प्रसाद का नया गाना रांची के छोरे एक जून को रिलीज हो रहा है। गाना उनके यूट्यूब चैनल स्वाति प्रसाद ऑफिशियल पर जारी होगा। सोशल मीडिया पर गाने को लेकर पोस्टर सामने आया है। गाने में रांची के अलग-अलग जगह, भोजन, संस्कृति, परंपरा, झारखंड संगीत वाद्ययंत्र का प्रयोग किया गया है। ÷रांची के छोरे ÷ गाने के माध्यम से रांची की सुंदरता, शहर के रमणीक स्थल, खान पान, रहन सहन और यहां के लोगों की ऊर्जा को दर्शाने का काम कर रही है। गाने में लोगों को फिरायालाल, चर्च कॉम्प्लेक्स, टैगोर हिल, जगन्नाथ मंदिर समेत शहर के विभिन्न रांची के चौक चौराहों की जिंदगी लोगों को देखने को मिलेगा। इसके अलावा ढाबे के तड़का दाल से लेकर मांदर की थाप और स्थानीय वाद्य यंत्रों की सुर ताल सब कुछ एक रंग बिरंगे ताजे गुलदस्ते की तरह देखने को भी मिलेगा।

# उपराज्यपाल ने श्रीनगर-लेह राजमार्ग पर अनोखे पुल का किया उद्घाटन

एजेंसी

**श्रीनगर।** श्रीनगर-लेह राजमार्ग पर यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए एक राहत की खबर है। इस मार्ग पर स्टील आर्क ट्रस पुल को आधिकारिक तौर पर यातायात के लिए खोल दिया गया है। गुरुवार को इसका उद्घाटन उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने किया। यह पुल मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले के वायिल क्षेत्र में अपनी तरह का पहला पुल होगा। गुरुवार को गांदरबल जिले में श्रीनगर-लेह राजमार्ग के साथ नाला सिंध पर बनने वाले अपनी तरह के महत्वपूर्ण और अनोखे पुल का उद्घाटन उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने किया। इसे वेइल पुल के रूप में भी जाना जाता है। इस अवसर पर मुख्य सचिव डॉ. अरुण कुमार मेहता, डीडीसी अध्यक्ष गंदरबल नुजहत इशफाक, प्रमुख सचिव आर एंड बी शैलेंद्र कुमार के अलावा वरिष्ठ नागरिक और पुलिस प्रशासन के अधिकारी उपस्थित थे। अधिकारियों ने कहा कि जम्मू तवी बाढ़ पुनर्निर्माण परियोजना (जेटीएफआरपी) के तहत 23.79 करोड़ रुपये की लागत से इस दो लेन के पुल को मंजूरी दी गई थी। इस पुल को आरएंडबी ने बनवाया हैं। यह पुल कश्मीर में अपनी तरह का पहला पुल होगा।एक अधिकारी ने बताया कि पुल एक आर्च-टाइप स्टील गर्डर है, जिसकी नींव 110 मीटर तक फैली हुई है और 10.50 मीटर की चौड़ाई है, जबकि पहुंच सड़कों की लंबाई 330 मीटर है। पुल के निर्माण में शुरू



में अड़चन आई थी लेकिन पिछले बाद के दो वर्षों में निर्माण एजेंसी और ठेकेदारों ने काम की गति तेज कर दी गई थी। ट्रस और आर्च ब्रिज तत्वों और गर्डरों के एक अद्वितीय संयोजन का उपयोग करके बनाया गया पुल गांदरबल के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण लिंक बनने के लिए तैयार है, जो पुराने सिंगल-लेन पुल की जगह लेता है और जिससे अक्सर ट्रैफिक जाम और देरी होती थी। यह पुल कश्मीर और लद्दाख को जोड़ने के महत्व को देखते हुए महत्वपूर्ण है।

**निजी अस्पतालों की मनमानी पर रोक लगाने को लेकर स्वास्थ्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन**

# बंद हो मरीजों का आर्थिक शोषण : निपु सिंह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड को भ्रष्टाचार मुक्त राज्य बनाने के उद्देश्य से गठित संगठन झारखंड अगेंस्ट करप्शन के केंद्रीय संगठन मंत्री एवं समाजसेवी निपु सिंह ने गुरुवार को स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के आवास पर मुलाकात की। उन्होंने निजी अस्पताल संचालकों द्वारा मरीजों के आर्थिक शोषण पर रोक लगाने का अनुरोध किया। मौके पर श्री सिंह ने एक ज्ञापन भी स्वास्थ्य मंत्री को सौंपा। श्री सिंह ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से कहा कि सरकारी अस्पतालों में आधारभूत संरचनाओं की कमी, डॉक्टर एवं उचित चिकित्सा व्यवस्था नहीं रहने की वजह से निजी अस्पताल फल-फूल रहे हैं। उन्होंने कहा कि मरीज विवश होकर बेहतर चिकित्सा के लिए निजी अस्पतालों में जाते हैं। लेकिन मरीजों की आर्थिक स्थिति से बेपरवाह और सरकार से बेखौफ निजी अस्पताल प्रबंधन इलाज के एवज में भारी-भरकम राशि वसूलते हैं।

इसका ताजा उदाहरण टाटीसिल्वे स्थित स्वर्णरेखा अस्पताल का है, जिसमें मरीज से दस हजार रुपए ऑक्सीजन चार्ज के नाम पर अधिक ली गई थी। जब मरीज के परिजनों ने आईएमए से गुहार लगाई, तो आईएमए के पदाधिकारियों के हस्तक्षेप पर अस्पताल प्रबंधन द्वारा अधिक लिए गए दस हजार रुपये लौटाए गए। श्री सिंह ने स्वास्थ्य मंत्री से कहा कि सभी निजी अस्पतालों का इलाज के सभी तरह के शुल्क को एक समान किया जाए और जनता के सामने सार्वजनिक रूप से इलाज का शुल्क अस्पतालों के शिलापट्ट पर लगाया जाए। ताकि गरीब जनता निजी अस्पतालों के लूट का शिकार न हो। साथ ही उन्होंने सरकारी अस्पतालों में भी चिकित्सा सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में आवश्यक कदम उठाने का अनुरोध किया।

उन्होंने बताया कि इस विषय पर स्वास्थ्य मंत्री ने संज्ञान लेते हुए यथोचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

## जगरनाथ महतो की जगह उनके पुत्र या पत्नी को बनाया जाए मंत्री : मथुरा महतो

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के (झामुमो) विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि जगरनाथ महतो के निधन के बाद उनके पुत्र या उनकी पत्नी को मंत्री बनाया जाए। उनके परिवार से ही कोई विधायक बने और फिर मंत्री बने। विधायक गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उनका पूरा समर्थन जगरनाथ महतो के परिवार के साथ है। महतो ने एक सवाल के जवाब में कहा कि जगरनाथ महतो के स्थान पर मुझे मंत्री नहीं बनना है। जगरनाथ महतो के निधन के बाद रिक्त हुए मंत्री पद पाने की लाबिंग करने की बात को उन्होंने खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि मैं उनकी जगह नहीं ले सकता हूं। इस तरह की अफवाहों में कोई दम नहीं है।



# तमिलनाडु के 20 धर्माध्यक्ष नए संसद भवन के उद्घाटन में होंगे शामिल : सीतारमण

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि 28 मई को नए संसद भवन के उद्घाटन के लिए तमिलनाडु के 20 आदिनम (धर्माध्यक्ष) को आमंत्रित किया गया है, जो यहां सेंगोल को स्थापित करने में अपनी भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों से सत्ता हस्तांतरण के प्रतीक के तौर पर प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को 'सेंगोल' दिया गया था। सीतारमण ने गुरुवार को यहां तमिलनाडु, तेलंगाना और नागालैंड के राज्यपालों के साथ एक प्रेसवार्ता में उक्त बातें कहीं। वित्त मंत्री ने कहा कि देश के पहले प्रधानमंत्री को 'सेंगोल' सौंपे जाने की घटना तमिलनाडु के लिए बेहद खास है। उद्घाटन समारोह के लिए तिरुवदुथुरई, पेरूर और मदुरै सहित तमिलनाडु के 20 आदिनाम को कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया है। इसी संदर्भ में वित्त मंत्री ने कहा कि आदिनम की सलाह पर




1947 में अंग्रेजों से भारत के लोगों के लिए सत्ता स्थानांतरण किया गया था। राजदंड सेंगोल को लोकसभा अध्यक्ष की कुर्सी के पास बहुत श्रद्धा के साथ स्थापित किया जाएगा। यह 'बिना किसी पक्षपात के न्यायपूर्ण शासन' का प्रतीक होगा। दरअसल तमिल में आदिनम शब्द एक शैव मठ और ऐसे मठ के प्रमुख दोनों को संदर्भित करता है। उन्होंने विपक्षी दलों की ओर से नए संसद के उद्घाटन समारोह का बहिष्कार करने पर कहा कि यह लोकतंत्र का मंदिर है, यहां तक कि प्रधानमंत्री भी इसके कदमों पर झुककर संसद में प्रवेश करते हैं। मैं विपक्ष से विनम्रतापूर्वक अनुरोध करती हूं कि कृपया पुनर्विचार करें और समारोह में हिस्सा लें। इस अवसर पर तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि, उनके तेलंगाना व नागालैंड के समकक्ष क्रमशः तमिलसाई सुंदरराजन और ला गणेशन, केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन और तमिलनाडु के मंत्री पीके सकेर बाबू भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि आजादी के बाद सत्ता हस्तानांतरण की प्रक्रिया के सिलसिले में नेहरू ने 'राजाजी' के नाम से लोकप्रिय पहले भारतीय गवर्नर जनरल सी आर राजगोपालाचारी से चर्चा की थी। इसके बाद राजाजी ने इस संबंध में शैव संत तिरुवदुथुरई आदिनम से चर्चा की, जिसके बाद उनकी सलाह पर सत्ता हस्तानांतरण के लिए 'सेंगोल' तय किया गया।